CMYK

ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 27°C
न्यूनतम : 22°C

नई दिल्ली, गुरुवार 7 अगस्त 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 126 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com श्रावण शुक्ल पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 12 सफर 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सरकार बाढ़ पीड़ितों की मदद नहीं कर रही है: अखिलेश यादव पेज 2



करियर की बेस्ट रैंकिंग पर पहुंचे सिराज और कृष्णा खेल टाइम्स



हमें सिर्फ कश्मीर चाहिए, कश्मीरी नहीं सम्पादकीय



नेतन्याहू ने गाजा पर कब्जे का बनाया प्लान आर्मी चीफ ने जताया विरोध पेज 12

# RBI ने रेपो रेट में नहीं किया बदलाव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इस बार रेपो रेट में बदलाव नहीं किया है। इसे 5.5 प्रतिशत पर जस का तस रखा है। यानी लोन महंगे नहीं होंगे और आपकी ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी।

आरबीआई ने जून में ब्याज दर 0.50 फीसदी घटाकर 5.5 फीसदी की थीं। यह फैसला मानेटरी पॉलिसी कमेटी की 4 से 6 अगस्त तक चली मीटिंग में लिया गया। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि कमेटी के



■ 5.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा, लोन महंगे नहीं होंगे, ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी

सभी मेंबर्स ब्याज दरों में स्थिर रखने के पक्ष में थे। टैरिफ अनिश्चितता के कारण ये फैसला लिया गया है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यानी आरबीआई जिस रेट पर बैंकों को लोन देता है, उसे रेपो रेट कहते हैं। इसमें बदलाव नहीं होने का मतलब है कि ब्याज दरें न तो बढ़ेंगी न घटेंगी। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि मानसून सीजन अच्छा चल रहा है। साथ ही, त्योहारों का सीजन भी नजदीक आ रहा है, जो आमतौर पर आर्थिक गतिविधियों में उत्साह और तेजी लाता है। ये अनुकूल माहौल, सरकार और रिजर्व बैंक की सहायक नीतियों के साथ, भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए निकट भविष्य में अच्छा संकेत देता है। भले –शेष पृष्ठ दो पर

# धराली त्रासदी: 5 की मौत, 9 जवान सहित 100 लापता

## दो शव बरामद, 400 का रेस्क्यू, केरल के 28 टूरिस्ट का अभी तक सुराग नहीं, सर्च ऑपरेशन जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून/ उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में बादल फटने से प्रभावित इलाकों धराली, हर्षिल और सुखी टॉप में सर्च ऑपरेशन जारी है। त्रासदी में अब तक 5 लोगों की मौत हो चुकी है। 100 से ज्यादा लोग लापता हैं। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ ,आईटीबीपी और आर्मी बचाव कार्य में जुटी हैं। आईटीबीपी के प्रवक्ता कमलेश कमल ने बताया कि 400 से ज्यादा लोगों का रेस्क्यू किया गया है। 100 से ज्यादा



■ पीएम ने दिल्ली में उत्तराखंड के सांसदों से मुलाकात की
■ वायुसेना के विमान राहत सामग्री लेकर पहुंचे

अभी भी फंसे हैं। शाम तक उन्हें भी बचा लिया जाएगा। एनडीआरएफ डीआईजी शहीदी ने कहा कि सेना के 9 जवान लापता हैं। बुधवार सुबह पीएम मोदी ने उत्तराखंड सीएम पुष्कर सिंह धामी से फोन पर बात की। इसके बाद धामी ने धराली और दूसरी जगहों का एरियल सर्वे किया। उन्होंने अधिकारियों के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन को लेकर मीटिंग भी –शेष पृष्ठ दो पर

### पौड़ी जिले में बादल फटा

**देहरादून।** उत्तराखंड में बुधवार को भी भारी बारिश जारी है। पौड़ी जिले में बादल फटा है। यहां के बुरांसी गांव में मलबा गिरने से दो महिलाएं दब गईं। इनमें से एक महिला का शव बरामद हो चुका है, जबकि दूसरी की तलाश जारी है। वहीं, बाकुंडा गांव में भी बादल फटा, जहां 5 नेपाली मजदूरों के बहने की सूचना है।

### अनाथ बच्चों को मुफ्त शिक्षा के लिए राज्य सरकारें 4 हफ्ते में अधिसूचनाएं जारी करें

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** उच्चतम न्यायालय ने राज्यों को निर्देश दिया कि वे अनाथ, कमजोर वर्गों और वंचित समूहों के बच्चों के लिए निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत कोटे के तहत मुफ्त शिक्षा देने की अनुमति संबंधी अधिसूचनाएं चार सप्ताह के अंदर जारी करें। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने अधिवक्ता पौलोमी पाविनी शुक्ला की ओर से दायर याचिका पर यह आदेश पारित किया। पीठ ने कहा कि दिल्ली, मेघालय, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, गुजरात ने पहले ही अनाथ बच्चों को शिक्षा का अधिकार अधिनियम की धारा 12 (1)(सी) की परिभाषा में शामिल करने के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। बाकी राज्य भी इस संबंध में प्रक्रिया चार सप्ताह के भीतर पूरी कर लें।

### बिहार मतदाता सूची से गायब 65 लाख लोगों का शनिवार तक विवरण दे ईसी: SC

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को चुनाव आयोग से कहा कि वह विशेष पुनरीक्षण के दौरान बिहार मतदाता सूची से हटाए गए 65 लाख लोगों (मृत और स्थायी पलायन करने वाले) का विवरण शनिवार तक दे। न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति उज्ज्ल भुयान और न्यायमूर्ति एनके सिंह की पीठ ने याचिकाकर्ता एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण की गुहार पर यह निर्देश दिया।

### महिला अफसरों को सेना में परमानेंट जॉब क्यों नहीं: हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने महिलाओं को सीडीएस (कम्बाइंड डिफेंस सर्विसेज) परीक्षा के जरिए भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) नौसेना अकादमी (आईएनए) और वायुसेना अकादमी (एएफए) में शामिल न करने को लेकर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार उपाध्याय की बेंच ने बुधवार को कहा महिला अफसरों को सेना में परमानेंट जॉब नहीं मिल रही। यह मामला गंभीर है।

# ट्रम्प का भारत पर रंजिशन वार: 25 % एक्स्ट्रा टैरिफ थोपा

## 21 दिन बाद होगा लागू, अब कुल 50% टैरिफ, रूसी तेल खरीदने की बताया वजह

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिकी राष्ट्रपति** ट्रम्प ने भारत पर 25 फीसदी एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया है। उन्होंने बुधवार को इससे जुड़े एक एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन किए। यह आदेश 27 अगस्त से लागू होगा।

इससे पहले उन्होंने 30 जुलाई को 25 फीसदी टैरिफ का ऐलान किया था। अब तक अमेरिका की तरफ से भारत पर कुल 50 फीसदी टैरिफ लगाया गया है। ट्रम्प ने रूसी तेल खरीद की वजह से भारत पर यह एक्शन लिया है। मंगलवार को उन्होंने कहा था कि भारत रूस के साथ व्यापार करके यूक्रेन के खिलाफ रूसी वॉर मशीन को ईंधन देने का काम कर रहा है। इस वजह से



■ कुछ भारतीय सामानों पर टैरिफ लागू नहीं होगा

अमेरिका को सख्त कदम उठाने की जरूरत है। ट्रम्प ने बुधवार के एग्जीक्यूटिव ऑर्डर में लिखा है कि भारत सरकार प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तरीके से रूस से तेल आयात कर रही है। ऐसे में अमेरिका में दाखिल होने वाले भारत के सामानों पर 25 फीसदी का एक्स्ट्रा टैरिफ लागू होगा। यह शुल्क 21 दिन बाद से लागू होगा। हालांकि कुछ खास परिस्थितियों में इस टैरिफ से छूट भी दी जाएगी जैसे कि यदि कोई सामान पहले ही समुद्र में लद चुका है और रास्ते में है, या यदि वह कुछ खास तारीख से पहले अमेरिका में पहुंच चुका है। इससे पहले मार्च 2022 में –शेष पृष्ठ दो पर

### अडानी के खिलाफ अमेरिका में जांच से ट्रम्प की धमकियों से बच रहे हैं मोदी : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि अमेरिका में पीएम मोदी के चहेते उद्योगपति अडानी के खिलाफ जांच चल रही है इसलिए श्री मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मिल रही धमकियों का जवाब नहीं दे पा रहे हैं। श्री ट्रम्प की बार-बार की धमकियों पर श्री मोदी की चुप्पी अमेरिका, अडानी और रूस के बीच वित्तीय संबंधों का खुलासा भी करता है। उनका कहना था कि यही वजह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के सामने श्री मोदी खड़े नहीं हो पा रहे हैं। राहुल गांधी 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारत, कृपया समझे। पीएम मोदी, राष्ट्रपति ट्रम्प की बार-बार की धमकियों के बावजूद, उनके सामने खड़े नहीं हो पा रहे हैं, इसका कारण अडानी के खिलाफ चल रही अमेरिकी जांच है।

# सपा नेताओं की बुद्धि गधे जैसी: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि सपा नेताओं की बुद्धि गधे जैसी हो गई है। सपा नेताओं ने ग से गणेश को ग से गधा पढ़वाया, इन्होंने ग से गधा पढ़ाकर गणपति की अवमानना करने का काम किया है। वे बुधवार को मुरादाबाद पहुंचे और उन्होंने बिलारी के पीपली गांव में अटल आवासीय विद्यालय का उद्घाटन किया। इसके साथ ही बटन दबाकर विकास की कई परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

सीएम योगी ने कहा कि सपा के जीवन का हिस्सा था नकल कराना। उन्होंने नकल कराकर युवाओं और पीढ़ी को खोखला किया। सपा को शिक्षा का मॉडल देखना है तो अटल आवासीय स्कूल देखें। हमने एक लाख 54 हजार विद्यालयों की काया बदली। सपा ने हमें एक लाख 54 हजार जर्जर स्कूल दिए, भवन कब गिर जाए, पता नहीं था। स्कूल में बच्चों के लिए टॉयलेट तक की व्यवस्था नहीं थी। हमने कायाकल्प के –शेष पृष्ठ दो पर

ग से गधा पढ़ाकर गणपति का अपमान किया

यूपी के सीएम ने मुरादाबाद में कई परियोजनाओं का किया लोकार्पण



### सुरक्षा में सेंध लगाने वालों का सम्मान करती थी पिछली सरकारें: योगी

**बरेली (ब्यूरो)।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति करने वाली पिछली सरकारें सुरक्षा में सेंध लगाने वालों का सम्मान करती थीं।

बरेली में 2264 करोड़ रुपये की 545 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के अवसर पर उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व कांवड़ यात्रा को बदनाम करने की साजिश रचते हैं, लेकिन समाज की जागरूकता और प्रशासन की तत्परता से ऐसे तत्व विफल हो जाते हैं। यह यात्रा अब सामाजिक एकता का प्रतीक बन चुकी है। बरेली में लाखों श्रद्धालुओं ने नाथ गलियारे में जलाभिषेक कर अपनी आस्था प्रकट की, जो शहर की नई पहचान बन रही है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रोजगार मेले के माध्यम से चयनित 6000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व टैबलेट प्रदान किए।

# यूट्यूबर एल्विश को सुप्रीम राहत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने रेव पार्टियों में कथित तौर पर 'सांप के जहर' का इस्तेमाल के आरोपी यूट्यूबर एल्विश यादव उर्फ सिद्धार्थ के खिलाफ दर्ज आपराधिक मुकदमे पर बुधवार रोक लगा दी।

न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन के सिंह की पीठ ने इस इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली एल्विश यादव की याचिका पर यह आदेश पारित किया। उन्होंने

■ 'सांप के जहर' विवाद मामले में शीर्ष अदालत ने लगाई रोक

वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम और एनडीपीएस अधिनियम के तहत उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक कार्रवाई को चुनौती दी है। पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद याचिकाकर्ता को राहत दी और उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया।

### पीएम ने कर्तव्य भवन का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने दिल्ली में कर्तव्य पथ पर कर्तव्य भवन-03 बिल्डिंग का उद्घाटन किया। यह 2019 में शुरू हुई सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट का हिस्सा है और सीएसएस की 10 में से पहली बिल्डिंग है। कर्तव्य भवन-03 का उद्घाटन सबसे पहले किया गया है। इसे दिल्ली के अलग-अलग जगहों पर स्थित विभिन्न मंत्रालयों और विभागों को एक साथ लाकर उनके बीच बेहतर कोआर्डिनेशन और कामों में तेजी लाने के लिए डिजाइन किया गया है।

# शाह पर टिप्पणी मामले में राहुल गांधी को राहत

रांची/चाईबासा, वार्ता

**कांग्रेस नेता** राहुल गांधी को झारखंड के चाईबासा की एक एमपी-एमएलए अदालत ने 2018 में एक रैली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी से जुड़े एक मामले में बुधवार को जमानत दे दी।

राहुल गांधी सुबह करीब 10.55 बजे अदालत में पेश हुए। इस दौरान कांग्रेस सांसद के वकील ने कहा कि राहुल गांधी झारखंड



■ झारखंड की चाईबासा कोर्ट से मिली जमानत

उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार अदालत में पेश हुए। उन्होंने जमानत मांगी थी, जो मंजूर हो गई। अब हम प्रक्रिया को आगे बढ़ाएंगे। यह मामला 2018 में चाईबासा में एक चुनावी रैली के दौरान दिए गए भाषण से जुड़ा है, जिसमें राहुल गांधी ने अमित शाह पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसी को लेकर प्रताप कुमार नाम के एक शख्स ने चाईबासा के मजिस्ट्रेट कोर्ट में उनके खिलाफ मानहानि का केस दर्ज कराया था। प्रताप कुमार का आरोप है कि राहुल गांधी ने जानबूझकर यह बयान दिया था।

### राज्यमंत्री से अभद्रता करने वाला कनिष्ठ अभियंता निलंबित

**लखनऊ (ब्यूरो)।** उप्र के सीतापुर के कोरैया गांव में पिछले 20 दिनों से बिजली गुल होने से कारागार राज्य मंत्री और हरगांव (सीतापुर) विधायक सुरेश राही नाराज़ होकर मंगलवार देर शाम को धरने पर बैठ गए। कनिष्ठ अभियंता के व्यवहार से दुखी मंत्री के विरोध के बाद उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री ने मंगलवार देर रात एक कनिष्ठ अभियंता को निलंबित कर दिया।

# सूरत के तीन स्टूडेंट्स ने बनाई एआई सुपर बाइक

सूरत, वार्ता

**गुजरात के** सूरत में तीन स्टूडेंड्स ने एआई आपरेटेड बाइक बनाई है। इस बाइक के 50 फीसदी पुर्जे कबाड़ से और बाकी 50 फीसदी खुद स्टूडेंट्स ने ही तैयार किए हैं। बाइक तैयार करने में 1.80 लाख रुपये की लागत आई है।

भगवान महावीर यूनिवर्सिटी के मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रांच के शिवम मौर्य, गुरप्रीत अरोड़ा और गणेश पाटिल ने इस बाइक को 'गरुड़' नाम दिया गया है। उन्होंने बताया कि इसे डिजाइन करने में



■ 50 प्रतिशत पुर्जे कबाड़ से और बाकी के खुद ही तैयार किए, 1.80 लाख रुपये आई लागत
■ छात्रों ने बाइक को 'गरुड़' नाम दिया

उन्हें करीब एक साल का समय लगा है। शिवम मौर्य ने बताया कि बाइक वाईफाई और सेल्फ-ड्रिवन सिस्टम पर काम करेगी। इसमें दो अत्याधुनिक सेंसर लगाए गए हैं। इन सेंसर की मदद से बाइक खुद ही सड़क पर स्थिति का आकलन कर लेती है। अगर कोई दूसरा वाहन इसके 12 फीट के दायरे में आता है, तो बाइक की स्पीड अपने आप स्लो हो जाती है। अगर कोई वाहन 3 फीट के दायरे में आता है, तो बाइक पूरी तरह रुक जाती है। बाइक सवार को बस 3 फीट दूर रुकें कमांड देना होगा और बाइक बिना ब्रेक लगाए रुक जाएगी। यह फीचर हादसों जैसी स्थिति से बचने में काफी मददगार साबित होगा। इस बाइक के दिमाग को रासबेरीपाय के नाम से जाना जाता है, जो एक छोटा कंप्यूटर है। यह सिस्टम कमांड मिलने के बाद अपना काम करना शुरू कर देता है। वायरलेस मोबाइल चार्जिंग सिस्टम भी उपलब्ध बाइक के दूसरे फंक्शन भी पूरी –शेष पृष्ठ दो पर

# 11 अगस्त से मेरी अदालत में अर्जेंट सुनवाई नहीं: सीजेआई

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) बीआर गवई ने कहा कि 11 अगस्त से उनकी अदालत में सीनियर वकील अर्जेंट सुनवाई की मांग नहीं कर सकते। हालांकि जूनियर वकीलों को इससे छूट दी गई है।

गवई ने कहा कि कम से कम मेरी अदालत में तो इसका पालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के बाकी जस्टिस को भी इस प्रथा को

■ कहा: 'सीनियर वकीलों को मनाही, जूनियर वकील अर्जी दाखिल कर सकते हैं

अपनाना चाहिए। आमतौर पर वकील दिन की कार्यवाही की शुरुआत में एजेंसी का हवाला देकर जस्टिस के सामले केस की तत्काल सुनवाई की मांग करते हैं। इससे पहले से लिस्टेड मामले छूट जाते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्य का दर्जा बहाल करने को उमर ने दलों को लिखा पत्र

**श्रीनगर।** नेशनल कांफ्रेंस उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने संसद में महत्वपूर्ण उपस्थिति रखने वाले राजनीतिक दलों को पत्र लिखकर उनसे जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाली का प्रयास करने का आग्रह किया है। अब्दुल्ला ने बुधवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने औपचारिक तौर पर कई दलों से संपर्क किया है और संसद के चालू सत्र में विधेयक पेश करने के लिए उनके समर्थन का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि मैंने संसद में बड़ी संख्या में सांसदों वाले सभी दलों को पत्र लिखकर उनसे जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के वादे को पूरा करने में मदद करने का अनुरोध किया है। यह वादा जनसभाओं, संसद और यहां तक कि उच्चतम न्यायालय में भी किया गया था।

### इण्टर व हाईस्कूल कम्पार्टमेंट परीक्षा का परिणाम जारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) ने वर्ष 2025 की हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्ट परीक्षा का परिणाम बुधवार को जारी कर दिया जिसमें हाईस्कूल का रिजल्ट 100 फीसद व इण्टर मीडिएट का परिणाम 91 फीसद से ऊपर है। माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि इस बार हाईस्कूल कम्पार्टमेन्ट/ इम्प्रूवमेन्ट परीक्षा में 15985 बालक तथा 4783 बालिका कुल 20768 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिसमें 14685 बालक तथा 4460 बालिका कुल 19145 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। इसी तरह इण्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्ट परीक्षा में 12495 बालक तथा 13128 बालिका कुल 25623 परीक्षार्थी पंजीकृत थे।

# यूपी के 13 जिलों के मेडिकल कॉलेजों को मान्यता देने के मामले में जवाब तलब

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति मनीष कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश स्थानीय अधिवक्ता मोतीलाल यादव की याचिका पर दिया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के 13 जिलों के राज्य मेडिकल कालेजों को पर्याप्त संसाधन, स्टाफ समेत मान्यता प्रदान करने के आग्रह वाली एक जनहित याचिका पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने अगली सुनवाई तीन हफ्ते बाद नियत कर इस बीच मेडिकल कौंसिल ऑफ इंडिया के वकील को मामले में जवाबी हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया है।

न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति मनीष कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश स्थानीय अधिवक्ता मोतीलाल यादव की याचिका पर दिया। याची ने प्रदेश के 13 जिलों के राज्य मेडिकल कालेजों को पर्याप्त संसाधन, स्टाफ मुहैया कराने समेत मान्यता देने का मुद्दा उठाया है। एक अखबार में प्रकाशित खबरों के आधार पर याची ने कहा कि प्रदेश के 13 जिलों में स्थित राज्य मेडिकल कालेजों को 70 फीसदी संसाधन, स्टाफ आदि की कमी की वजह से मान्यता नहीं मिल सकी और राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग की रिव्यू कमेटी ने इनको मान्यता प्रमाणपत्र देने की अर्जी खारिज कर दी।

ये मेडिकल कालेज कुशीनगर, कौशांबी, सुल्तानपुर, कानपुर देहात, ललितपुर, पीलीभीत, औरैया, सोनभद्र, बुलंदशहर, गोंडा, बिजनौर, चंदौली और लखीमपुर खीरी के हैं। याची का कहना है कि जनहित में राज्य सरकार को इन मेडिकल कालेजों में पर्याप्त संसाधन, स्टाफ आदि की व्यवस्था तत्काल करनी चाहिए, जिससे इन्हें केंद्रीय आयोग से मान्यता प्रमाणपत्र मिल सके। और इन जिलों के लोगों को बड़े शहरों में इलाज के लिए भागदौड़ न करनी पड़े। मामले की सुनवाई के समय मेडिकल कौंसिल ऑफ इंडिया वकील ने याचिका में उठाए गए मुद्दों का जवाब पेश करने के लिए समय देने का आग्रह किया। जिसे कोर्ट ने मंजूर कर मामले को अगली सुनवाई के लिए तीन हफ्ते बाद सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है।

# यूपी के किसानों को आज से मिलेगी सब्सिडी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** योगी सरकार यूपी के किसानों को अनुदान पर कृषि यंत्रों का लाभ दे रही है। किसानों का पारदर्शिता से इसका लाभ मिले, इसके लिए सभी 75 जनपद में जिलाधिक.ारी की अध्यक्षता में कृषि विभाग ई-लॉटरी के माध्यम से किसानों को चुनेगा। यह प्रक्रिया सभी जनपदों में गुरुवार और शुक्रवार को होगी। प्रमोशन आफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट आफ क्रॉप रेज्ड्यू एवं सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन योजना के अंतर्गत कृषि यंत्रों की बुकिंग तथा नेशनल मिशन ऑन एडिबल (ऑयलसीड) योजना के अंतर्गत मिनी ऑयल मिल एक्स्ट्रैक्शन यूनिट एवं तिरपाल की बुकिंग किसानों द्वारा विभागीय पोर्टल पर की गई है।



इसका पारदर्शी पूर्ण चयन ई-लॉटरी के माध्यम से कृषि विभाग द्वारा कराया जाएगा। कृषि विभाग के मुताबिक सभी 75 जनपदों में सात और आठ अगस्त को स्थानीय स्तर पर ई-लॉटरी प्रक्रिया संपन्न होगी। इसके लिए जनपदीय उप कृषि निदेशक द्वारा संबंधित किसानों और जिला स्तरीय कार्यकारी समिति के सदस्यों को सूचित किया गया है। ई-लाटरी के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति जिला स्तरीय समन्वय समिति के सदस्यों का विवरण विभागीय पोर्टल पर बुधवार तक अनिवार्य रूप से फीड कर लिया गया।समिति के कार्यालय ज्ञाप की पीडीएफ फाइल भी विभागीय पोर्टल पर अपलोड रहेगी। कृषि विभाग ने निर्देश जारी किया है कि ई-लाटरी की प्रक्रिया के लिए ऐसे स्थान का चयन किया जाए, जहां इसे अधिक से अधिक किसान देख सकें। सीएम योगी की मंशानुरूप पारदर्शिता के साथ यह प्रक्रिया कराई जाए। इसके लिए बड़ी स्क्रीन लगाकर भी व्यवस्था की जाए। ई-लॉटरी में चयनित किसानों को मोबाइल पर एसएमएस भेजा जाएगा। सूचना एवं बिल अपलोड की अंतिम तिथि की सूचना के साथ-साथ प्रतीक्षा सूची में चयनित कृषकों को भी सूचित किया जाएगा। ई लॉटरी में चयनित न होने वाले किसानों की जमानत धनराशि अधिकतम छह महीने में वापस कर दी जाएगी।

### 75 जिलों में ई-लॉटरी से किया जाएगा चयन

### अधिकारियों की कार्यशैली पर बिफरे राधामोहन दास

**लखनऊ।** भाजपा के राज्यसभा सांसद राधामोहन दास अग्रवाल ने अधिकारियों को उनकी कार्यशैली को लेकर जमकर फटकार लगाई है। अग्रवाल ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा कि इसी को थूक कर चाटना कहते हैं, लेकिन अभी भी अधूरा चाटा जा रहा है असुरन से लेकर खजांची चौराहे तक नाला तोड़ना होगा। मेरा कोई निजी झगड़ा नहीं था। मजबूरी थी कि मैं शहर का विधायक था और देख रहा था कि अधिकारी मूर्खतापूर्ण काम कर रहे थे।

## अयोध्या के 48 गांवों पर खतरा, पीपा पुल बहकर बनारस पहुंचा

# 24 जिलों के 1,245 गांव बाढ़ के पानी में डूबे

लखनऊ, वार्ता

यूपी में बाढ़ विकराल रूप धारण कर चुकी है। एक दिन पहले सीएम योगी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई निरीक्षण किया था। बाढ़-बारिश से 40 लोगों की मौत हो चुकी है। प्रयागराज, वाराणसी, उन्नाव, गाजीपुर, मिर्जापुर, चित्रकूट, बुलंदशहर समेत 24 जिलों के 1,245 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। नदी-नालों का पानी घरों में घुस चुका है, सड़कें डूब चुकी हैं और कई जिलों में स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है।

लगातार हो रही बारिश भी मुश्किल खड़ी कर रही है। ग्रामीण इलाकों में 360 से अधिक मकान भरभराकर ढह चुके हैं। प्रयागराज के सलोरी, छोटा बघाड़ा में लोग बाढ़ के कारण पलायन कर रहे हैं।



मिर्जापुर में मंगलवार की रात करीब 7 बजे चुनार तहसील के रैयपुरिया गांव के पास रखे गए पीपे बह गए। इसमें 30 से 35 पीपे कैनाल नारायनपुर के पास रुके हैं। नारायनपुर चौकी इंचार्ज अजय कुमार मिश्रा ने पीपा बहने की जानकारी दी। उधर, अयोध्या में सरयू नदी कहर बरपा रही है। 48 गांवों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। मिर्जापुर जनपद के कछवां थाना क्षेत्र के बजहा गांव में उस समय कोहराम मच गया, जब एक किसान गाय चराते समय बाढ़ के पानी में डूब गया। गांव वालों ने किसान राजेंद्र को डूबते देख तत्काल बाहर निकालकर पहले सीपीआर दिया, इसके बाद कछवां सामुदायिक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### उप्र में बाढ़ से दो दर्जन जिले प्रभावित राहत कार्य में जुटी योगी सरकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बाढ़ से 24 जिलों के 913 गांव प्रभावित हुए हैं। लगभग 83,091 लोग बाढ़ का खामियाजा भुगत रहे हैं, जिनमें से 19 हजार 167 लोग सरकारी बाढ़ आश्रय स्थलों में जाने को मजबूर हैं। राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने कहा, दो लाख से अधिक व्यक्तियों को राहत सहायता मिली है। सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि अब तक 517 घर क्षतिग्रस्त हो चुके हैं और 360 लोगों को आर्थिक सहायता मिल रही है। 33,252 हेक्टेयर से ज्यादा ज़मीन जलमग्न हो गई है। 1,640 नावों और मोटरबोटों के ज़रिए राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है। अब तक 17,924 खाने के पैकेट और 2,47,277 लंच पैकेट बांटे जा चुके हैं। 40 से ज्यादा सामुदायिक रसोई में बाढ़ प्रभावित लोगों को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। मंगलवार सुबह तक, राज्य में 24 घंटों में 22.7 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि सामान्य बारिश 6.4 मिमी होती है, जो सामान्य से 255 प्रतिशत कम है। पिछले 24 घंटों में अधिकांश क्षेत्रों में वर्षा की तीव्रता में मामूली कमी देखी गई। इस बीच, राहत और बचाव कार्यों की निगरानी के लिए 11 मंत्रियों का एक दल बाढ़ प्रभावित जिलों का दौरा करता रहा। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रयागराज का हवाई सर्वेक्षण किया और बाद में एक राहत शिविर का दौरा किया, जहां उन्होंने बाढ़ प्रभावित लोगों से मुलाकात की।

# सरकार बाढ़ पीड़ितों की मदद नहीं कर रही: अखिलेश

लखनऊ, वार्ता

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि सरकार बाढ़ पीड़ितों की मदद नहीं कर रही है। यादव ने बुधवार को जारी बयान में कहा प्रदेश के कई जिले बाढ़ से जूझ रहे है। लाखों की आबादी के सामने खाने-रहने, दवा, इलाज का संकट है। सरकार बाढ़ पीड़ितों की मदद नहीं कर रही है। बाढ़ से खेती-बाड़ी, जानवर और फसलों का बड़े पैमाने पर नुकसान हो रहा है।

सरकार नुकसान भरपाई के लिए तैयार नहीं है। बाढ़ पीड़ितों की न प्रयागराज, फतेहपुर, बलिया में मदद हो पा रही है और न तो वाराणसी, हमीरपुर से लेकर अन्य जिलों में कोई मदद हो रही है। 20-20 हजार करोड़ रुपए बजट खर्च हुए उसके बाद भी



जलभराव है, सड़कों में गड्ढे है। बाढ़ पर नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। उन्होने कहा कि प्रदेश के हर क्षेत्र में अराजकता, लूट और भ्रष्टाचार है। सरकार की अकर्मण्यता से आम जनता के साथ सत्तारूढ़ दल के विधायक, मंत्री भी धरना और प्रदर्शन करने पर मजबूर है। किसी की कोई सुनवाई नहीं है। भ्रष्टाचारियों और अराजक तत्वों से प्रदेश का हर वर्ग परेशान है। भाजपा सरकार ने नौ साल के कार्यकाल में किसानों, नौजवानों, महिलाओं, आम जनता सभी को धोखा दिया है। सरकारी बजट को लुटाने के सिवा कोई काम नहीं किया।



**सेंसेक्स** 80583.99
**निफ्टी** 24574.20



**सोना रु.** 100672
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 113576
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन गिरावट

मुंबई, वार्ता

भारतीय रिजर्व बैंक की नीतिगत दरों को स्थिर रखने की घोषणा के बाद बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन गिरावट रही।

बीएसई का सेंसेक्स 166.26 अंक यानी 0.21 प्रतिशत टूटकर 80,543.99 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 75.35 अंक (0.31 प्रतिशत) फिसलकर 24,574.20 अंक पर बंद हुआ। आज बैंकिंग को छोड़कर अन्य क्षेत्रों में निवेशक बिकवाल रहे। फार्मा, आईटी, स्वास्थ्य, तेल एवं गैस, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रियलिटी क्षेत्रों में ज्यादा गिरावट रही। जहां आईटी और फार्मा में गिरावट का कारण अमेरिकी आयात शुल्क और बढ़ाने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकी को माना जा रहा है, वहीं रेपो दर में कटौती न होने की वजह से रियलिटी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के सूचकांक गिर गए। प्रमुख सूचकांकों में सुबह उतार-चढ़ाव देखा गया।



सेंसेक्स 15.27 अंक की मामूली गिरावट में 80,694.98 अंक पर खुला और मंगलवार की तुलना में 100 अंक से अधिक की बढ़त बनाता हुआ ऊपर 80,834.43 अंक तक गया। लेकिन रिजर्व बैंक द्वारा नीतिगत दरों में घोषणा के बाद अचानक 80,448.82 अंक तक उतर गया। सेंसेक्स की 30 में से 18 कंपनियां लाल निशान में रहीं। सन फार्मा का शेयर 2.33 प्रतिशत, टेक महिंद्रा का 1.97 और बजाज फाइनेंस का 1.67 प्रतिशत टूट गया। इंफोसिस में 1.64 फीसदी, एचसीएल टेक में 1.38 फीसदी और इटरनल में 1.04 प्रतिशत की गिरावट रही। टीसीएस, बजाज फिनसर्व और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी लाल निशान में रहे। एशियन पेंट्स का शेयर सबसे अधिक 2.19 प्रतिशत की बढ़त में रहा। बीईएल में 0.80 प्रतिशत और ट्रेंट में 0.79 प्रतिशत की तेजी रही। अडानी पोर्ट्स, स्टेट बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी हरे निशान में बंद हुए।

## सोना 1,00,672 प्रति 10 ग्राम के ऑलटाइम हाई पर

**नई दिल्ली।** बुधवार को सोने के दाम अपने ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 596 रुपए बढ़कर 1,00,672 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने का भाव 1,00,076 रुपए पर था। चांदी की कीमत भी 1,154 रुपए बढ़कर 1,13,576 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,12,422 रुपए पर थी।

देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,480 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,950 थी, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,330 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,800 रही। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,330 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,800 थी। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,330 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,800 थी, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,270 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,850 थी। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि अमेरिका के टैरिफ के चलते जियो पॉलिटिकल टेंशन बने हुए हैं। इससे गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है। इससे गोल्ड की डिमांड बढ़ रही है। ऐसे में इस साल सोना 1 लाख 4 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है।

# चावल, गेहूं महंगे, दालों-खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव, चीनी का भाव बढ़ा

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल और गेहूं की औसत कीमतों में तेजी रही। दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव रहा, जबकि चीनी महंगी हो गई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अक्टूबर वायदा 23 रिंगिट गिरकर 4,267 रिंगिट प्रति टन बोला गया।

अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.80 प्रतिशत मजबूत होकर 53.85 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत करीब तीन रुपए की तेजी के साथ 3,832.51 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं भी तीन रुपए प्रति क्विंटल से ज्यादा महंगा हुआ और 2,840.93 रुपए प्रति क्विंटल बोला गया। आटा भी आठ रुपए बढ़कर 3,296.13 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। सरसों तेल औसतन 74 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मूंगफली तेल करीब 16 रुपए प्रति क्विंटल टूटा। पाम ऑयल तकरीबन 12 रुपए की तेजी में रहा। सूरजमुखी तेल भी 12 रुपए प्रति



क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल 14 रुपए और वनस्पति 29 रुपए प्रति क्विंटल टूट गया। दाल-दलहनों में मसूर दाल औसतन चार रुपए प्रति क्विंटल नरम हुई। चना दाल 12 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल करीब पांच रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। उड़द दाल में तीन रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। वहीं, दाल मूंग पांच रुपए प्रति क्विंटल से अधिक सस्ती हुई। गुड़-चीनी: बाजार में गुड़ के औसत भाव लगभग स्थिर रहे, जबकि चीनी तीन रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7962.33 रुपए, मसूर काली 8134.81 रुपए, मूंग दाल 10123.90 रुपए, उड़द दाल 10493.52 रुपए, अरहर दाल 10929.83 रुपए प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**आरबीआई ने...** ही ग्लोबल ट्रेड की चुनौतियां बनी हुई हैं, लेकिन भू-राजनीतिक अनिश्चितताएं कुछ हद तक कम हुई हैं। आरबीआई ने फरवरी में हुई मीटिंग में ब्याज दरों को 6.5 फीसदी से घटाकर 6.25 फीसदी कर दिया था। मानेटरी पॉलिसी कमेटी की ओर से ये कटौती करीब 5 साल बाद की गई थी। दूसरी बार अप्रैल में हुई मीटिंग में भी ब्याज दर 0.25 फीसदी घटाई गई। जून में तीसरी बार दरों में 0.50 फीसदी कटौती हुई। यानी, मानेटरी पॉलिसी कमेटी ने तीन बार में ब्याज दरें एक फीसदी घटाई। किसी भी सेंट्रल बैंक के पास पॉलिसी रेट के रूप में महंगाई से लड़ने का एक शक्तिशाली टूल है। जब महंगाई बहुत ज्यादा होती है, तो सेंट्रल बैंक पॉलिसी रेट बढ़ाकर इकोनॉमी में मनी फ्लो को कम करने की को. शिश करता है।

**धराली त्रासदी....** की। इधर, केरल के 28 टूरिस्ट्स का ग्रुप धराली की घटना के बाद से लापता है। परिवार के सदस्यों ने कहा कि एक दिन पहले सभी ने गंगोत्री की यात्रा पर जाने की बात कही थी, लेकिन लैंडस्लाइड के बाद से उनसे कोई संपर्क नहीं हो सका है। धराली गांव में 1864, 2013 और 2014 में भी पहाड़ पर बादल फटे थे। इससे खीर नाले ने तबाही मचाई। भूगर्भ वैज्ञानिकों ने तीनों ही आपदाओं के बाद धराली गांव को कहीं और बसाने की सलाह राज्य सरकार को दी। यह भी बताया कि आपदा के लिहाज से धराली टाइम बम पर बैठा है, लेकिन इसे शिफ्ट नहीं किया गया। आपदा में धराली में स्थित प्राचीन कल्प केदार महादेव मंदिर भी मलबे में दफन हो गया। भागीरथी नदी किनारे स्थित 1500 साल पुराना यह मंदिर पंच केदार परंपरा से जुड़ा है। स्थानीय लोगों की आस्था का सबसे बड़ा केंद्र था। उत्तराखंड की त्रासदी को लेकर पीएम मोदी ने दिल्ली में उत्तराखंड के चार सासंदों से मुलाकात की। इसमें अजय भट्ट, माला राज्यलक्ष्मी शाह, त्रिवेंद्र सिंह रावत और अनिल बलूनी शामिल रहे। बरेली स्थित एमआई-17 और एएलएच एमके-3 हाई अलर्ट पर हैं। आगरा से एएन-32 और सी-295 विमान प्रभावित क्षेत्रों में मिशन के लिए देहरादून पहुंच चुके हैं।

**ट्रम्प का...** अमेरिका ने एक आदेश जारी कर रूसी तेल और उससे जुड़े उत्पादों के अपने देश में आयात पर पूरी तरह रोक लगा दी थी। अब ट्रम्प प्रशासन ने यह पाया कि भारत उस रूसी तेल को खरीद रहा है, जिससे रूस को आर्थिक मदद मिल रही है। इस वजह से अब अमे. रिका ने भारत पर यह नया टैरिफ लगाने का फैसला किया है। अप्रैल 2025 में जारी एक और आदेश में कुछ खास उत्पादों को पहले ही टैरिफ से छूट दे दी गई थी वे छूट अब भी जारी रहेंगी। इन सामानों में सेमीकंडक्टर्स, स्मार्टफोन, कंप्यूटर, फार्मास्युटिकल्स, ऑटोमोटिव पार्ट्स, तांबा और अन्य धातु व खनिज शामिल हैं। इसका मतलब है कि भारत से होने वाले इन सामानों के भेजे जाने पर अब भी एक्सट्रा टैरिफ लागू नहीं होगा। इस आदेश में यह भी बताया गया है कि अगर भविष्य में जरूरत पड़ी, तो राष्ट्रपति इसमें संशोधन कर सकते हैं, यानी टैरिफ की दर बदल सकते हैं या और नए प्रावधान जोड़ सकते हैं। ट्रम्प ने मंगलवार को कहा था कि भारत अच्छा बिजनेस पार्टनर नहीं है। ट्रम्प के मुताबिक, भारत के टैरिफ दुनिया में सबसे ज्यादा हैं और यह बात लोग खुलकर नहीं कहते हैं। ट्रम्प ने मंगलवार को ही भारत के फार्मास्युटिकल प्रोडक्ट्स पर 250 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। ट्रम्प ने सीएनबीसी को दिए इंटरव्यू में कहा था कि वे शुरू में फार्मास्युटिकल्स पर छोटा टैरिफ लगाएंगे, लेकिन फिर इसे एक से डेढ़ साल में बढ़ाकर 150 फीसदी और फिर 250 फीसदी कर देंगे। ट्रम्प ने कहा था कि हम चाहते हैं कि दवाइयां हमारे देश में ही बनाई जाएं। उनका मानना है कि अमेरिका फार्मा प्रोडक्ट्स के लिए बहुत ज्यादा विदेशों पर निर्भर है, खासकर भारत और चीन पर। इस टैरिफ से भारतीय फार्मा सेक्टर पर बुरा असर पड़ सकता है। अमेरिका भारत से जेनेरिक दवाइयां, वैक्सीन और एक्टिव इंग्रेडिएंट्स खरीदता है। 2025 में अमेरिका को भारत का फार्मास्युटिकल निर्यात 7.5 अरब डॉलर (करीब 65 हजार करोड़ रुपये) से ज्यादा रहा। अमेरिका के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के मुताबिक अमेरिका में इस्तेमाल होने वाली सभी जेनेरिक दवाओं की लगभग 40 फीसदी भारत से आती हैं।

**सपा नेताओं...** माध्यम से स्कूलों की काया बदली। सीएम योगी ने कहा कि डिजिटल लाइब्रेरी, लैब्स, स्मार्ट क्लास हमने स्कूलों को दिए. जो विद्यालय बचे हैं हम वहां भी आधुनिक शिक्षा के लिए प्रयासरत हैं। हमने कल्याण सिंह की बीजेपी सरकार में ग से गणेश पढ़ाया तो विरोध किया। तब सपा ने कहा कि ग से गणेश नहीं, ग गधा होता है। समाजवादी पार्टी ने गणपति की अवमानना की, इसीलिए उनकी बुद्धि गधे जैसी हो गई है। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह समेत बीजेपी के कई नेता और जनप्रतिनिधि मंच पर मौजूद रहे। पीपली गांव के बाद मुख्यमंत्री मुरादाबाद सर्किट हाउस पहुंचे और इसके बाद सीएम का 24 बटालियन पीएसी ग्राउंड पर कार्यक्रम प्रस्तावित है। रात को मुख्यमंत्री मुरादाबाद में ही रुकेंगे और कल गुरुवार को संभल जाएंगे।

**सूरत के तीन...** तरह से टचस्क्रीन डिस्प्ले पर आधारित है। इसमें डिस्प्ले पर जीपीएस, फोन कालिंग और म्यूजिक जैसे फीचर्स भी इस्तेमाल किए गए हैं। राइडर को आगे-पीछे की गाड़ियों को देखने के लिए कैमरे भी लगाए गए हैं। इसके अलावा, इसमें वायरलेस मोबाइल चार्जिंग सिस्टम भी उपलब्ध है। इको मोड पर 220 किलोमीटर की रेंज यह बाइक इको मोड पर 220 किलोमीटर और स्पोर्ट मोड पर 160 किलोमीटर की रेंज देती है। सबसे बड़ी बात यह है कि इस बाइक की लिथियम बैटरी सिर्फ दो घंटे में पूरी तरह चार्ज हो जाती है, जो कि एक सामान्य बाइक से कहीं ज्यादा फास्ट है। बाइक वाईफाई और सेल्फ ड्राइव सिस्टम पर काम करेगी शिवम मौर्य ने बताया कि हमें बाइक बनाने में एक साल का समय लगा। हमारी टीम में तीन छात्र हैं। बाइक में आगे और पीछे कैमरे लगे हैं, जिससे डिस्प्ले पर आगे और पीछे के वाहन दिख सकते हैं। जीपीएस, ब्लूटूथ कूलिंग, म्यूजिक सुनने जैसी सुविधाएं हैं। डिस्प्ले को राइडर कंट्रोल कर सकता है। बाइक में आगे और पीछे सेंसर लगे हैं, इसलिए बाइक अपने आप रुक जाएगी। राइडर जो कमांड देगा, उतनी दूरी तय करने के बाद बाइक अपने आप रुक जाएगी, उदाहरण के लिए अगर आगे वाला वाहन बाइक से तीन फीट दूर है और कमांड दिया जाए कि बाइक रुकनी चाहिए, तो ब्रेक लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे हादसों से बचा जा सकेगा। इस बाइक को ड्राइवरलेस बनाने की भी तैयारी की जा रही है। भविष्य में इसे ड्राइवरलेस बनाना भी संभव इस बारे में आटोमोबाइल सेक्टर से जुड़े विनोद देसाई ने बताया कि भविष्य को ध्यान में रखकर इस तरह की बाइक बनना संभव है। इस बाइक की बात करें, तो इसकी बैटरी हल्की है, जिससे ये जल्दी चार्ज हो जाती है। भविष्य की डिमांड भी यही है। साथ ही इसके फंक्शंस को देखते हुए भविष्य में इसे ड्राइवरलेस बाइक में कन्वर्ट करना भी संभव है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
कालीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर सिरोसिस आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# छह लाख रुपये व दस्तावेजों की चोरी का मामला सुलझा, आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस के मंगोलपुरी थाने के स्टाफ ने छह लाख रुपए और दस्तावेजों की चोरी के मामले को सुलझाकर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से चोरी के १,९७,०००/- रुपए नकद, दो चोरी के बैग , चोरी के दस्तावेज और अपराध में इस्तेमाल स्कूटी बरामद की है।

दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि १ अगस्त को लगभग छह लाख की नकदी और महत्वपूर्ण दस्तावेजों की चोरी के संबंध में, मंगोलपुरी थाने में प्राथमिकी दर्ज कर एसीपी मंगोलपुरी मुरारी लाल की देखरेख में एसएचओ मंगोलपुरी जोगिंदर सिंह के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की।जांच के दौरान टीम ने घटनास्थल के आसपास के कई सीसीटीवी फुटेज का बारीकी से विश्लेषण किया। इसी बीच टीम को एक विश्वसनीय सूचना के आधार पर पता चला कि संदिग्ध मंगोलपुरी इलाके में छिपा हुआ है। इसके बाद टीम ने उक्त स्थान पर छापा मारकर आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपनी पहचान प्रमोद/गुड्डू/सुमित (४२) के रूप में बताई।

पुलिस पूछताछ करने पर, आरोपी ने बताया कि उसने चोरी की गई नकदी मंगोलपुरी के रामलीला ग्राउंड में खड़ी एक स्कूटी के डेक में छिपा दी थी। टीम तुरंत आरोपी के साथ उस स्थान पर पहुँची। उसकी सास के नाम पर पंजीकृत स्कूटी मिलने से चोरी के १,९७,००० नकद, दो चोरी के बैग और कुछ चोरी के दस्तावेज बरामद किए है। शेष चोरी की गई नकदी के बारे में आगे पूछताछ करने पर, आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने उसका कुछ हिस्सा नशीले पदार्थों पर खर्च कर दिया था।इसके आरोपी प्रमोद/गुड्डू/सुमित को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया।

## मां को याद करते हुए बांसुरी स्वराज ने लिखा रुला देने वाला पोस्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी की कद्दावर नेता रहीं सुषमा स्वराज की बरसी पर उनकी बेटी बांसुरी स्वराज ने मां को याद करते हुए एक पोस्ट इंटरनेट मीडिया पर साझा की है, जो बहुत तेजी से वायरल हो रही है। सभी उस पोस्ट को पढ़कर भावुक हो जा रहे हैं।

बेटी बांसुरी स्वराज ने अपनी मां को याद करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर करते हुए एक पोस्ट में लिखा, ष्छह बरस हो गए मांङ्घपर आज भी अनायास ही आंखें आपको ढूंढ लेती हैं, भीड़ में, संसद की तस्वीरों में, हर उस मोड़ पर जहां आप होतीं तो मुझे थाम लेतीं। छह बरस हो गए मांङ्घपर हर उपलब्धि पर दिल सबसे पहले आपकी आंखें तलाशता है, क्योंकि आपकी नजर से मिली शाबाशी ही मेरी सबसे बड़ी जीत होती थी। छह बरस हो गए मांङ्घलेकिन आप अब भी हर धड़कन में गूंजती हैं, हर संघर्ष में संबल बनकर साथ चलती हैं। मेरी राह आज भी आपके आशीर्वाद से रोशन है। मिस यु माँ ... बांसुरी स्वराज की इस एक्स पोस्ट पर लोग बड़ी संख्या में कमेंट कर सुषमा स्वराज को अपनी श्रद्धांजलि दे रहे हैं।

# कोड वर्ड '302' के नाम से बिक रहा जानलेवा चीनी मांझा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाजारों में जानलेवा चीनी मांझे को चोरी-छिपे धागा ३०२ जैसे कोड वर्ड के जरिये बेचा जा रहा है। दुकानदार अधिक कीमत लेकर पहले से बुकिंग कर खरीदारों को तय स्थान पर मांझे की डिलीवरी दे रहे हैं।

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पतंगबाजी के शौक में युवा जान को खतरे में डाल कर चीनी मांजे की खरीदारी कर रहे हैं। प्रशासन की नजरों से बचकर चीनी मांझे की दुकनदारों ने बिक्री शुरू कर दी है। लाल कुआं बाजार में चीनी मांझा गुपचुप तरीके से बेचा जा रहा है। दुकानदार इसकी ऊंची कीमत वसूल रहे हैं, जहां एक चरखी की कीमत ८०० से १३०० रुपये तक है। दुक. ानदार खरीदारों को पहले से ऑर्डर देने के लिए कह रहे हैं। पिछले वर्षों में इस मांझे की चपेट में आने से कई लोगों की जान जा चुकी है। इसके बावजूद, इसकी बिक्री पर लापरवाही बरती जा रही है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह मांझा सबसे बड़ा खतरा बना हुआ है। तीज के त्योहार से शुरू होने वाला पतंगबाजी का उत्साह शौकीनों में बढ़ रहा है लेकिन यह मांझा न केवल बेजुबान जानवरों बल्कि इंसानों की जान के लिए भी खतरा बन रहा है।

तंग गलियों में बिक्री शुरू हो गई है। पतंग और मांझा बेचने वाले दुकानदारों के अनुसार, चीनी मांझा अब खुले तौर पर नहीं, बल्कि पहले से बुकिंग के आधार पर बेचा जा रहा है। दुकानदारों ने बताया कि यह मांझा चरखी में नहीं बल्कि सादे कागज में लपेटकर बेचा जा रहा है। तुर्कमान गेट के एक दुकानदार ने बताया कि चीनी मांझा खरीदने के लिए पहले व्हाट्सएप पर ऑर्डर करना जरूरी है और इसके साथ डिलीवरी के लिए अलग से शुल्क देना पड़ता है। लाल कुआं बाजार में पतंग और मांझा खरीदने आए राहुल शर्मा ने कहा कि चीनी मांझा उपलब्ध तो है लेकिन इसके लिए पहले से ऑर्डर देना अनिवार्य है। लाल कुआं बाजार के कई दुकानदार इस बार चीनी मांझे को लेकर पहले से अधिक सावधान हैं। उनका कहना है कि चोरी-छिपे मांझा बेचने वालों पर पुलिस को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। दुकानदारों ने लोगों से अपील की कि न तो कोई चीनी मांझा बेचे और न ही इसे खरीदे। उन्होंने कहा कि इस मांझे को खरीदने वालों पर भी सख्ती बरती जानी चाहिए। कुछ दुकानदार अधिक मुनाफे के लालच में इसे बेच रहे हैं, जो पूरी तरह गलत है।

# यात्रा शुल्क के चलते नहीं जा पा रहे अपने संसदीय क्षेत्रः इंजीनियर रशीद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के सांसद इंजीनियर रशीद ने दिल्ली हाई कोर्ट में कहा कि संसद सत्र में भाग लेने के लिए दैनिक खर्च का भुगतान करने की शर्त के कारण अपने संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने में असमर्थ हैं।

रशीद ने यह तर्क देते हुए न्यायमूर्ति विवेक चौधरी और न्यायमूर्ति अनूप जयराम भंभानी की पीठ से एक समन्वय पीठ की ओर से पारित आदेश में संशोधन की मांग की। हालांकि, पीठ ने टिप्पणी की कि कस्टडी पैरोल देते समय आमतौर पर संबंधित व्यक्ति को इसका खर्च वहन करना होता है।समन्वय पीठ ने रशीद को संसद में भाग लेने के लिए यात्रा व्यय के रूप में जेल अधिकारियों के पास चार लाख रुपये जमा करने का निर्देश दिया गया था। रशीद के वकील एन हरिहरन ने कहा कि यह शर्त अनुचित है क्योंकि रशीद एक संसदीय क्षेत्र के लोगों के निर्वाचित प्रतिनिधि हैं। हरिहरन ने आगे कहा कि अगर लगाई गई शर्त ऐसी है कि उनके मुवक्किल संसद नहीं जा पा रहे हैं, तो हम इस देश में लोकतंत्र के मूल तत्वों में दखलअंदाजी कर रहे हैं। वहीं, एनआईए की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने कहा कि समन्वय पीठ की ओर से पारित आदेश पर रशीद ने सहमति व्यक्त की थी। लूथरा के तर्क को खारिज करते हुए हरिहरन ने कहा कि वह रशी

द को हिरासत में संसद में उपस्थित होने और अदालत द्वारा निर्धारित राशि का भुगतान न करने की अनुमति देने पर सहमत थे। उन्होंने कहा कि खर्चों के संबंध में कोई तर्क नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि ये शर्तें इसलिए लगाई गई हैं ताकि मेरे निर्वाचन क्षेत्र की आवाज संसद में आवाज न सुनी जाए।



**एनडीएमसी उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल सरोजिनी नगर मार्केट में 'स्वच्छता अभियान' का नेतृत्व करते हुए।**

## एक नजर

### लोकल से लेकर लंबी दूरी तक की ट्रेनें चल रही लेट

**नई दिल्ली।** दिल्ली आने वाली लंबी दूरी की कई ट्रेनें घंटों विलंब से चल रही हैं। देरी से दिल्ली पहुंचने के कारण कई ट्रेनों के प्रस्थान समय में बदलाव करना पड़ा है। सुबह सवा पांच बजे चलने वाली आनंद विहार टर्मिनल-पूर्णिया कोर्ट विशेष (०५५८०) सवा आठ घंटे के विलंब से दोपहर डेढ़ बजे और दोपहर २.०५ बजे चलने वाली हजरत निजामुद्दीन-जबलपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस ७.४० घंटे के विलंब स रात ९.४५ बजे चलेगी। नई दिल्ली से दोपहर १२.१५ बजे चलने वाली दरभंगा हमसफर विशेष (०२५७०) २.२५घंटे की देरी से अपराह्न २.४० बजे रवाना होगी। कई लोकल ट्रेनें भी विलंब से चल रही हैं। सहारनपुर-पुरानी दिल्ली पैसेंजर, कुरुक्षेत्र-हजरत निजामुद्दीन एमईएमयू, मथुरा-गाजियाबाद ईएमयू व दनकौर-शकूरबस्ती ईएमयू लगभग एक घंटे की देरी से चल रही है।

### हाई फैट डेयरी प्रोडक्ट को करें अवॉयडः डॉ. अंकित कालरा



**नई दिल्ली।** एशियाई देशों में बारिश के मौसम में गर्मी और उमस भी होती है। यह मौसम बैक्टीरिया और पैथोजेन के पनपने के लिए आदर्श है। इस समय सर्दी-खांसी का खतरा तो बढ़ता है। साथ ही वाटर बोर्न डिजीज का खतरा भी बढ़ जाता है। इससे बचाव के लिए बढ़िया जीवनशैली के साथ संतुलित आहार भी जरूरी है। इससे हार्ट प्रॉब्लम को रोका जा सकता है। बारिश के मौसम में टमाटर, खीरा, तरबूज और खरबूजा जैसे उच्च पानी वाले खाद्य पदार्थों से बचना चाहिए। साथ ही नमक का सेवन भी सीमित करें । कीर्ति नगर स्थित कालरा अस्पताल में आयोजित एक कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए हार्ट स्पेशलिस्ट डॉ अंकित कालरा ने कहा कि बारिश के मौसम में तले-छने खाद्य पदार्थ और स्ट्रीट फूड विशेष रूप से लुभाते हैं। इन सभी खाद्य पदार्थों में भरपूर मात्रा में नमक डाला जाता है। बहुत अधिक नमक वाला भोजन खाने से रक्तचाप बढ़ सकता है। इसका हार्ट हेल्थ पर बुरा असर पड़ता है। दिल को स्वस्थ रखने के लिए बारिश में सोडियम और संतृप्त वसा में उच्च आहार से दूर रहें। हाई फैट वाले डेयरी उत्पाद को तो हर मौसम में अवॉयड करें। लजीज मिल्कशेक या छाछ का सेवन बारिश के मौसम में अधिक नहीं करना चाहिए। इनसे जल-जनित बीमारियां होने का खतरा रहता है।

### लाइफ स्टाइल स्टोर का शुभारंभ किया

**नई दिल्ली।** फैशन और हाई स्टाइल अपील पर खास ध्यान देते हुए खरीदारों को एक ही छत के नीचे लेटेस्ट ट्रेंड्स और प्रीमियम चीजें मुहैया कराने के उद्देश्य से लाइफस्टाइल ने पेसिफिक मॉल टैगोर गार्डन में अपने नए रूप में तैयार किए गए स्टोर का शुभारंभ किया । लाइफस्टाइल के डिप्टी सीईओ रितेश मिश्रा ने कहा है कि हमें बहुत खुशी हो रही है कि हमने पैसिफिक मॉल के लाइफस्टाइल स्टोर को एक नया रूप दिया है। यह स्टोर ग्लोबल फैशन और इमर्सिव शॉपिंग को एक साथ लाने के हमारे विजन को दर्शाता है। इस जगह की हर चीज को इस तरह ध्यान से तैयार किया गया है कि शॉपिंग को आसान और प्रेरणादायक बनाया जा सके। इस अवसर पर बॉलीवुड की अभिनेत्री वाणी कपूर भी मौजूद रही । मेहमानों का स्वागत रेड कार्पेट एंट्री के साथ किया गया उसके बाद मॉडल्स द्वारा एक क्यूरेटेड फैशन शोकेस किया गया और सीजन टॉप फैशन स्टाइल को दिखाया गया।

### लापता किशोरी को परिजनों से मिलवाया

**नई दिल्ली।** अपराध शाखा ने ऑपरेशन मिलाप के तहत लापता किशोरी को उसके परिजनों से मिलवाया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते शनिवार को पालम गांव से १५ साल की किशोरी लापता हुई थी। जिसकी गुमशुदगी स्थानीय थाने में दर्ज है। एसीपी भगवती प्रसाद की देखरेख में इंस्पेक्टर कश्मीरी लाल के निर्देशन में पुलिस टीम ने किशोरी के परिजनों से पूछताछ की। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली। एक पुख्ता जानकारी के बाद दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन के पास से किशोरी को तलाशकर परिजनों से मिलवाया।

# लोकनायक अस्पताल के निर्माण में घोटाले का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने लोकनायक अस्पताल के 22 मंजिला नए ब्लाक के बनाए जाने में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए जांच के लिए फाइल एलजी वी के सक्सेना के पास भेज दी है। इसमें आरोप लगाया गया है कि लोकनायक अस्पताल में जिस इमारत का अनुबंध ४६५ करोड़ का किया गया था, एक साजिश के तहत बार-बार बदलाव कर इसकी लागत बढ़कर ११३९ करोड़ तक पहुंचा दी गई। इस मामले में एक साल पहले उपराज्यपाल द्वारा गठित की गई समिति ने सवाल

> **भाजपा और उसके मंत्री एसीबी, सीबीआई और ईडी के चक्कर में पड़े हैं**

उठाए हैं। समिति ने कई अन्य तरह के भी आरोप लगाए गए हैं। जिसकी रिपोर्ट आने पर दिल्ली सरकार ने अब फाइल भेज कर एलजी से इस मामले में सीबीआई से जांच की सिफारिश की है।

आरोपों पर आप ने प्रतिक्रिया देते हुआ है कि भाजपा और उसके मंत्री एसीबी, सीबीआई और ईडी के चक्कर में पड़े हैं। वे हर दिन आप नेताओं के खिलाफ साजिश रचते हैं, बेबुनियाद और झूठे मामले तैयार करने में समय बर्बाद करते हैं और इन दिशाहीन जांचों पर करदाताओं का पैसा बर्बाद करते हैं।

लोक निर्माण मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि यह एक बड़ा घोटाला है जो बहुत सफाई के साथ किया गया है, जांच होने पर आरोपी बच नहीं पाएंगे। वर्मा ने कहा है कि पूर्व लोक निर्माण मंत्री जैन ने नियमों को दरकिनार कर इसमें बदलाव करवाए। वह निरीक्षण करने जाते थे और किसी मंशा के तहत बदलाव सुझाते थे जिससे लागत बढ़ जाती थी। ६५० करोड़ रुपये का घोटाला हुआ।

# एनडीएमसी उपाध्यक्ष ने स्वच्छता अभियान का किया नेतृत्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** 'दिल्ली को कूड़े से आजादी' विशेष स्वच्छता अभियान का एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने सरोजिनी नगर मार्केट, नई दिल्ली में नेतृत्व किया ।

उन्होने कहा कि यह एक माह का विशेष अभियान (१ अगस्त से ३१ अगस्त, २०२५ तक) राजधानी दिल्ली को साफ, हरा-भरा और स्वस्थ बनाने की दिशा में सामूहिक जनसहभागिता और संस्थागत प्रयासों के साथ आगे बढ़ रहा है।

चहल ने इस कार्यक्रम में सफाई कर्मचारियों, एनडीएमसी के अधिकारियों-कर्मचारियों और स्थानीय लोगों के साथ मिलकर सफाई अभियान चलाया और श्रम की गरिमा एवं सामूहिक प्रयास की ताकत को रेखांकित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सभी नागरिकों की भागीदारी बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि यह अभियान एनडीएमसी के सभी विभागों ख्र जैसे स्कूलों, अस्पतालों, सार्वजनिक पार्कों, दफ्तरों और बाजारों ख्र में विशेष गतिविधियों के जरिए चलाया जाएगा।उन्होने कहा कि हर विभाग का पर्यवेक्षक स्वच्छ परिसर अभियान, नियमित सफाई निरीक्षण, जागरूकता सत्र और डिजिटल कैंपेन के जरिए साफ-सफाई की आदतों और व्यवहार में बदलाव लाने का कार्य करेगा। चहल ने नागरिकों, विद्यार्थियों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों, बाजार संघों और अन्य संस्थागत समूहों से इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की।



**विशेष समितियों के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद पर चयनित पार्षदों को नेता सदन प्रवेश वाही बधाई देते हुए साथ में हैं महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह व उप महापौर जय भगवान यादव आदि।**

# नगर निगम की विशेष समिति के चुनाव संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम की विशेष समिति का चुनाव आज संपन्न हुआ। कुल बारह विशेष समितियों में से दस समितियों के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद पर भाजपा विजयी हुई। इस अवसर पर दिल्ली नगर निगम के नेता सदन प्रवेश वाही ने सभी विशेष समितियों के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद पर चयनित सभी निगम पार्षदों को अपनी ओर से हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह, उप महापौर जय भगवान यादव, स्थाई समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा एवं अन्य वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित अध्यक्षों और उपाध्यक्षों को दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने शुभकामनायें दी और कहा कि विशेष समितियों के गठन के बाद हम सभी मिलकर विकास के नये आयाम हासिल करेंगे। इस अवसर पर नेता सदन श्री प्रवेश वाही ने कहा कि पिछले ढाई साल में आम आदमी पार्टी की जिद और एकाधिकार के चलते विशेष समितियों के गठन में देरी हुई है, लेकिन अब विकास की दिशा में सकारात्मक कार्य किये जायेंगे और इसके लिए सभी का सहयोग अपेक्षित है।

प्रवेश वाही ने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की नीतियों का, दिल्ली में नेतृत्व के लिए रेखा गुप्ता का और प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा जी के दिशा निर्देश के लिए उन आभार व्यक्त किया। नेता सदन प्रवेश वाही ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व में दिल्ली नगर निगम जनता को अधिक से अधिक नागरिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होने सभी नवनिर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष नियमित जन समस्याओं की सुनवाई करने का आहवान किया।

# सुषमा स्वराज की पुण्यतिथि पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत की पूर्व विदेश मंत्री पद्म विभूषण स्वर्गीय सुषमा स्वराज की पुण्यतिथि पर सिल्वर ओक पार्क, जंगपुरा एक्सटेंशन में ५०१ पौधों का रोपण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह आयोजन, उनके राष्ट्रसेवा के योगदान को स्मरण करने के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल ष्एक पेड़ माँ के नामष को भी समर्पित रहा।



इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जी, दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचद. ेवा, केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, दक्षिणी दिल्ली के सांसद दिल्ली सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी,उत्तर-पश्चिम दिल्ली के सांसद योगेन्द्र चांदोलिया, पश्चिमी दिल्ली की सांसद कमलजीत सहरावत, दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश वर्मा और आशीष सूद सहित अनेक वरिष्ठ पार्टी नेताओं ने भी सुषमा को श्रद्धांजलि अर्पित की।दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि आज स्वर्गीय सुषमा स्वराज की पुण्यतिथि पर हम सब कार्यकर्ता एकत्रित हुए हैं जहां हमने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया है वहीं ५०१ पेड़ लगाने का कार्य किया जा रहा हैं।

उन्होंने कहा कि सुषमा स्वराज हम सबके लिए मां समान थी इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अवाहन के बाद एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आज मैंने और अन्य गणमान्यों ने मिलकर उनकी स्मृति मे पेड़ लगाने का काम किया है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी भावुक शब्दों में श्रद्धांजलि अर्पित की : 'देश-विदेश की हजारों बेटियाँ आज भी सुषमा जी को प्रेरणा के रूप में याद करती हैं। सुषमा देश की एक बड़ी शख्सियत एवं ममता मयी राजनेता थीं। सबसे कम उम्र की राजनेता होकर उन्होंने देश के सर्वोच्च पदों तक जाकर कार्य किया। देश की हर बेटी को उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए। नई दिल्ली की संसद बांसुरी स्वराज ने भावुक स्वर में कहा : छह साल हो गए जब कृष्ण जी माँ को हम सबके बीच से चुरा कर ले गए थे। लेकिन आज भी जितने लोग यहाँ उपस्थित हैं, उनकी आँखों में मुझे वही वात्सल्य, वही ममता का अंश दिखाई देता है। सुषमा जी को केवल अपनी माता कहना शायद स्वर्ग की पराकाष्ठा होगी।

## निर्यात वृद्धि के साथ शानदार प्रदर्शन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शक्ति पंप्स ने 30 जून 2025को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणाम घोषित किए। शक्ति पंप्स के चेयरमैन दिनेश पाटीदार ने कंपनी के प्रदर्शन पर कहा, ष्वित्तीय वर्ष 2026 की मजबूत शुरुआत की घोषणा करते हुए हमें खुशी हो रही है, जो हमारे डाइवर्सिफाइड बिजनेस मॉडल की ताकत को दिखाती है। इस तिमाही में हमारा प्रदर्शन सोलर पंप सेगमेंट में मजबूत निष्पादन, निरंतर निर्यात वृद्धि और क्षमता एवं तकनीक में दीर्घकालिक निवेश से प्रेरित रहा। हम पीएम-कुसुम योजना में लगभग 25% बाजार हिस्सेदारी के साथ प्रमुख भारतीय कृषि राज्यों में अग्रणी बने हुए हैं।

उन्होंने आगे कहा, रूफटॉप सोलर सेगमेंट को पीएमसूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना जैसी सरकारी पहलों से तेजी मिल रही है। हम इस क्षेत्र में अपनी मौजूदगी लगातार बढ़ा रहे हैं, साथ ही घरेलू, औद्योगिक और ईवी सेगमेंट में भी प्रयास जारी हैं।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्षः भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने विधि अनुभाग के साथ संबंधित अन्य अनुभागों के अधिकारियों संग समीक्षा बैठक

# अदालतों में लंबित वादों में प्राधिकरण का प्रभावी तरीके से रखा जाए पक्षः अतुल वत्स

**■ माननीय अदालत के निर्देशों का पालन करने व जरूरत पड़ने पर उच्च न्यायलयों में अपील किए जाने को किया गया निर्देशित**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने विभिन्न अदालतों में लंबित वादों को लेकर विधि अनुभाग और उससे जुड़े अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। ये जानने का प्रयास किया गया कि अदालतों में पूर्व मे कितने लंबित वाद थे , वर्तमान में कितने वाद लंबित है और लंबित वादों में क्या स्थिति है। उन्होंने कहा कि अदालतों में लंबित वादों को सॉफ्टवेयर पर अपलोड किए जाने के परिणाम स्वरूप तमाम अधिकारियों के द्वारा नियमित तौर पर समीक्षा की जा सकती है।

नियमित तौर पर समीक्षा के परिणाम स्वरूप ही प्राधिकरण एनसीएलटी में रेड मॉल जैसे प्रकरण में जीत हासिल कर सका है। प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने निर्देश दिए कि जिन प्रकरणों में प्राधिकरण की तरफ से काउंटर एफिडेविट प्रस्तुत किया जाना है, उसे समय से तैयार कराते हुए माननीय अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया जाए।

उन्होंने ये भी निर्देशित किया गया कि विकासकर्ताओं पर देयता के लंबित प्रकरणों में माननीय अदालत के सामने प्रभावी तौर पर प्राधिकरण का पक्ष रखा जाए , ताकि बिल्डरों पर जो देयता है, उसकी वसूली सुनिश्चित हो सकें। सभी अधिकारी अब नियमित अपने अनुभागों से संबंधित कैसेस को प्राधिकरण एडवोकेट से डिस्कस करे जिससे प्रभावी पैरवी सुनिश्चित हो सके।

उपाध्यक्ष महोदय के निर्देश पर एवं नियमित समीक्षा से सभी वादों को ऑनलाइन सॉफ्टवेयर पर नचसवंक कराया जा चुका है, जिससे सभी अधिकारियों को नियमित केस मे मेसेज भी प्राप्त हो जाता है। इस कारण से समीक्षा व प्रभावी पैरवी आसानी से की जा रही है।

## छात्राओं ने पुलिस अधिकारियों को बांधी राखी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भारतीय समाज में रक्षाबंधन का पर्व भाई बहन के प्रेम का एक बहुत ही पवित्र पर्व है। इस पर्व पर हम एक दूसरे को सुरक्षा का विश्वास भी दिलाते हैं। अपनी संस्कृति को भी हम एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य रक्षाबंधन के पर्व के माध्यम से करते हैं।आज इसी पर्व के अवसर पर दुर्गावती हेमराज टाह सरस्वती विद्या मंदिर नेहरू नगर विद्यालय की बहनों ने पुलिस अधिकारियों की कलाई पर राखी बांधी। विद्यालय की बहनों ने आचार्या बिंदु रानी के साथ पुलिस कमिश्नररेट में जे रविंदर गौड आईपीएस की कलाई पर राखी बांधकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। बहनों ने पुलिस लाइन में जाकर आलोक प्रियदर्शी आईपीएस अतिरिक्त पुलिस आयुक्त को भी राखी बांधकर रक्षाबंधन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी। साथ ही विद्यालय की बहनों ने दीपक सिंघानवाल आईएएस ज्वाइंट मजिस्ट्रेट तथा सिहानी गेट थाने में पुलिस कर्मियों के हाथों में राखी बांधकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया और सभी को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं दी। पुलिस कमिश्नरेट में, पुलिस लाइन में, पुलिस थाने में विद्यालय की बहनों का बहुत ही जोरदार स्वागत हुआ। प्रत्येक कार्यालय में सभी अधिकारियों ने तथा पुलिसकर्मियों ने बहनों को कुछ ना कुछ चॉकलेट, उपहार देकर उनका मान बढ़ाया और उनकी सुरक्षा के साथ पूरे गाजियाबाद और उत्तर प्रदेश की सुरक्षा करने का सस्नेह संकल्प लिया। विद्यालय प्राचार्य विपिन राठी ने सभी बहनों से उनके अनुभव लिए। सभी अधिकारियों के प्रेमभाव से विद्यालय की बहने बहुत ही प्रभावित हुई।

## हाईटेक और इंटीग्रेटिड टाउनशिप में प्राधिकरण विकासकार्यों का कराएगा ड्रोन सर्वे

**प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष श्री अतुल वत्स ने निजी विकासकर्ताओं के द्वारा विकसित की जा रही हाईटेक एवं इंटीग्रेटेड टाउनशिप के प्रगति की समीक्षा की। ये जानने का प्रयास किया कि निजी विकासकर्ताओं के द्वारा विकसित की जा रही हाईटेक और इंटीग्रेटिड टाउनशिप में कितना विकास कार्य हुआ है। बैठक के दौरान प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने निर्देश दिए कि हाईटेक एवं इंटीग्रेटिड टाउनशिप के अंतर्गत विकसित की जा रही सन सिटी, वेव सिटी, शौर्यपुरम आदि तमाम टाउनशिप में ड्रोन सर्वे कराया जाए। ड्रोन सर्वे के माध्यम से ये जानने का प्रयास किया जाए कि जो डवलपमेंट एग्रीमेंट किया गया, उसके अनुसार विकास कार्य किए गए या नही। प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने अधीनस्थ अधिकारियों को टाउनशिप मे नियमित मॉनिटरिंग न करने को लेकर फटकार भी लगायी , निर्देशित किया कि नियमित तौर पर समीक्षा की जाए , ताकि जो कमियां अवशेष है , उन्हें प्राथमिकता से पूरा करवाया जा सकें। किसी भी तरह कि लापरवाही पर जवाबदेही तय की जायेगी।

## गिन्नी देवी कॉलेज में हुई साइबर क्राइम पर जागरूकता गोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पी.जी. कॉलेज, मोदीनगर में आज 'साइबर क्राइम और सुरक्षा उपाय' विषय पर एक महत्वपूर्ण जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य छात्राओं को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के लिए जागरूक करना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं के रूप में एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना, एसएचओ नरेश कुमार, पिंक बूथ प्रभारी सुउषा एवं साइबर सेल निरीक्षक अनिल कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं को बताया कि आज के डिजिटल युग में साइबर अपराध जैसे ऑनलाइन फ्रॉड, सोशल मीडिया हैकिंग, साइबर बुलिंग, पहचान की चोरी और ब्लैकमेलिंग तेजी से बढ़ रहे हैं।



वक्ताओं ने साइबर अपराध की पहचान, इससे बचाव के व्यावहारिक उपायों जैसे मजबूत पासवर्ड, टू- फैक्टर ऑथेंटिकेशन, संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करना, सोशल मीडिया गोपनीयता सेटिंग्स आदि पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही, उन्होंने साइबर अपराध के कानूनी पहलुओं और सहायता के लिए उपलब्ध सरकारी संसाधनों की जानकारी भी दी। इस संगोष्ठी में 54 छात्राओं ने भाग लिया और इसे अत्यंत उपयोगी एवं जागरूकता बढ़ाने वाला बताया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार राकेश शर्मा एव अनिल वशिष्ठ की भी उपस्थिति रही द्य कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्या प्रो. पूनम शर्मा के संरक्षण में किया गया। संचालन डॉ. सारिका गर्ग ने किया तथा डॉ. आकांक्षा सरस्वत व सुऐश्वर्या बहुगुणा ने सहयोग किया। इस अवसर पर कॉलेज की फैकल्टी सदस्य डॉ. ऋषिका पांडेय, डॉ. नूतन सिंह, सुरश्मि चौधरी, सुमंजू कन्नौजिया, सुशालू देवी, सुसुमनलता, सुमधुलिका, लोकेपाल तोमर, डॉ. मीनू अग्रवाल, डॉ. सरिता जैन, डॉ. राखी मित्तल, डॉ. चेतना, डॉ. शिखा त्यागी, डॉ. नम्रता शर्मा, डॉ. राखी शर्मा, डॉ. ईशा सचदेवा, डॉ. गीता त्यागी, डॉ. सारिका त्यागी, सुखुशबू, सुगर्गी, सुस्वीटी, सुफरहा, सुशिवानी, सुऋतु शर्मा सहित अनेक शिक्षकगण उपस्थित रहे। यह संगोष्ठी छात्राओं के लिए न केवल जानकारीवर्धक रही बल्कि उन्हें डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित और जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग करने हेतु प्रेरित भी किया।

मधुबन बापूधाम के ईडब्ल्यूएस भवनों में

## चल रही व्यवसायिक गतिविधियों के खिलाफ की गई सीलिंग की कार्रवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** उपाध्यक्ष द्वारा दिये गये सख्त निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी प्रवर्तन जोन-03 के नेतृत्व में आज दिनांक 06.08.2025 को मधुबन बापूधाम आवासीय योजना के अन्तर्गत बने ईडब्ल्यूएस भवनों में कुछ भवन स्वामियों द्वारा आवासीय भवनों में व्यवसायिक गतिविधियाँ की जा रही थी। प्राधिकरण द्वारा भवन स्वामियों को पूर्व में नोटिस दिये जाने के उपरान्त भी व्यवसायिक गतिविधियॉ जारी रखी गई, जिसके कारण इनके विरुद्ध सीलिंग की कार्यवाही की गई। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान प्रभारी प्रवर्तन जोन-03, सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता, प्राधिकरण के प्रवर्तन जोन-03 का समस्त स्टाफ व प्राधिकरण पुलिस बल उपस्थित रहा।

## श्री ठाकुर द्वारा बालिका विद्यालय में अलंकरण समारोह का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** श्री ठाकुर द्वारा बालिका विद्यालय में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें चयन प्रक्रिया के माध्यम से निम्न छात्राओं का चयन किया गया है। हेड गर्ल नंदिनी शर्मा, वाइस हेड गर्ल शांसी गोयल, लक्ष्मी सदन कैप्टन मानवी गौतम वाइस कैप्टन समीक्षा रजक गार्गी सदन कैप्टन रानी वाइस कैप्टन आकृति कस्तूरबा सदन कैप्टन अनन्या वाइस कैप्टन प्रतिभा यादव टेरेसा सदन कैप्टन हर्षिता चावला वाइस कैप्टन स्वर्णा सांस्कृतिक प्रशासक अंशु यादव उप सांस्कृतिक प्रशासक श्रुति खेल प्रशासक कनिका उपाध्याय उप खेल प्रशासक जाजा जैनब विद्यालय की शोभा बढ़ाने आई मुख्य अतिथि मेयर सुनीता दयाल ने नवनिर्वाचित छात्राओं को ईमानदारी से कर्तव्य पालन करने की शपथ दिलाई तथा अपनी जिम्मेदारियों को पूरे जोश और मन के साथ निर्वहन करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि हमें अपने आसपास स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिए क्योंकि विद्यालय ही एक ऐसा स्थान है, जहां एक छात्र राष्ट्र की प्रगति में सक्रिय योगदान देने के लिए तैयार होता है, और नेतृत्व क्षमता का विकास कर एक पीढ़ी को सही मार्ग पर ले जाता है। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम शर्मा ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि मुझे विश्वास है कि निर्वाचित छात्राएं अपने -अपने पदों की गरिमा को बनाए रखेगीं जिससे विद्यालय में अनुशासन बनाए रखने में मदद मिलेगी।

## आग लगने से लाखों की किताब जलकर राख

**गाजियाबाद।** लोनी स्थित ट्रॉनिका सिटी के सेक्टर बी-3 में स्थित एक प्रिंटिंग और बाइंडिंग फैक्ट्री में बुधवार, 06 अगस्त 2025 को दोपहर 12:07 बजे आग लगने की सूचना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।"प्रिंट पैक इंडिया" नामक यह फैक्ट्री प्लॉट नंबर डी-12 पर स्थित है, जिसके मालिक श्री रतनलाल शर्मा हैं। सूचना मिलते ही ट्रॉनिका सिटी फायर स्टेशन से मात्र 2 किलोमीटर दूर स्थित घटनास्थल पर तुरंत दो बड़े फायर टेंडर यूनिट्स रवाना किए गए। घटनास्थल पर पहुंचने पर पाया गया कि फैक्ट्री के तीन मंजिला भवन के अग्रभाग में सेटबैक एरिया में बने अस्थायी टिन शेड वाले कमरे में आग लगी थी, जहां पेपर कटिंग से निकले वेस्टेज पेपर का स्टॉक रखा हुआ था।

## किसान बिरादरी के हमदर्द थे सत्यपाल मलिकः टीटू





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** रालोद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंदरजीत सिंह टीटू ने पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि पूर्व राज्यपाल किसान बिरादरी के हमदर्द थे ऐसा महान व्यक्ति जिसने अपने लिए अपने जीवन को कम जिया समाज और देश के लिए अपने से ज्यादा छात्र राजनीति से लेकर राज्यपाल तक की भूमिका निभाने वाले सतपाल मलिक जी का हमारे बीच में से चले जाना किसान बिरादरी का एक बड़ा नुकसान स्वर्गीय सतपाल मलिक जी के दिल में किसान बसता था संवैधानिक पद पर भी रहते हुए उन्होंने हमेशा किसान के दर्द को समझा और उसको जाहिर भी किया।

निडर होकर इस शैली के कम ही लोग हो पाते हैं जो निडर होकर दूसरे के हक की बात करते हैं किसान के दिल में सतपाल मलिक साहब हमेशा रहते थे रहेंगे और उनके दिल में किसान रहता था ऐसा जीवन था पूर्व राज्यपाल स्वर्गीय सतपाल मलिक जी का मैं अपनी पार्टी की तरफ से अपने परिवार की तरफ से उनके चरणों में अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं। देश में कुछ नेता कुछ धार्मिक व्यक्ति कुछ सामाजिक व्यक्ति जमीन पर अपने लिए नहीं जीते वह जीते हैं समाज के लिए देश के लिए अपनी बिरादरी के लिए उनमें से एक थे।

## रक्षाबंधन शुद्धता व पवित्रता के बंधन का प्रतीक: दिव्य गुरु आशुतोष महाराज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राखी मात्र धागा नहीं, बल्कि भावनाओं का पुलिंदा है। इसका रेशा-रेशा उच्च व पवित्र भावनाओं में गुथा है। यह इन भावनाओं में समाई महान शक्ति ही है जिसने राखी का महान क्रांतिकारी इतिहास रचा। खून का सम्बन्ध न होने पर भी, जान पर खेलकर राखी के व्रत को निभाने वाला उम्मेदसिंह, राखी के एक आह्वान पर, अपनी जान की परवाह किए बगैर, जंग-ए-मैदान में कूद पड़ा। राखी के महीन धागे की आन रखने के लिए, उसने फिरोजशाह की सेना की ईंट से ईंट बजा दी! उसे तितर-बितर कर उखाड़ फेंका और अपनी बहन पन्ना को उसका राज्य सही-सलामत वापिस सौंप दिया। जब भगवान विष्णु राजा बलि के द्वारपाल के रूप में अधीन हो गए, तब लक्ष्मी जी ने इसी धागे का सहारा लेकर अपने स्वामी को बलि की दासता से मुक्त कराया था। अत: इस सूत्र की अनुपम कथाएं हमारे पौराणिक इतिहास तक को गौरवान्वित करती हैं। राखी को 'रक्षा-बंधन' भी कहा जाता है अर्थात एक ऐसा बंधन जिसमें दोनों ओर की रक्षा की कामना निहित है। बाँधने वाले की रक्षा की कामना तो है ही, बंधवाने वाले के लिए भी यह सूत्र एक अमोघ रक्षा कवच है। यही कारण है कि वैदिक काल में जब लोग ऋषियों के पास आशीष लेने जाया करते थे, तो ऋषि गण उनकी कलाइयों पर रक्षा-बंध बांधते थे। वैदिक मंत्रों से अभिमंत्रित मोली या सूत का धागा बांधकर उनकी रक्षा की मंगलकामना करते थे। सिर्फ बाँधने और बंधवाने वाले की रक्षा ही नहीं बल्कि समूचे भारत की संस्कृति की रक्षा इसमें छिपी है। आज भारत की संतानें एक ऐसे चौराहे पर जा खड़ी हुई हैं, जहां से भटकने की सद्भावनाएँ भरपूर है।

## वैश्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन 10 को: प्रेमचन्द गुप्ता



**गाजियाबाद।** दुर्गा वाशिंग पाउडर के चौयरमेन व वरिष्ठ समाजसेवी प्रेमचंद गुप्ता ने बताया कि अगला वैश्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन 10 अगस्त दिन रविवार को होगा साथ ही उन्होंने सभी से अनुरोध किया किया कि ज्यादा से ज्यादा फॉर्म भरवाए, जिससे कि रिश्ते ज्यादा से ज्यादा हो सके।

## किसानों की समस्याओं को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भारतीय किसान यूनियन (सर छोटू राम) के राष्ट्रीय पदाधिकारीयों ने जिलाधिकारी से मिलकर किसानो की जो विभिन्न समस्याएं हैं उन पर ज्ञापन दिया। ज्ञापन में जिसमें मोदी शुगर मिल पर गन्ना किसानों का करोड़ों रुपए का भुगतान बाकी है इसका तत्काल भुगतान ब्याज सहित कराया जाए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घोषणा की है कि गाजियाबाद को ग्रेटर गाजियाबाद बनाया जाए जिसके विस्तार की प्रक्रिया जिला स्तर और नगर निगम के स्तर पर चल रही है एवं जीडीए द्वारा हरनांदीपुरम नाम से नया शहर बसाने की घोषणा की है जिसमें प्रस्तावित 22 गांव की भूमि है अगर प्रस्तावित 22 गांव की भूमि अधिकृत की जाती है तो भूमि अधिग्रहण कानून के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र का चार गुना और शहरी क्षेत्र का दोगुना मुआवजा मिलता है।

अगर नगर निगम बनने से पहले अधिग्रहण होता है तो उसका मुआवजा चार गुना है और यदि ग्रामीण क्षेत्र को नगर निगम में लाना चाहता है तो उसका वर्तमान सर्किल रेट तत्काल बढ़ाया जाए तत्पश्चात उसका भूमि अधिग्रहण किया जाय, और जो किसानों को भूखंड दिए जाते हैं वह सभी भूखंड एक जगह दिए जाते हैं यह किसानों के साथ अन्याय है किसानों को जो 10 परसेंट भूखंड मिलने हैं वह प्रत्येक सेक्टर में विभाजित हो, और नगर निगम के अंतर्गत जो गांव है उन गांव की सड़क सीवर बिजली पानी के पीने आदि की समस्या है जिनका जल्द से जल्द निवारण क्या जाना अत्यंत जरूरी है, हरनंदीपुरम में किसानों की जमीन जो गाजियाबाद विकास प्राधिकरण किसानों से खरीद रहा है उसका भाव बाजार भाव से निर्धारित किया जाए।

ज्ञापन देने में भारतीय किसान यूनियन (सर छोटू राम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद चौधरी, राष्ट्रीय महामंत्री अजय प्रमुख, राष्ट्रीय प्रवक्ता एडवोकेट कुंवर अयूब अली, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सोनवीर चौधरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी, राष्ट्रीय सचिव सोनवीर खुटैल आदि लोगों की उपस्थिति रही।

## दर्जा प्राप्त मंत्री वीरू साहनी से की शिष्टाचार मुलाकात



**शाह टाइम्स संवाददाता**


**गाजियाबाद।** दर्जा प्राप्त मंत्री (चेयरमैन) मत्स्य जीवी सहकारी संघ उत्तर प्रदेश सरकार वीरू साहनी से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता विवेक त्यागी, भाजपा नेता अध्यक्ष राष्ट्रीय व्यापार मण्डल पश्चिम उत्तर प्रदेश रुद्र प्रताप सिंह त्यागी अमित तिसावर वाल्मीकि, नागेन्द्र कश्यप, आनंद कुमार लोकेश सिंह आदि सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आईटीएस डेंटल कॉलेज में किया गया

# मरीजों के लिए निःशुल्क डेन्चर शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आई.टी.एस डेंटल कॉलेज के प्रोस्थोडोंटिक्स ने पब्लिक हेल्थ डेन्टिस्ट्री विभाग के सहयोग से डेन्चर शिविर ''मुस्कान: एक पहल तक पहुंचने के लिए'' का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद एवं वरिष्ठ नागरिकों को निशुल्क कृत्रिम दांत (डेन्चर) की सुविधा प्रदान करना था, जिससे उनकी जीवनशैली में सुधार हो सके और उन्हें आत्मनिर्भरता का अनुभव हो।



इस पहल के तहत मरीजों को दो दिन के भीतर 82 से अधिक मरीजों को डेन्चर प्रदान किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण और शहरी स्थानों के आये मरीजों की मुफ्त में मौखिक जांच की गयी और दंत चिकित्सकों द्वारा सभी को मौखिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया गया। इसके अलावा बुजुर्ग मरीजों को बताया गया कि डेन्चर कई व्यक्तियों के आत्मविश्वास को बहाल करने और जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

इस अवसर पर आई.टी.एस डेन्टल कॉलेज में समाज के बुजुर्गो के अच्छे स्वास्थ्य और भलाई के लिए दांतों के जबड़े के रखरखाव तथा मौखिक स्वास्थ्य सेवाओं को ध्यान मे रखकर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान के प्रोस्थोडॉन्टिक्स विभाग द्वारा मुफ्त डेन्चर कैंप का आयोजन किया गया, जिसके तहत डेन्टल ओपीडी मे आने वाले मरीजों को दो दिन के भीतर प्रदान किया गया।

इसके साथ ही मरीजों के लिए कृत्रिम दांतों के विभिन्न प्रकार के विकल्प और उनके रखरखाव के बारे मे बताया गया एवं मरीजों भोजन एवं परिवहन की सुविधा उपलब्ध करायी गयी। इसी के साथ 82 से अधिक बुजुर्ग मरीजों को डेन्चर वितरित किये गये।

इस अवसर पर संस्थान के डायरेक्टर-प्रिंसिपल डॉ देवी चरण शेट्टी, डीन्स एवं सभी दंत विभागों के एच.ओ.डी भी उपस्थित रहें। इस सफल निशुल्क डेन्चर शिविर के आयोजन के लिये सभी मरीजों ने आई.टी.एस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ आर.पी. चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।

# लूट का विरोध करने पर चाकू से किए कई वार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** महेन्द्रा पार्क स्थित आजादपुर मंडी में लूट का विरोध करने पर एक कर्मचारी पर चाकू से कई वार किये। बदमाश उससे फोन व नकदी लूटने के बाद फरार हो गए। पुलिस मामला दर्ज करके आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

वारदात के बाद मंडी अधिकारियों व कर्मचारियों को खासा रोष है। उनका कहना है कि यह तो अब आए दिन का काम हो गया है।

जानकारी के मुताबिक घायल युवक की पहचान जाकिर अली के रूप में हुई है। महेन्द्रा पार्क पुलिस को बीती रात आजादपुर मंडी के गेट नंबर पांच और छह के बीच एक कर्मचारी को चाकू मारने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। जाकिर खून से लथपथ हालत में पड़ा था। पुलिस ने उसको तुरंत नजदीक के बाबू जगजीवन राम अस्पताल में भर्ती कराया गया। जाकिर को तीन से चार चाकू से वार किये थे।

स्थानीय लोगों ने बताया कि जाकिर चाकू से किडनी तक को नुकसान हुआ था। पुलिस वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है। मंडी के कर्मचारियों ने बताया कि मंडी के आसपास ड्रग्स का सेवन करने वाले दर्जनों लडके रात के वक्त अकेले आदमी को देखकर टारगेट करते हैं।

# प्राइवेट स्कूलों को फायदा पहुंचाने के लिए बिल लाई भाजपाः आतिशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आप नेता सीएम आतिशी ने निजी स्कूलों को लेकर लाए गए बिल पर भाजपा सरकार को घेरा। आप नेता आतिशी ने कहा कि भाजपा सरकार निजी स्कूलों को फायदा पहुंचाने के लिए बिल लेकर आई है। आगे कहा कि निजी स्कूलों की बढ़ाई गई फीस का अभिभावक विरोध कर रहे थे। जिसके बाद भाजरा सरकार ने अप्रैल में कहा कि वह बिल लेकर आ रहे हैं। लेकिन यह बिल चार महीने के बाद अगस्त में लाया गया। इसमें इतना समय क्यों लगा और इस बिल के लिए किसी से राय क्यों नहीं ली गई?आगे कहा कि दरअसल, यह बिल निजी स्कूलों को बचाने और उन्हें फीस बढ़ाने का मौका देने के लिए लाया गया है। यह बात कल विधानसभा में भाजपा के विधायक राजकुमार भाटिया ने मान भी ली। बीते मंगलवार को आप दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने अभिभावकों के प्रदर्शन में शामिल होकर उनकी मांगों का समर्थन किया।

सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली विधानसभा में निजी स्कूलों में फीस तय करने को लेकर जो कानून लाया जा रहा है, उस बारे में अभिभावकों से कोई राय नहीं ली गई। दिल्ली विधानसभा के पास चंदगी राम अखाड़ा पर अभिभावकों ने बढ़ी फीस वापस लो, स्कूल की मनमानी नहीं चलेगी, शिक्षा है व्यापार नहीं के नारे लगाए। अभिभावकों ने शिक्षा मंत्री आशीष सूद के इस्तीफे की मांग की थी।

सौरभ भारद्वाज ने कहा था कि अभिभावकों की मांग है कि सभी प्राइवेट स्कूलों का ऑडिट कराया जाए। भाजपा सरकार कह रही है कि वह हर स्कूल का ऑडिट करा चुकी है। लेकिन नए कानून में स्कूलों के ऑडिट का कोई प्रावधान नहीं है।

अगर स्कूल के खिलाफ शिकायत भी करनी होगी तो १५ फीसदी अभिभावकों की जरूरत पड़ेगी। अगर किसी स्कूल में तीन हजार बच्चे पढ़ रहे हैं तो ४५० अभिभावक हस्ताक्षर करेंगे तभी स्कूल के खिलाफ शिकायत की जा सकती है।

# चाणक्यपुरी में महिला सांसद से हुई लूट का किया पर्दाफाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** चाणक्यपुरी में महिला सांसद के साथ हुई लूट की घटना पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और चेन बरामद कर ली गई है।

कांग्रेस सांसद आर. सुधा की चेन छीनने के मामले को सुलझाते हुए दक्षिणी जिले की एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड ने हरकेश नगर, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया निवासी सोहन रावत उर्फ सोनू उर्फ बुग्गू को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से ३०.९० ग्राम की सोने की चेन, घटना में इस्तेमाल की गई चोरी की स्कूटी और चार मोबाइल फोन बरामद किए हैं। आरोपी के खिलाफ पहले भी चोरी, झपटमारी, लूट, शस्त्र अधिनियम के २६ आपराधिक मामले दर्ज हैं और हाल ही में वो २७ जून २०२५ को जेल से बाहर आया था। पुलिस आरोपी से पूछताछ करने में जुटी है। दिल्ली के सबसे सुरक्षित माने जाने वाले चाणक्यपुरी इलाके में लुटियंस जोन में तमिलनाडु हाउस व पोलैंड दूतावास के पास सोमवार सुबह स्कूटी सवार बदमाश ने कांग्रेस की महिला सांसद आर सुधा के गले से मोटी सोने की चेन झपट ली थी। घटना के समय सांसद आर सुधा, राज्यसभा की एक महिला सदस्य के साथ मॉर्निंग वॉक पर निकली थी।

वहीं, चाणक्यपुरी जैसे अति सुरक्षित और वीवीआइपी मूवमेंट वाले इलाके में महिला सांसद से हुई वारदात ने नई दिल्ली जिले में १५ अगस्त की तैयारियों को लेकर कड़ी सुरक्षा के दावों की पोल खोलकर रख दी है।

# विजेंद्र गुप्ता ने विधानसभा भवन की ऐतिहासिक विरासत को किया रेखांकित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने विधानसभा परिसर के उस स्थान का भ्रमण कराया जिसे 'फांसीघर' कहकर प्रस्तुत किया गया था। भ्रमण का उद्देश्य तथ्यों के आधार पर ऐतिहासिक सच्चाई स्पष्ट करना और इस प्रकार की भ्रामक धारणाओं को दूर करना था। गुप्ता ने स्पष्ट शब्दों में कहा, "यहां फांसीघर जैसा कोई स्थान कभी नहीं रहा है। न तो कोई ऐतिहासिक प्रमाण है, न ही कोई अभिलेखीय आधार। यह पूरी तरह से एक मिथ्या प्रस्तुति है। भ्रमण के दौरान अध्यक्ष ने विधानसभा भवन के ऐतिहासिक विकास की जानकारी देते हुए बताया कि इस इमारत की कहानी ११ दिसंबर १९११ से शुरू होती है, जब किंग जॉर्ज पंचम के दिल्ली दरबार में तत्कालीन वायसराय द्वारा भारत की राजधानी को कलकत्ता से दिल्ली स्थानांतरित करने की ऐतिहासिक घोषणा की गई थी।

१९१२ में इस विधानसभा कक्ष का निर्माण प्रसिद्ध ब्रिटिश वास्तुकार ई. मोंटेग्यू थॉमस के डिजाइन में आरंभ हुआ और मात्र आठ महीनों में फकीर चंद ठेकेदार की देखरेख में कार्य पूर्ण हुआ। यह भवन पहले इंपीरियल लेजिस्लेटिव काउंसिल तथा १९१९ के बाद सेंट्रल लेजिस्लेटिव असेंबली का कार्यस्थल रहा। इसके मूल स्थापत्य चित्र आज भी राष्ट्रीय अभिलेखागार में संरक्षित हैं। गुप्ता ने भ्रमण के दौरान भवन की प्रमुख विशेषताओं की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए बताया कि अध्यक्ष कक्ष के दोनों ओर बराबर दूरी पर दो एक जैसे लिफ्ट शाफ्ट स्थित हैं, जो ब्रिटिश काल में सदस्यों तक टिफिन पहुँचाने के लिए बनाए गए थे।



विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली विधानसभा भवन की ऐतिहासिक विरासत को रेखांकित करते हुए।

# नकली जीवन रक्षक दवाओं के निर्माण, बिक्री व आपूर्ति में लिप्त सरगना सहित छह आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने नकली जीवन रक्षक दवाओं के निर्माण, बिक्री और आपूर्ति की अवैध गतिविधियों में लिप्त सरगना सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से नकली अल्ट्रासेट, ऑगमेंटिन ६२५, पैन-४० और बेटनोवेट-एन स्किन क्रीम का भारी जखीरा जब्त किया है।इस रैकेट का नेटवर्क उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद, देवरिया, गोरखपुर, हरियाणा के पानीपत और जींद, हिमाचल प्रदेश के बद्दी और सोलन में फैला हुआ है।इन नकली दवाओं के निर्माण और पैकेजिंग में शामिल दो कारखानों का जींद, हरियाणा और बद्दी, हिमाचल प्रदेश में भंडाफोड़ हुआ है।

दिल्ली पुलिस अपराध शाखा पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने बताया कि दिल्ली में नकली दवाओं की एक खेप आने के बारे में हेड कांस्टेबल जितेंद्र से खुफिया जानकारी मिलने के बाद,एसीपी भगवती प्रसाद की देखरेख में इंस्पेक्टर पवन के नेतृत्व में टीम ने कम्पनियों के कानूनी प्रतिनिधियों और तकनीकी विशेषज्ञों के साथ समन्वय स्थापित कर सिविल लाइंस,में एक वैगनआर कार को रोककर मोहम्मद आलम और मोहम्मद सलीम को नकली दवाओं के साथ पकड़ लिया।लैब परीक्षणों ने दवाओं के नकली होने की पुष्टि की। आगे की जांच से पता चला है कि सिंडिकेट एक सुव्यवस्थित अंतरराज्यीय नेटवर्क के माध्यम से संचालित होता था।आरोपी मोहम्मद आलम और मोहम्मद जुवैर का परिचय अरुण और प्रेम जैसे नकली दवा आपूर्तिकर्ताओं से पोस्ट और संदेशों के जरिए हुआ था। ये दवाइयाँ अरुण (महाराजगंज), कोमल (करनाल), सुमित (गोरखपुर) और अन्य आपूर्तिकर्ताओं से प्राप्त की जाती थीं। इन दवाओं में न केवल अल्ट्रासेट और ऑगमेंटिन, बल्कि जीरो डोल एसपी, पैंटॉप डीएसआर, कनकॉर्ट इंजेक्शन और भी बहुत कुछ शामिल था।

सरगना राजेश मिश्रा ने दवा निर्माण के अपने पिछले अनुभव का इस्तेमाल करके जींद में परमानंद द्वारा महा लक्ष्मी नाम से संचालित एक गुप्त इकाई के जरिए नकली दवा उत्पादन फिर से शुरू किया। भुगतान मोबाइल वॉलेट और बारकोड के जरिए किए जाते थे, या फिर रिश्तेदारों के खातों के जरिए भेजे जाते थे ताकि जानकारी छिपाई जा सके। बरामद मोबाइल फोनों से ऐसे संपर्कों का पता चला जिनमें छद्म नाम थे, जिससे पता चलता है कि इन्हें जानबूझकर छिपाया गया था। खुदरा वितरण विश्वसनीय मेडिकल स्टोरों के माध्यम से या बिना लाइसेंस वाले ग्रामीण चिकित्सकों (जिन्हें ष्झोला छाप डॉक्टरष कहा जाता है) को सीधे आपूर्ति के माध्यम से होता था।

# मुख्यमंत्री ने किया दिल्ली पुस्तक मेले का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भारत मंडपम, प्रगति मैदान में '२९वें दिल्ली पुस्तक मेला २०२५' का उद्घाटन किया। फेडरेशन ऑफ इंडियन पब्लिशर्स (एफआईपी) और इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गनाइजेशन (आईटीपीओ) द्वारा आयोजित यह आयोजन दिल्ली सरकार के सहयोग से ६ से १० अगस्त तक चलेगा। इस पुस्तक मेले के साथ २५वां स्टेशनरी फेयर और ९वां ऑफिस ऑटोमेशन एवं कॉर्पोरेट गिफ्ट फेयर भी जोड़ा गया है, जिससे यह मेला न केवल साहित्यिक, बल्कि शैक्षिक, व्यापारिक और रचनात्मक संवाद का भी केंद्र बन गया है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने उद्बोधन में पुस्तक मेले को एक भावनात्मक यात्रा बताया। उन्होंने कहा किताबें जीवन की सबसे सच्ची और नि:स्वार्थ मित्र हैं, जो न अपेक्षा करती हैं, न शर्त रखती हैं, केवल साथ निभाती हैं। यह मेला उस मित्रता का उत्सव है। उन्होंने कहा किताबें केवल पन्ने नहीं बल्कि पीढ़ियों को दिशा देने वाले पथप्रदर्शक हैं। उन्होंने दिल्ली बुक फेयर को न केवल एक वार्षिक आयोजन, बल्कि पीढ़ियों की स्मृतियों से जुड़ा एक 'सांस्कृतिक संस्कार' बताया।

उन्होंने बच्चों, युवाओं और अभिभावकों को पुस्तक संस्कृति से जुड़ने का आमंत्रण दिया और आयोजकों को इस विरासत को आगे बढ़ाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति और भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने पुस्तक मेले को साहित्य, संस्कृति और विचारों का महाकुंभ बताया। उन्होंने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि आज दिल्ली को एक ऐसा नेतृत्व मिला है, जो केवल राजनीतिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना से भी समृद्ध है।

# सीएम ने 'बहनों के बनाए' रक्षाबंधन गिफ्ट पैक का किया लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली विधानसभा में शाहदरा जिले की महिला सेल्फ हेल्प ग्रुप द्वारा तैयार किए गए विशेष हस्तनिर्मित राखी गिफ्ट पैक का लोकार्पण किया।



मुख्यमंत्री ने बताया कि इन गिफ्ट पैक्स को सभी वरिष्ठ नेताओं को भेंट स्वरूप भेजा जाएगा। इनमें विभिन्न हस्तनिर्मित उत्पाद शामिल हैं, जिन्हें स्थानीय महिलाओं ने अपने हुनर और मेहनत से तैयार किया है। इस कदम से ना सिर्फ इन मेहनतकश महिलाओं के कला को सम्मान मिलेगा बल्कि साथ ही इन्हें आत्मनिर्भर बनाने की राह भी आसान होगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया यह पहल सेल्फ हेल्फ ग्रुप के शलखपति दीदीश मिशन के तहत की गई है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि ये गिफ्ट पैकख्रजिनमें राखी, रोली, चावल, मिठाई, सत्तू, अगरबत्ती आदि पारंपरिक उत्पाद शामिल हैं।

पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं को मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से भेंट किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन उपहारों में बहनों का हुनर, परिश्रम और आत्मनिर्भरता की भावना समाहित है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा यह सिर्फ एक गिफ्ट पैक नहीं, 'लखपति दीदी' अभियान के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक प्रतीकात्मक पहल है। हमारा लक्ष्य है कि दिल्ली की हर बहन आत्मनिर्भर बने और उसके उत्पाद समाज में सम्मान के साथ पहुंचे।

उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि दिल्ली सरकार इन उत्पादों को बड़े बाजारों तक पहुँचाने में मदद करेगी ताकि आय का सीधा लाभ इन महिलाओं को मिले और इनके आत्मनिर्भरता के स्वप्न को नया पंख मिले।




मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भारत मंडपम, प्रगति मैदान में दिल्ली पुस्तक मेला का उद्घाटन करते हुए।

# डूसू चुनावों के दौरान विरूपण के प्रति बरती जाएगी जीरो टोलरेंस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के मुख्य चुनाव अधिकारी और प्रॉक्टोरियल बोर्ड ने मौरिस नगर के थाना प्रभारी के साथ मिलकर डूसू चुनाव २०२५-२६ के सुचारू संचालन हेतु दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर कार्यालय में डूसू पदाधिकारियों और छात्र प्रतिनिधियों के साथ गत दिवस एक बैठक बुलाई। डूसू चुनाव समिति और प्रॉक्टोरियल बोर्ड ने छात्र प्रतिनिधियों को आगामी डूसू चुनाव २०२५-२६ के दौरान चलाए जा रहे विरूपण विरोधी अभियान के बारे में जानकारी दी।

समिति ने प्रतिनिधियों को यह भी बताया कि वर्तमान डूसू चुनावों के दौरान पोस्टरों द्वारा विरूपण के प्रति जीरो टोलरेंस बरती जाएगी। उम्मीदवारों को निर्धारित व्यय सीमा के भीतर प्रचार के लिए केवल हस्तनिर्मित पोस्टरों का ही उपयोग करना होगा। काले शीशे वाले या बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों की अनुमति नहीं है और उसे तुरंत जब्त कर लिया जाएगा। छात्र प्रतिनिधियों ने इस नोट को गंभीरता से लिया और आश्वासन दिया कि डूसू चुनावों में किसी भी प्रकार का विरूपण नहीं होगा। उन्होंने विश्वविद्यालय के प्रत्येक कॉलेज में अलग वॉल ऑफ डेमोक्रेसी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया, जिस पर समिति ने ध्यान दिया और छात्र प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि कॉलेज चुनाव और डूसू चुनाव के लिए भी अलग से वॉल ऑफ डेमोक्रेसी उपलब्ध कराने हेतु प्रत्येक कॉलेज को प्रस्ताव भेजा जाएगा।

विश्वविद्यालय के प्रॉक्टोरियल बोर्ड ने मुख्य चुनाव अधिकारी के साथ मिलकर डूसू चुनाव २०२५-२६ के दौरान कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए कॉलेजों के प्राचार्यों, विभागाध्यक्षों, छात्रावासों के प्रोवोस्ट/वार्डन, दिल्ली के डीसीपी/ एसीपी/एसएचओ के साथ एक ऑनलाइन बैठक भी की है।

# सिंचाई व बाढ़ नियंत्रण विभाग के घोटाले में ठेकेदार को मिली जमानत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू स्थित विशेष न्यायाधीश की अदालत ने सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण (आई एवं एफसी) में फर्जी बिलिंग के जरिये ५.५९ करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार किए गए ठेकेदार अरुण गुप्ता को नियमित जमानत दे दी है।विशेष न्यायाधीश दीपाली शर्मा की अदालत ने आरो. पित को ५० हजार रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि की एक जमानती पर रिहा करने का आदेश दिया। अदालत ने माना कि आरोपित ३० जून २०२५ से न्यायिक हिरासत में है, उसकी पुलिस रिमांड समाप्त हो चुकी है और उससे संबंधित मुख्य जांच लगभग पूरी हो चुकी है।

अदालत ने यह भी माना कि आरोपित एक निजी व्यक्ति है, जबकि मामले में शामिल सरकारी अधिकारियों की भूमिका की जांच अभी शेष है। अदालत ने आरोपित पर जांच में पूरा सहयोग करने, किसी भी गवाह को प्रभावित नहीं करने, बिना अनुमति देश नहीं छोड़ने और भविष्य में ऐसे किसी अपराध में शामिल नहीं होने की शर्त लगाई है। लोक अभियोजक ने जमानत का विरोध करते हुए दलील दी कि आरोपित ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत गंभीर अपराध किए हैं। अभियोजन ने यह भी कहा कि सरकारी धन की इतनी बड़ी हेराफेरी गंभीर मामला है और जांच अभी जारी है। वहीं, बचाव पक्ष ने कहा कि अरुण गुप्ता एक मान्यता प्राप्त ठेकेदार हैं और उसने विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार ही कार्य किया। अधिवक्ता ने दावा किया कि विवादित भुगतान विभागीय मंजूरी के बाद हुआ और इस पूरे विवाद से जुड़े कई बिंदु वर्तमान में मध्यस्थता की प्रक्रिया में हैं।

# नौकरी के इच्छुक पसंद कर रहे रिमोट वर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** इनडीड पर भारत के औपचारिक क्षेत्र में नौकरियों का सृजन जून, 2025 में स्थिर बना रहा, जबकि मई में मजबूत वृद्धि के बाद नौकरियों के विज्ञापनों में मामूली 0.6 प्रतिशत की बढ़त दर्ज हुई। साल-दर-साल 4.8 प्रतिशत की गिरावट के बावजूद नौकरियों के विज्ञापन महामारी से पहले के स्तर से 80 प्रतिशत अधिक हैं, जिससे औपचारिक नौकरियों के लिए नियुक्तियों की मजबूती प्रदर्शित होती है।

इनडीड का हायरिंग लैब डेटा औपचारिक अर्थव्यवस्था में रोजगारप्रदाताओं द्वारा नियुक्तियाँ प्रदर्शित करता है, जिससे भारत में हो रहे आर्थिक परिवर्तन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होती है। दूसरी ओर, अनौपचारिक नौकरियों की व्यापकता अभी भी बहुत ज्यादा है, जिसके आँकड़े अक्सर नहीं लिए जाते हैं।

इनडीड के एशिया पैसिफिक सीनियर इकॉनॉमिस्ट, कैलम पिकरिंग ने कहा, भारतीय कार्यबल हर माह धीरे-धीरे औपचारिक ढांचे की ओर बढ़ रहा है।

देश में चल रहे इस परिवर्तन के साथ औपचारिक क्षेत्र में होता नौकरियों का सृजन पूरे देश में हो रही रोजगार वृद्धि को पीछे छोड़ देगा। यह ट्रेंड पिछले कुछ सालों से लगातार देखने में आ रहा है। रोजगारप्रदाताओं द्वारा कर्मचारियों को ऑफिस की दिनचर्या में वापस लाने की कोशिशों के बाद भी रिमोट वर्क नौकरी के इच्छुकों को आकर्षित कर रहा है। जून, 2025 में नौकरी के 8.7 प्रतिशत विज्ञापनों में ''वर्क फ्रॉम होम'' या ''हाईब्रिड वर्क'' जैसे की-वर्ड देखने को मिले, जो पिछले साल के मुक. ाबले 1 प्रतिशत ज्यादा हैं, पर साल 2020 में 11.3 प्रतिशत के मुकाबले अभी भी काफी कम हैं।रिमोट वर्क के अवसर पहले ज्यादा रहे हैं, पर नौकरी के इच्छुकों की रुचि इन नौकरियों में इससे अधिक पहले कभी नहीं थी। भारत में हर नौ में से लगभग एक नौकरी का इच्छुक रिमोट वर्क के अवसर चाहता है और यह आँकड़ा पिछले एक साल में 1.5 प्रतिशत पॉईंट बढ़ा है।

# 'आप' की राजनीति निजी स्कूल शिक्षा के विरोध पर आधारित रहीः सचदेवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की दस साल आम आदमी पार्टी की राजनीति निजी स्कूल शिक्षा के विरोध पर आधारित रही पर अरविंद केजरीवाल ने कभी स्कूलों की मनमानी रोकने का कोई कानूनी प्रयास नही किया और अब भाजपा सरकार द्वारा स्कूल फीस रेगूलेशन बिल लाने से बौखला गयी है।

सचदेवा ने कहा है की 'आप' नेता आतिशी मार्लेना लगभग १० साल दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था से जुड़ी रहीं पहले ८ वर्ष तत्कालीन शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया की असंवैधानिक सहयोगी के रूप में फिर अंतिम दो वर्ष शिक्षा मंत्री एवं मुख्य मंत्री रहीं पर उन्होने दिल्ली के निजी स्कूलों पर कोई कानूनी नकेल नही कसी और आज बेशर्मी के साथ ब्यानबा. जी कर अभिवावकों को गुमराह करने की कोशिश कर रही हैं।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की २०११ से २०२५ की आम आदमी पार्टी की राजनीतिक यात्रा दिखाती है की यह सत्ता में रहें या विपक्ष में इनका राजनी. तिक अस्तित्व केवल मीडिया में ब्यानबाजी पर टिका है। आज 'आप'नेता जितने सुझाव एवं संसोधन दिल्ली स्कूल फीस रेगूलेशन बिल पर रख रहे हैं यदि यह फीस रेगूलेशन पर इतने ही सच्चे होते तो अपने कार्यकाल में कानूनी बिल ले आते।

# अवैध शस्त्र फैक्ट्री का पर्दाफाश, एक आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड नगर पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसकी निशानदेही पर 6 बने-अधबने अवैध तमंचे तथा अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए है।





एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि थाना हापुड़ नगर कोतावाली पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का पर्दाफाश करते हुए थाना क्षेत्र के अमीपुर नगौला से मुकीमपुर की ओर जाने वाले रास्ते पर रेलवे ओवर ब्रिज के पास से एक आरोपी महेश पुत्र रामशरण निवासी मुकीमपुर थाना भोजपुर जनपद गाजियाबाद बताया हाल पता अशोक नगर थाना पिलखुवा जनपद हापुड़ को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर 6 बने-अधबने अवैध तमंचे तथा अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अवैध शस्त्रों को बनाकर, डिमाण्ड आने पर अपराधी किस्म के लोगों को सप्लाई करता था। साथ ही प्रत्येक अवैध तमंचे को जनपद हापुड, अलीगढ़, गाजियाबाद व आस पास के क्षेत्र में 5-7 हजार रूपये में बेचकर आर्थिक लाभ कमाता था। एसपी ने बताया कि आरोपी की निशानदेही पर 3 अवैध तमंचे 315 बोर, 3 अवैध तमंचे अर्धनिर्मित, तमंचे बनाने के उपकरण 7 गिलन्डर के पत्ते, 7 नाल बनी/अधबनी, 1 गिलेन्डर मशीन, 1 वैल्डिग मशीन, 1 लोहे का ठिया, 11 ट्रेगर, 206 हैमर, 4 पाइप बैरल के, 2 रेती बडी, 3 छोटी रेती, 2 पेचकस, 1 प्लास, 1 हथोडी, 3 सुम्मी आदि बरामद की है। उन्होंने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हापुड़ नगर पर आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज करते हुए आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली पुलिस ने एक मुठभेड़ के बाद 25,000 रुपये के इनामी बदमाश आमिर उर्फ नवाब को गिरफ्तार कर लिया है। यह मुठभेड़ तब हुई जब पुलिस वाहनों की जाँच कर रही थी। आमिर, जो मेरठ के फलावदा कस्बे का रहने वाला है, होंडा सिटी कार में सवार था। जब पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, तो उसने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली लगने से आमिर घायल हो गया और उसे मौके पर ही पकड़ लिया गया। हालाँकि, उसका एक साथी अँधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहा। पुलिस ने फरार बदमाश को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि इस मुठभेड़ में पुलिस ने दो बदमाशों को घेरा था, जिनमें से एक को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि अब पुलिस आमिर के आपरा. धिक इतिहास की जाँच कर रही है और उसके खलिाफ दर्ज मामलों की जानकारी जुटा रही है।

# भाकियू ने किसानों की समस्याओं को केंद्र सरकार तक पहुंचाने का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकट के आदेश अनुसार भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी कुशल पाल आर्य के नेतृत्व में टिकैत संगठन का डेलीगेट जम्मू कश्मीर संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए व वहा के किसानों की बदहाली आर्थिक स्थिति को समझकर केंद्र सरकार के सामने रखेगा जिससे जम्मू कश्मीर व कश्मीर के किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए पुरे देश को वहां की अवगत कराएंगे।



भारतीय किसान यूनियन टिकैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी कुशल पाल आर्य ने पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानजय सिंह के माध्यम से जम्मू कश्मीर की इंटेलिजेंट को सूचना दी। भारतीय किसान यूनियन टिकैत संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी कुशल पाल आर्य के नेतृत्व में किसानो की विभिन्न समस्याओं को समझ कर केंद्र कृषि मंत्री के सामने रखा जाएगा जिससे वहां के किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके तेजपाल सिंह जाटव जिला महासचिव, डा. प्रीतम सिंह जिला अध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ टिकैत हापुड़ लताफत चौधरी, इंद्रजीत सलौनी, परविंदर गोस्वामी जिला सचिव, गुड्डू उर्फ राजकुमारी जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा, वासु बिरयानी वाले, शाहिद अली बड़का नगला जिला उपाध्यक्ष, अमर सिंह नवादा, इसरार गुरु वेट, मतलब सैना, आसिफ बक्सर, विनोद गौतम हापुड़ आदि दर्जनों टिकैट संगठन के कार्यकर्ता रवाना हुए।

# जिलाधिकारी कार्यालय में भावनाओं का उमड़ा सैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** रक्षाबंधन से पहले बुधवार को जनसुनवाई के दौरान जिला. धिकारी कार्यालय में ऐसा दृश्य देखने को मिला, जिसने न सिर्फ माहौल को भावुक कर दिया, बल्कि वहां मौजूद सभी लोगों के दिलों को भी छू लिया।




जिलाधिकारी अभिषेक पांडे जब फरियादियों की भीड़ और फाइलों के ढेर के बीच लोगों की समस्याएं सुनने में व्यस्त थे, तभी अचानक उनके कार्यालय का दरवाज़ा खुला और अंदर आई कुछ नन्हीं बच्चियां। कक्षा में पढ़ने वाली ये छोटी-छोटी छात्राएं मुस्कुराती आंखों और सजी हुई थालियों के साथ आई थीं, जिनमें राखी, मिठाई और भाई के लिए असीम स्नेह भरा हुआ था। जैसे ही जिलाधिकारी ने इन मासूम बच्चियों को अपनी ओर आते देखा, उनके चेहरे पर एक हल्की सी मुस्कान फैल गई। लेकिन यह मुस्कान कुछ ही क्षणों में भावनाओं की लहर में तब्दील हो गई, जब बच्चियों ने उनके पास आकर राखी बांधने की अनुमति मांगी। बच्चियों ने अपने हाथों से उनकी कलाई पर राखी बांधी, मिष्ठान खिलाया और उनकी लंबी उम्र की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं। इस आत्मीय दृश्य ने डीएम अभिषेक पांडे को भी भावुक कर दिया। उन्होंने बच्चियों को स्नेहपूर्वक आशीर्वाद दिया और अपने 'नन्हीं बहनों' को उपहार भी भेंट किए। बच्चियों ने विदा होते हुए एक बार फिर मुस्कुराते हुए भैया को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। उनके चेहरे की मासूम खुशी और जिलाधिकारी की नम आंखों से छलकती आत्मीयता इस बात की गवाही थी कि प्रशासनिक जिम्मेदारियों के बीच भी मानवीय रिश्तों की डोर हमेशा जीवित रहती है।

# महिला आयोग की सदस्य ने सुनी लोगों की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बुधवार को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य मनीषा अहलावत ने गढ़मुक्तेश्वर में कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम किए। मनीषा अहलावत ने गढ़मुक्तेश्वर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद तहसील सभागार में एक जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 6 पीड़ित महिलाओं की शिकायतें सुनी गईं, जिनमें पारिवारिक विवाद, दहेज उत्पीड़न और मारपीट से संबंधित मामले शामिल थे।




मनीषा अहलावत ने संबंधित थाना प्रभारियों को इन मामलों में तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, क्षेत्राधिकारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, महिला थाना प्रभारी और जिला प्रोवेशन अधिकारी सहित कई अन्य अधिक.ारी मौजूद रहे। जनसुनवाई के बाद मनीषा अहलावत ने एक स्वास्थ्य कैंप और ब्लड बैंक शिविर का भी उद्घाटन किया।

# सिद्धि विनायक अस्पताल में राज्य मंत्री का भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा क्षेत्र के प्रतिष्ठित सिद्धि विनायक अस्पताल में बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री वीरू सहानी के आगमन पर भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जैसे ही मंत्री सहानी अस्पताल परिसर में पहुंचे, उनके सम्मान में फूल-मालाओं से भव्य अभिनंदन किया गया। अस्पताल प्रबंधन और स्थानीय नागरिकों द्वारा उनके स्वागत में कोई कसर नहीं छोड़ी गई।



इस स्वागत समारोह की अगुवाई अस्पताल के मैनेजिंग डायरेक्टर डा. अनिल कुमार कश्यप और संरक्षक डा. मदन पाल सिंह ने की। दोनों वरिष्ठ चिकित्सकों ने राज्य मंत्री को अस्पताल की उपलब्धियों, सुविधाओं और आगामी विस्तार योजनाओं की जानकारी दी। मंत्री शहानी ने भी अस्पताल का निरीक्षण करते हुए विभिन्न विभागों की व्यवस्थाओं की सराहना की। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक सम्मानित नागरिक और विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### डग्गामार वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग की कार्रवाई, 12 ऑटो व 2 टाटा मैजिक जब्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में परिवहन विभाग ने एक बड़ा अभियान चलाया है, जिसमें उन्होंने रोडवेज बस अड्डे के बाहर से यात्रियों को ले जाने वाले 12 ऑटो और 2 टाटा मैजिक को जब्त कर लिया है। ये वाहन अवैध रूप से यात्रियों को बसों से पहले बैठा रहे थे, जिससे रोडवेज को आर्थिक नुकसान हो रहा था। रोडवेज बस अड्डा से किठौर और मोदीनगर के लिए बसें चलती हैं, लेकिन डग्गामार वाहन चालक यात्रियों को अड्डे तक पहुँचने से पहले ही बैठा लेते थे। एआरएम रणजीत सिंह, एआरटीओ प्रवर्तन रमेश कुमार चौबे और पीटीओ आशुतोष की टीम ने यह कार्रवाई की। जब्त किए गए वाहनों में यात्री बैठे हुए थे। चालकों के पास प्रदूषण, फिटनेस, और बीमा जैसे जरूरी दस्तावेज भी नहीं थे। सभी जब्त किए गए वाहनों को रोडवेज डिपो परिसर में भेज दिया गया है और बिना दस्तावेजों के चल रहे वाहन चालकों को भी चेतावनी दी गई है।

### सड़क हादसे में अधिवक्ता की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर हुए एक सड़क हादसे में अधिवक्ता नरेश तोमर की मौत हो गई है। यह घटना बुधवार को तब हुई जब निजामपुर के पास उनकी वैगनार कार सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से जा टकराई। हादसे में नरेश तोमर गंभीर रूप से घायल हो गए थे और उन्होंने दम तोड़ दिया।

पुलिस ने मामले की जांच के लिए घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज भी बरामद किए हैं। नरेश तोमर की अचानक मौत से उनके परिवार में मातम छा गया है, और हापुड़ के अधिवक्ता समुदाय में शोक की लहर दौड़ गई है। सभी ने उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

### तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** आपरेशन शस्त्र अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड़े देहात पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्ज़े से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किया है।

थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड़े देहात पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान एक युवक को मंसूरपुर कब्रिस्तान के पास से गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से एक अवैध तमंया मय एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि युवक कि पहचान ओमवीर पुत्र देशराज रूप में हुई है। फिलहाल युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पंहुचा दिया गया है।

### रक्षाबंधन 9 अगस्त को भद्रा रहित, सर्वार्थसिद्धि व सौभाग्य योग में भाई-बहन के प्रेम का पावन उत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भाई बहन के प्रेम सौहार्द, रक्षा संकल्प का पावन पर्व रक्षाबंधन सर्वार्थसिद्धि योग व सौभाग्य योग में भद्रा रहित 09 अगस्त शनिवार को मनाया जाएगा। भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा अध्यक्ष ज्योतिर्विद पंडित के सी पाण्डेय काशी वाले ने बताया कि श्रावण पूर्णिमा 08 अगस्त को दोपहर 2.12 बजे से 09 अगस्त को दोपहर 1.24 तक है। श्रवण नक्षत्र 09 अगस्त को दोपहर 2.23 तक रहेगा अत: व्रत की पूर्णिमा 08 अगस्त को तथा स्नान दान की पूर्णिमा एवं रक्षाबंधन पर्व 09 अगस्त को रहेगा। शास्त्रमत अनुसार रक्षाबंधन सूर्योदयकालीन पूर्णिमा के साथ श्रवण नक्षत्र में भद्रारहित अपरान्हकालीन पर्व है चुंकि 09 अगस्त को सूर्योदय 5.49 बजे से सुबह 7.25 तक अशुभ गुलिक काल एवं काल की चौघड़िया तथा सुबह 9.06 बजे से सुबह 10.45 तक राहुकाल है अत: सुबह 7.25 से दोपहर 2.23 तक लगातार अत्यंत शुभ मुहूर्त श्रवण नक्षत्र, सर्वार्थसिद्धि योग, शुभ की चौघड़िया, स्थिर लग्न, सौभाग्य योग,अभिजीत मुहूर्त, बल एवं विजय मुहूर्त में राहुकाल को छोड़कर बहने भाई की कलाई में राखी बांधे इससे भाई व बहन दोनों को आयु,यश, कीर्ति, प्रेम के साथ समृद्धि प्राप्त होगा। शुभ मुहूर्त में अभिमंत्रित रक्षासूत्र बांधकर उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और समृद्धि की कामना करें तो निश्चित ही आपका कल्याण होगा। अर्थात रक्षाबंधन को प्रतिपदा से युक्त न करे क्योंकि नन्दा प्रतिपदा के दर्शन में रक्षादशा में बलिदान होता है अर्थात् शुभ नहीं होता इसलिए विशेष परिस्थिति में ही धनिष्ठा नक्षत्र के साथ दोपहर बाद से रात्रिकाल तक रक्षासूत्र बांधना चाहिए।

# देशी शराब के ठेके पर ओवर रेटिंग की वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले में लगातार शराब की ओवर रेटिंग के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे है। ताज़ा मामला नगर कोतवाली क्षेत्र के चितोली रोड पर से सामने आया है, जहाँ देशी शराब पर ओवर रेटिंग का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह मामला नगर कोतवाली क्षेत्र के चितौली रोड पर स्थित एक देसी शराब के ठेके का है।

वायरल वीडियो में, ठेके पर काम करने वाला सेल्समैन शराब को उसके प्रिंट रेट से 25 रूपये अधिक में बेचते हुए दिख रहा है। यह वीडियो किसी व्यक्ति ने बनाया और सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। वीडियो के वायरल होने के बाद आबकारी विभाग ने इस मामले का संज्ञान लिया और जांच शुरू कर दी है। जिला आबकारी अधिकारी ने पुष्टि की है कि वायरल वीडियो की जाँच की जा रही है और रिपोर्ट के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी। यह पहली बार नहीं है जब जिले में शराब के ठेकों पर ओवररेटिंग के मामले सामने आए हैं। पहले भी ऐसी कई वीडियो वायरल हुई हैं, जिसके बाद आबकारी विभाग ने कार्रवाई की है। इसके बावजूद, हापुड़ जिले में लगातार ओवररेटिंग की शिकायतें मिल रही हैं।

# जेएमएसआईटी में विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मसूरी जेएमएस इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, गाज़ियाबाद में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए बी.टेक. पॉलिटेक्निक, बी.फार्मा, डी.फार्मा, एम.बी.ए. एवं एम.सी.ए. पाठ्यक्रमों में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत में एक भव्य ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को संस्थान की शैक्षणिक संरचना, अनुशासन व्यवस्था, सुविधाओं और भविष्य की योजनाओं से परिचित कराना था।

कार्यक्रम की शुरुआत बी.एच.यू., वाराणसी के प्रख्यात मोटिवेशनल स्पीकर प्रो. डा. बी.डी. सिंह द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। डा. सिंह ने विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने, नैतिक मूल्यों को अपनाने और आत्मविकास की दिशा में सतत प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी। संस्थान के चेयरमैन राक.ेश सिंहल ने विद्यार्थियों का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए कहा, यह दिन आपके जीवन की एक नई शुरुआत है। आपने हमारे संस्थान को अपने भविष्य के निर्माण के लिए चुना, यह हमारे लिए गर्व की बात है। यह ओरिएंटेशन कार्यक्रम केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि हमारे शैक्षणिक, सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों से आपके जुड़ाव का प्रथम कदम है। कार्यक्रम के समापन पर कम्प्यूटर एप्लिकेशन विभागाध्यक्ष अंकुर चौधरी ने पीपीटी के माध्यम से संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों, शैक्षणिक ढांचे एवं संस्थान की वैल्यूज विजन, मिशन और लक्ष्य की विस्तृत जानकारी दी। सभी विद्यार्थियों ने इस आयोजन की सराहना की और संस्थान के प्रति आभार व्यक्त किया।



# जीएस यूनिवर्सिटी में बीएससी नर्सिंग के नए सत्र की शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुआ जीएस यूनिवर्सिटी में बी.एससी. नर्सिंग कोर्स के नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 की शुरुआत बुधवार को उत्साहपूर्वक हुई। विश्वविद्यालय परिसर में नवप्रवेशित छात्राओं का पारंपरिक ढंग से स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद प्राचार्या डा. क्रिस्टिना जॉर्ज ने छात्राओं को प्रेरणादायक संबोधन दिया।



जॉर्ज ने कहा कि नर्सिंग आज के समय की सबसे आवश्यक एवं सम्मानजनक सेवाओं में से एक है। स्वास्थ्य सेवाओं में प्रशिक्षित नर्सों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और इस क्षेत्र में कुशल नर्सों की माँग लगातार बढ़ रही है। जीएस यूनिवर्सिटी इस चुनौती को अवसर के रूप में लेते हुए नर्सिंग शिक्षा को और अधिक प्रभावशाली बनाने हेतु निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम में नर्सिंग कॉलेज की उप-प्राचार्य हिमांशी, कोऑर्डिनेटर मीनाक्षी, विश्वविद्यालय के कुलसचिव सुमित सिंह सहित समस्त नर्सिंग संकाय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। सभी ने छात्राओं को नए सत्र के लिए शुभकामनाएँ दीं और उन्हें लगन, सेवा-भावना तथा अनुशासन के साथ अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया।

# असौड़ा अमन कॉलोनी में अधूरे रास्ते व जलभराव से ग्रामीण परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ग्राम असौड़ा स्थित अमन कॉलोनी में तकी द्वार गेट से गुजरने वाले मुख्य मार्ग का वर्षों से विकास न होने के कारण क्षेत्रवासी गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं। रास्ते में जलभराव और कीचड़ की स्थिति ने ग्रामीणों की दिनचर्या को मुश्किल बना दिया है।

ग्रामीणों की इस समस्या को लेकर भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के मजदूर मोर्चा जिला अध्यक्ष असलम त्यागी और जिला अध्यक्ष नितिन चौहान के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने हापुड़ एडीएम को ज्ञापन सौंपा और जल्द से जल्द रास्ते के निर्माण कार्य को पूरा कराने की मांग की। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस रास्ते को लेकर वर्षों से कई बार प्रदर्शन किए गए हैं, लेकिन हर बार आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। त्रिस्तरीय पंचायत समिति के गठन के बाद क्षेत्र में कुछ हद तक सफाई, स्ट्रीट लाइट और अन्य विकास कार्य जरूर हुए, लेकिन तकी द्वार वाले इस मुख्य रास्ते का कार्य अधूरा ही छोड़ दिया गया। अभी भी रास्ते का आधा हिस्सा कच्चा और कीचड़ से लथपथ है, जहां हल्की बारिश में भी पानी भर जाता है। दोपहिया वाहन फिसल कर गिरते हैं और कई बार राहगीरों को चोट भी लग चुकी है। स्कूल जाने वाले बच्चे भी इस दुर्गति से परेशान हैं और कुछ तो रास्ते की खराब हालत के चलते स्कूल जाना ही बंद कर चुके हैं। स्थिति इतनी खराब है कि कुछ कॉलोनीवासियों ने अपने निजी खर्चे पर मिट्टी डलवाई, ताकि अस्थायी तौर पर रास्ता चलने लायक बन सके। लेकिन इससे भी स्थायी समाधान नहीं निकल पाया। समस्या के स्थायी समाधान के लिए भाकियू महाशक्ति के पदाधिकारियों ने एडीएम हापुड़ को ज्ञापन सौंपा, जिसमें संबंधित विभाग से जलभराव हटाने, पूरे रास्ते का पक्का निर्माण, और स्थायी समाधान की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने वालों में अंकित सिंघल मेरठ मंडल महामंत्री, पवन जिला अध्यक्ष, नितिन चौहान जिला अध्यक्ष हापुड़, असलम त्यागी मजदूर मोर्चा अध्यक्ष, प्रेम सुंदर, शफीक अहमद, अफसार व शावेज आदि उपस्थित रहे।

# साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़

## बैंक खाते और सिम कार्ड देने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार, मोबाइल व डेबिट कार्ड बरामद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** गौतमबुधनगर पुलिस कमिश्नरेट ने ऑपरेशन तलाश के तहत एक अंतरराज्यीय साइबर ठगी गिरोह का पर्दाफाश किया है। थाना सूरजपुर पुलिस ने 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी साइबर अपराधियों को बैंक खाते, डेबिट कार्ड और प्री-एक्टिवेटेड सिम कार्ड उपलब्ध कराते थे।

पुलिस ने इनके पास से 5 मोबाइल फोन, 8 सिम कार्ड, 7 डेबिट कार्ड और अन्य दस्तावेज बरामद किए हैं। 6 अगस्त 2025 को मैनुअल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर सूरजपुर पुलिस ने इन पांचों आरोपियों को घंटा गोलचक्कर के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों के नाम चनप्रीत सिंह, रणवीर सिंह, जगमोहन धाकड़, नवीन और आदित्य शर्मा हैं। ये सभी एक संगठित गिरोह का हिस्सा हैं। ये फर्जी गेमिंग, ट्रेडिंग ऐप्स और डिजिटल अरेस्ट के जरिए लोगों से ठगी करते थे।

जांच में पता चला है कि ये आरोपी कमीशन के लालच में बैंक खाता धारकों को फंसाते थे। वे उन्हें कमीशन का लालच देकर उनके बैंक खातों की पूरी जानकारी हासिल कर लेते थे। इसके बाद, रिमोट एक्सेस ऐप के जरिए इन खातों से जुड़े सिम कार्ड का कंट्रोल साइबर अपराधियों को दे देते थे।

इसके लिए उन्हें प्रति खाता 15,000 मिलते थे। इन खातों का इस्तेमाल साइबर अपराधी धोखाधड़ी से प्राप्त पैसों को ट्रांसफर करने के लिए करते थे। बाद में इन पैसों को कई अन्य खातों या क्रिप्टोकरेंसी के माध्यम से ठिकाने लगा दिया जाता था।

गिरफ्तार आरोपियों में से तीन मध्य प्रदेश के भोपाल और विदिशा से हैं। दो आरोपी दिल्ली और ग्रेटर नोएडा के रहने वाले हैं। इनमें बी. कॉम. और बी.बी.ए. जैसे डिग्री धारक भी शामिल हैं। पुलिस ने इन सभी के खिलाफ सूरजपुर थाने में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। डीसीपी सेंट्रल नोएडा ने इस कार्य के लिए पुलिस टीम को 25,000 का नकद पुरस्कार दिया है।

## ओवरलोड ट्रक को रूट कराएंगे बंद

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर में ओवरलोड ट्रकों का प्रवेश बंद कराने समेत मांगों को लेकर शनिवार से ट्रांसपोर्ट्स एसोसिएशन ने हड़ताल का ऐलान किया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष सोनू नागर ने कहा कि ओवर लोड वाहन गौतमबुद्धनगर में बंद कराने, जिले की प्रत्येक एंट्री पर एआरटीओ नाके लगवाए जाए। नौ-एंट्री के प्वाइंट छुडवाने व 130 मीटर रोड को नौ-एंट्री से मुक्त करने, बिना नंबर प्लेट और ग्रीस लगी नंबर प्लेट वाले वाहनों पर कार्रवाई करने, पेरीफेरल हाईवे पर फालतू के टोल टैक्स कटते है उन पर तुरंत कार्रवाई कराने, जिन परिवहन के अधिकारियों की वजह से जिले में ओवरलोड वाहन चल रहे है उनको तुरंत हटाने की मांग की गई है। ट्रांसपोर्टरों ने सिरसा टोल प्लाजा के नजदीक पार्किंग पर ट्रकों को एकत्र करना शुरू कर दिया है। शनिवार से ट्रक एसोसिएशन ने हड़ताल का ऐलान किया है। उनका कहना है कि जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा हड़ताल पर रहेंगे।

# हुक पर लटका मिला छात्र का शव





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** ग्राम कुम्हारपुरा में एक अधिवक्ता के पुत्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक के परिजनों ने युवक की हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम कुम्हारपुरा निवासी अधिवक्ता अनिल कुमार का पुत्र प्रियांशु (18 वर्ष) बुधवार की सुबह अपने कमरे में संदिग्ध हालत में मृत पाया गया। वह स्कूल ड्रेस में था और कमरे में चारपाई पर नहीं, बल्कि दीवार पर लगे हुक से चादर के सहारे लटका हुआ मिला। सुबह करीब छह बजे उसकी मां यशोदा जब नित्य कार्य के दौरान उसके कमरे में पहुंचीं, तो यह मंजर देखकर चीख पड़ीं। शोर सुनकर परिजन और ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। परिजनों का आरोप है कि प्रियांशु के गले, पैरों और शरीर के अन्य हिस्सों पर चोट के निशान थे। उसके गुप्तांग पर पन्नी लिपटी मिली और शरीर पर इंजेक्शन के सूई जैसे निशान भी नजर आए। इससे परिजनों को आशंका है कि युवक की हत्या कर आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई है। सूचना मिलने पर एसपी सिटी संजीव वाजपेई और थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार बैंसला पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गई है। इस दौरान मृतक के परिजन हत्या की आशंका को लेकर पुलिस से नोंकझोंक करते नजर आए। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से गांव में संदिग्ध लोगों की गतिविधियां देखी जा रही थीं और चोरी की आशंका के चलते ग्रामीण रात में पहरा भी दे रहे थे।

## सामान चोरी करने वाले दो बदमाश पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** कंपनियों में रेकी करने बाद चोरी करने वाले दो बदमाशों को फेज वन थाना पुलिस ने बुधवार को झुंडपुरा से गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान गुड्डू और राहुल के रूप में हुई। इनके पास से लोहे की 2 मोटर, एक फोल्डेबल सीढ़ी और चोरी के सामान के बेचे हुए 3 हजार 500 रुपये मिले। पुलिस ने वारदात में उपयोग होने वाला ई-रिक्शा भी कब्जे में लिया है। ये दोनों ने पकड़े जाने पर खुद का बचाव करने के लिए दो चाकू भी रखते थे, पुलिस ने उसे भी बरामद किया है।

# नामी मिठाई की दुकानों पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने मारा छापा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जनपद गौतम बुद्ध नगर में रक्षाबंधन और 15 अगस्त के मौके पर बेचने के लिए तैयार की गई व बन रही मिठाइयों की गुणवत्ता परखने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग एक्शन में आ गया है। बुधवार को विभाग के अधिकारियों ने घेवर, बर्फी एवं लड्डू सहित 13 मिठाई का नमूना संग्रहित कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा है।

सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी रक्षाबंधन पर्व व 15 अगस्त को ध्यान में रखते हुए जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मेधा रूपम के निर्देश पर विभाग के अधिकारी खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर खाद्य पदार्थों के नमूने जांच-पड़ताल के लिए संग्रहित कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि आज खाद्य सुरक्षा अधिकारी सैयद इबादुल्लाह, विशाल कुमार गुप्ता एवं अमर बहादुर सरोज की टीम द्वारा सेक्टर-63 स्थित वृन्दावन स्वीट्स से बर्फी एवं लड्डू का 1-1 नमूना लिया गया तथा छजारसी नोएडा स्थित संजय की छेना रसगुल्ला निर्माणशाला से छेना रसगुल्ला का 1 नमूना लेकर शेष लगभग 365 ह रसगुल्ला अस्वच्छकर वातावरण में निर्माण होने एवं प्रदूषित अवस्था में पाए जाने के कारण नष्ट करा दिया गया।

वहीं दूसरी टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश कुमार, रविंद्र नाथ वर्मा एवं मालती की टीम द्वारा जेवर स्थित ग्यासी मिष्ठान भंडार से घेवर का, उमेश मिष्ठान भंडार से घेवर का, रामेश्वरम मिष्ठान भंडार से घेवर का एवं शर्मा मिष्ठान भंडार से घेवर का 1-1 नमूना तथा जहांगीरपुर स्थित गोयल मिष्ठान भंडार से घेवर का 1 नमूना लिया गया।

उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी शैलेंद्र कुमार पांडेय, ओपी सिंह एवं विजय बहादुर पटेल की तीसरी टीम द्वारा सलारपुर भंगेल नोएडा स्थित बीकानेर स्वीट्स से पेड़ा का 1 नमूना एवं सेक्टर- 82 सलारपुर स्थित कान्हाभोग से रसगुल्ला का 1 नमूना लिया गया। इसी टीम द्वारा सोरखा सेक्टर-115 नोएडा स्थित कृष्णा इंटरप्राइजेज से बूंदी लड्डू , मोहन बर्फी व बेसन रोल का 1-1 नमूना लिया गया तथा बूंदी लड्डू में फंगस पाए जाने एवं मोहन बर्फी अस्वच्छकर अवस्था में पाए जाने पर लगभग 65 ह्ह बूंदी लड्डू व लगभग 25 ह मोहन बर्फी मौके पर ही नष्ट कराई गई। इस प्रकार कुल 13 नमूने लेकर प्रयोगशाला भेजा गया है।

## एक नजर

### रोड किनारे कूड़ा डालने पर दो वाहन जब्त, एक लाख रुपये का जुर्माना

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग की तरफ से गठित क्यूआरटी (क्विक रेस्पोंस टीम) ने कार्रवाई शुरू कर दी है। टीम ने बुधवार को सेक्टर चाई-फाई के पास 80 मीटर रोड के किनारे कूड़ा डालते हुए एक ट्रैक्टर- ट्राली को पकड़ लिया। उसे जब्त करते हुए 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। ट्रैक्टर -ट्राली के मालिक के द्वारा भुगतान किए जाने पर ही छोड़ा जाएगा। दूसरी कार्रवाई सेक्टर जू- 3 में की गई। रोड किनारे कूड़ा डालते हुए एक टिपर को पकड़ा गया। इसे भी जब्त करते हुए 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। प्राधिकरण के महाप्रबंधक स्वास्थ्य आरके भारती ने बताया कि क्यूआरटी की टीम फील्ड में घूम रही है। कोई भी इधर-उधर कूड़ा डालते हुए पकड़ा गया तो उस पर तगड़ा जुर्माना लगाया जाएगा। किसी को बख्शा नहीं जाएगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने जनमानस से अपील की है कि ग्रेटर नोएडा को स्वच्छ बनाने में सहयोग करें। कूड़ा इधर-उधर न फेंकें , सिर्फ डस्टबिन में ही कूड़ा डालें।

### दूसरे स्कूलों से आने वाले छात्रों को ही अपलोड करना होगा टीसी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** यूपी बोर्ड ने कक्षा नौवीं और 11वीं के छात्रों के लिए नियमों में बदलाव किए हैं। दूसरे स्कूलों से आने वाले छात्रों को केवल स्थानांतरण प्रमाणपत्र (टीसी) अपलोड करना अनिवार्य होगा। कई प्रधानाचार्यों ने बताया कि उसी स्कूल में पहले से पढ़ रहे छात्रों के टीसी अपलोड करना अनावश्यक है। प्रधानाचार्यों ने बताया कि ग्रामीण इलाकों में स्कूल स्टाफ को टीसी अपलोड करने के लिए साइबर कैफे जाना पड़ता था जिससे समय और पैसा दोनों खर्च होते थे इसलिए नियमों में ढील दी गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि छात्रों व शिक्षकों के हित में नियम में बदलाव किए गए हैं। उन्होंने कहा कि संवेदनशील दस्तावेज अपलोड करने की प्रक्रिया जोखिम भरी है क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकांश स्कूल प्रधानाचार्य ऑनलाइन पंजीकरण के लिए निजी साइबर कैफे का इस्तेमाल करते हैं।

### मियावाकी पद्धति से पौधरोपण, तीन साल में दिखेगा अलग ही नजारा

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के सैनी गांव के निकट सेक्टर 10 में मियावाकी पद्धति से पौधरोपण किया गया। बतौर मुख्य अतिथि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस और कैच फाउंडेशन व कोवेस्ट्रो इंडिया के प्रतिनिधियों ने पौधे लगाए। अगले तीन साल बड़े हो जाने पर इन पौधों की रंगत दिखेगी। 130 मीटर रोड के किनारे स्थित करीब दो एकड़ एरिया में बनी यह ग्रीन बेल्ट माउंटेन के आकार में दिखेगी। इसमें लगभग 15 हजार पौधे लगाए गए हैं।
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के डीजीएम संजय कुमार जैन ने बताया कि मियावाकी पद्धति के अंतर्गत इस ग्रीन बेल्ट में तीन लेयर, जैसे केनोपी लेयर, ट्री लेयर और सब ट्री लेयर में पौधरोपण किया गया है। केनोपी लेयर में नीम, शीशम, बरगद, करंज, आम, पारस पीपल, कचनार, पीपल आदि प्रजाति के पौधे लगाए गए हैं। ट्री लेयर में महोगनी, कैथल, आमला, बेल, जामुन, इमली, अर्जुन, अमलतास, पिलखन, गुलमोहर आदि प्रजाति के पौधे लगाए गए हैं और सब ट्री लेयर में जामफल, कड़ी पत्ता, सीताफल, नींबू, करौंदा, बंबू, टिकोमा, पारिजात के पौधे लगाए गए हैं। इन पौधों को सुरक्षित रखने के लिए जालीदार बाउंड्री बना दी गई है। पेड़ों की सिंचाई के लिए ड्रिप पद्धति का इस्तेमाल किया गया है। इसके अंतर्गत पौधों की कतार के बीच से पाइप डाली गई है। उनमें बने छिद्र से पानी का रिसाव होकर पौधों की जड़ों तक पहुंचता रहेगा। इस पद्धति से पानी की खपत भी कम होती है। सहायक निदेशक उद्यान बुद्ध विलास ने बताया कि मियावाकी पद्धति के अंतर्गत फलदार पौधे रोपित किए गए हैं। बायो-डायवर्सिटी के लिए ये बहुत अच्छे हैं। कार्बन डाई ऑक्साइड को शोषित करने में ये बहुत कारगर हैं।

## निर्माणाधीन साइट पर किसान संगठन ने रोका जल दोहन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-22ई स्थित निर्माणाधीन जेबीएम विश्वविद्यालय की साइट पर बुधवार को किसान संगठन के नेता-कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर बेसमेंट से निकाले जा रहे पानी के कार्य को रोक दिया। किसान संगठन के लोग ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को लेकर निर्माणस्थल पर पहुंचे थे। पिछले कई दिनों से किसान संगठन लगातार निर्माण स्थल पर जल दोहन और किसानों की प्राधिकरण से अतिरिक्त मुआवजे समेत अन्य मांगों के लिए धरना दे रहे हैं। बुधवार को कई दिनों से चल रहे भाकियू लोकशक्ति के धरने से कार्यकर्ता और नेता ट्रैक्टर ट्रालियों और अन्य वाहनों के माध्यम से निर्माणाधीन साइट पर पहुंचे।कार्यकर्ताओं ने निर्माण स्थल पर बेसमेंट से पाइपों के जरिए निकाले जा रहे पानी के कार्य को बंद करा दिया। उनका आरोप है कि सेक्टर-22ई स्थित जेबीएम विश्वविद्यालय की निर्माणाधीन साइट पर बेसमेंट बनाने के दौरान पानी की निकासी हो रही है। किसान संगठनों का आरोप है कि निर्माण स्थल पर भूगर्भ जल को निकालकर बाहर नालों में बहा रहा है। आईजीआरएस पोर्टल में शिकायत के बाद सोमवार को भूगर्भ जल विभाग के अधिशासी अभियंता भी जांच करने पहुंचे थे। उन्होंने इसकी आख्या रिपोर्ट भी जिलाधिकारी को जल्द सौंपने की बात कही थी। दूसरी तरफ, सेक्टर-22ई स्थित रौनीजा गांव के पास धरना स्थल पर किसान संगठन का धरना जारी रहा।

## प्रेरणा यात्रा का हिस्सा बनेंगे जनप्रतिनिधि

**नोएडा।** सामाजिक संस्था आजादी के महापर्व स्वतंत्रता दिवस पर देश के शहीदों के सम्मान में हुसैनी वाला पंजाब से दादरी तक यात्रा निकालने जा रही है। संस्था द्वारा प्रेरणा यात्रा का नाम दिया है।

जय हो एक सामाजिक संस्था के संयोजक संदीप भाटी ने बताया कि यात्रा को सफल बनाने के लिए टीमें बनाकर जन जागरण किया जा रहा है। राष्ट्र प्रेम के महायज्ञ में सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डाक्टर महेश शर्मा, विधायक तेजपाल सिंह नागर, विधान परिषद सदस्य श्रीचंद शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, नगर पालिका चेयरमैन गीता पंडित समेत अन्य जनप्रतिनिधि यात्रा का हिस्सा बनेंगे। यह यात्रा 15 अगस्त को 8 बजे लाल कुआं गाजियाबाद से जिले में प्रवेश करेगी।

# कंपनी से कॉपर तार चुराने वाले तीन धरे




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** कंपनियों में सफाई करने के दौरान कॉपर के तार चोरी करने वाले तीन कर्मचारियों को सेक्टर-58 थाना पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार किया। तीनों कंपनी से तार चोरी कर भागने के फिराक में थे, तभी अन्य कर्मचारियों ने उन्हें पकड़ लिया। इनके पास से 22 किलो कॉपर के तार बरामद हुए हैं। इसकी कीमत 20 हजार रुपये है। पुलिस उनके अन्य साथियों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

# नोएडा प्राधिकरण बनाएगा पहली ऑटोमैटिड पजल पार्किंग

- **100 वाहनों की होगी पार्किंग, 23 करोड़ होंगे खर्च, प्रत्येक फ्लोर पर 25 वाहन खड़े होंगे**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के बाजारों में सबसे बड़ी समस्या पार्किंग की है। प्राधिकरण इस समस्या का हल निकालने जा रहा है। इसके लिए यहां बाजार में ऑटोमेटिड पजल पार्किंग बनाई जाएगी। पहले फेज में नोएडा प्राधिकरण सेक्टर-62 में पजल पार्किंग बनाने जा रहा है। इसे 23 करोड़ में बनाया जाएगा। ये पार्किंग चार फ्लोर और 100 वाहनों की क्षमता की होगी। इसके अलावा दो अन्य स्थानों पर भी पजल पार्किंग बनाने पर विचार किया गया है। पार्किंग का निर्माण प्राधिकरण खुद करेगा। जबकि इसके संचालन के लिए कंपनी का चयन किया जाएगा।

ये पार्किंग हाइड्रोलिक पार्किंग से अलग होती है। ऑटोमेटिड पजल पार्किंग एक पजल गेम की तरह है। जिसमें जितने पार्किंग स्लॉट होते है उतने ही स्टैंड होते है। जो ऊपर, नीचे, दाय और बाय मूवेबल होते है। इसे ऐसे समझे एक कार पार्किंग के लिए आती है। उसे ग्राउंड के स्टैंड पर खड़ा किया। उसे चौथे फ्लोर पर कार खड़ी करनी है। ऐसे में पूरा स्टैंड सेंसर के जरिए कार समेत ऊपर उठेगा और चौथे फ्लोर पर जाकर सेट हो जाएगा। नीचे खाली स्पेस पर दूसरा स्टैंड ऑटोमैटिक शिफ्ट हो जाएगा।इस पूरे काम में करीब 3 से 6 मिनट का समय लगता है। यानी मल्टीलेवल और हाइड्रोलिक या अन्य स्थानों पर पार्किंग करने पर गाड़ी निकालने और खड़ा करने में आपको 15 से 20 मिनट का समय लगता है। लेकिन इसमें कार मजह 3 से 6 मिनट पर लग जाती है और बाहर भी आ जाती है। नोएडा में चार फ्लोर ऑटोमेटिड पजल पार्किंग बनाने पर विचार किया जा रहा है। इसके प्रत्येक फ्लोर पर 25 कार आसानी से पार्क हो सकेंगे।

**पार्किंग निर्माण में नहीं लेता स्पेस:** इस तरह की पार्किंग के निर्माण में ज्यादा स्पेस की जरूरत नहीं होती। बहुत कम स्पेस में चार फ्लोर तक की बन सकती है। ये पूरी पार्किंग सेंसर बेस्ड होती है। इसलिए चोरी से लेकर टूट फूट का खतरा नहीं होता। आपरेशन के लिए ज्यादा मैन पावर की आवश्यकता नहीं है। हालांकि संचालन के लिए उसी कंपनी को प्राथमिकता दी जाएगी जो पहले इसका संचालन कर चुकी है।

**पीली लाइन पार करते ही रुक जाएगा सिस्टम:** दरअसल ये पार्किंग ऑटोमेटिड है। इसमें गाडिया ग्राउंड से एक फ्लोर से दूसरे फ्लोर में शिफ्ट होती है। उसी तरह नीचे आती है। ये पूरा काम मशीनों के जरिए होता है। इसलिए इसमें सेंसर लगाए गए है। यदि कोई बच्चा या जानवर गलती से पार्किंग के अंदर आ जाए तो ऑटोमैटिक जहां कार है वहीं स्थिर हो जाएगी। वो नीचे नहीं आएगी ताकि इसके नीचे कोई दब न जाए। इसकी रेंज तय की जा सकती है। जिसे पीली लाइन से इंडीकेट किया जा सकता है।

**प्राधिकरण जारी करेगा आरएफपी:** प्राधिकरण ने बताया कि इस तरह की पार्किंग नोएडा के लिए जरुरी हो चुकी है। यहां भीड़ भाड़ इलाकों में इस तरह की पार्किंग बनाने पर विचार किया जा रहा है। अभी सेक्टर-62 में फोर्टिस अस्पताल के पास इसका निर्माण होगा। संचालन के लिए कंपनी का चयन किया जाएगा।

## युवक ने ससुराल वालों पर लगाया 46 लाख की चोरी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** फरीदाबाद के एक शख्स ने ससुराल वालों पर प्लॉट के लिए रखे 46 लाख रुपये चोरी करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि जब कैश लेकर नोएडा आया तब ससुराल के लोगों को रखने के लिए दिया था। इस मामले में कोर्ट के आदेश पर कोतवाली फेज-2 पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

फरीदाबाद के सेक्टर 83 निवासी अमित लव ने कोर्ट में अर्जी दी है कि उसकी ससुराल फेज टू क्षेत्र के इलाबांस गांव में है। 4 नवंबर 2024 को वह नोएडा में जमीन लेने के लिए साढ़े 46 लाख रुपये लेकर आए थे। जिसे अपने साले सतपाल की पत्नी को रुपये रखने के लिए दिया। उन्होंने मायके में भतीजे टीटू के पास रुपये रखने के लिए दे दिया। पीडिघ्त को दो दिन बाद उसी गांव में जमीन पसंद आ गई और उसने अगले दिन अपने रुपये टीटू से मांगा।

आरोप है कि टीटू ने बताया कि पैसे उनका सगा भाई लोकेश व उसके साथी तनिष्क, कृष्ण, सचिन, अमित ने घर में घुसकर चोरी कर लिया है। पीड़ित टीटू के साथ में आरोपियों की तलाश किया लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद इस मामले में पुलिस से शिकायत की तब आरोपियों को थाने में बुलाया गया लेकिन छोड़ दिया गया। इसके बाद पुलिस ने रिपोर्ट भी दर्ज नहीं की, तब कोर्ट में अर्जी दी। अब कोर्ट के आदेश पर कोतवाली फेज टू पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## सीबीएसई जोनल तैराकी में 40 प्रतिशत नोएडा-ग्रेनो के तैराक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सीबीएसई जोनल तैराकी में करीब 40 प्रतिशत तैराक नोएडा और ग्रेनो के होंगे, जबकि इस प्रतियोगिता में उत्तराखंड और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिले के तैराक भी भाग लेंगे। शहर के तैराकों से सबसे अधिक पदक जीतने की भी उम्मीद है। लड़कों की सीबीएसई जोनल तैराकी 11 से 14 अगस्त तक हरिद्वार के रानीपुर डीपीएस में खेली जाएगी। यहां नोएडा और ग्रेटर नोएडा के 200 से अधिक तैराक भाग लेंगे। जबकि प्रतियोगिता में कुल तैराकों की संख्या 490 है। वहीं लड़कियों की प्रतियोगिता ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित श्रीराम ग्लोबल स्कूल में 18 से 21 अगस्त तक होगी। इस प्रतियोगिता में करीब 425 लड़कियां भाग लेंगी, जिसमें 190 तैराक नोएडा और ग्रेटर नोएडा की हैं।

जिला तैराकी संघ के सचिव सुरेश देशवाल ने बताया कि दोनों प्रतियोगिताओं में शहर के तैराकों का दबदबा रहेगा। सबसे अधिक पदक हमारे तैराक जीतेंगे। राष्ट्रीय सब जूनियर और जूनियर तैराकी प्रतियोगिता में चोट के कारण पदक नहीं जीत पाए राष्ट्रीय सब जूनियर और जूनियर तैराकी में शहर के तैराक चोट से प्रभावित होने के कारण पदक नहीं जीत पाए। हालांकि अभी भी कई स्पर्धाओं में उन्हें भाग लेना है। वेदांत चंद्रा और शायला चोटग्रस्त होने के कारण पदक से वंचित रहे। सब जूनियर प्रतियोगिता बेंगलुरू में खेली जा रही है। वहीं जूनियर राष्ट्रीय तैराकी गुजरात के अहमदाबाद में चल रही है। जूनियर की स्पर्धाएं आठ और सब जूनियर की सात अगस्त तक होंगी। इन तैराकों का प्रदेश तैराकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन रहा था।

## कार की टक्कर से स्कूटी सवार पिता-पुत्र घायल

**नोएडा।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से स्कूटी सवार पिता- पुत्र घायल हो गए। घायलों का एक प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस मामले में कोतवाली सेक्टर-126 में मुकदमा दर्ज किया गया है। दिल्ली के बदरपुर निवासी नदीम अहमद ने पुलिस से शिकायत की है कि तीन अगस्त को उनका भाई वसीम पिता सईद के साथ स्कूटी से महामाया होकर दिल्ली आ रहा था। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर एक कट के पास हरियाणा नंबर की कार के चालक ने स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी स्कूटी सवार पिता-पुत्र दूर जाकर गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस आरोपी कार चालक के बारे में पता लगा रही है।

# नोएडा प्राधिकरण पहुंची सीबीआई की टीम

## 10 बिल्डर के कंस्ट्रक्शन स्टेटस की ली जानकारी, साइट का किया स्थलीय निरीक्षण




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में सबवेंशन स्कीम के तहत सीबीआई ने 22 बिल्डर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। इसमें 10 बिल्डर नोएडा प्राधिकरण से जुड़े है। बुधवार को सीबीआई की टीम प्राधिकरण पहुंची। यहां 10 बिल्डर की कंस्ट्रक्शन से जुड़ी जानकारी ली गई। इनके कंस्ट्रक्शन स्टेटस आवंटन और बकाया से संबंधित जानकारी ली गई। साइट पर कितना के ओसी , सीसी जारी किया गया। प्राधिकरण में करीब डेढ़ घंटे के आसपास टीम रही। इसके बाद सीबीआई ने साइट का स्थलीय निरीक्षण भी किया।

दोपहर करीब डेढ़ बजे के आसपास सीबीआई की टीम सेक्टर-6 स्थित नोएडा प्राधिकरण के कार्यालय पहुंचे। वे ग्रुप हाउसिंग विभाग गए वहां अधिकारियों ने उन्होंने 10 बिल्डर जिसमें सुपरटेक के तीन साइट, लॉजिक्स समेत अन्य बिल्डरों के कंस्ट्रक्शन स्टेटस से संबंधित जानकारी जुटाई। इसे नोटिफाइड किया और स्थलीय निरीक्षण करने चले गए। बता दे सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत सीबीआई सबवेंशन स्कीम के तहत किए गए घोटाले की जांच कर रही है।

हाल ही में सीबीआई ने इस संबंध में दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद स्थानों पर रेड कंडक्ट की थी। तलाशी के दौरान विभिन्न दस्तावेज और कुछ डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य जब्त किए गए थे। जिसके बाद बुधवार को सीबीआई की टीम नोएडा प्राधिकरण पहुंची।

**बिल्डर 2014 में लाए थे सबवेंशन स्कीम:** नोएडा, ग्रेटर नोएडा में सबवेंशन स्कीम के तहत लाई गई ग्रुप हाउसिंग योजनाओं की शुरुआत 2014 के आसपास हुई थी। योजना में धांधली के लिए कुछ बिल्डरों ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए बैंकों से लोन पास कराए। बैंकों ने बिना मूल्यांकन और निरीक्षण के रकम जारी कर दी। अधिकारियों के अनुसार, बिल्डर और बैंक के बीच अघोषित समझौते के तहत बैंकों ने बिल्डरों को लोन की पूरी राशि दे दी।

शर्तों के तहत फ्लैट का कब्जा मिलने तक बिल्डर को ही ईएमआई का भुगतान करना था, लेकिन कुछ समय बाद बिल्डरों ने ईएमआई देनी बंद कर दी और खरीदारों को फ्लैट भी नहीं दिए। इससे खरीदारों पर ईएमआई का बोझ आ गया और बड़ी संख्या में खरीदार डिफॉल्टर हो गए। कुछ वर्षों बाद इन योजनाओं को लाने वाले अधिकांश बिल्डर दिवालिया हो गए।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# फाइल लंबित रखने जैसी शिकायतों पर की जाएगी कार्रवाई: डीएम

## जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना की समीक्षा बैठक कर संबंधितों को दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बुधवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना की समीक्षा की गई जिसमें संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए गए। इस योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना एवं स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसरों का सृजन करना है।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि राज्य व केंद्र सरकार द्वारा संचा. लित स्वरोजगार व ऋण योजनाओं के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु नगर पालिका, विकास भवन, एवं जनसंपर्क वाले अन्य सार्वजनिक स्थलों पर विशेष शिविर आयोजित




किए जाएं, ताकि योजनाओं की जानकारी जरूरतमंद व्यक्तियों तक आसानी से पहुंचे। इन शिविरों में न केवल आवेदन स्वीकार किए जाएं, बल्कि दस्तावेज सत्यापन, पात्रता जांच और ऑन-द-स्पॉट मार्गदर्शन भी उपलब्ध हो। बैठक में जिला. धिकारी ने जिले की बड़ी बैंक शाखाओं को 50-50 आवेदनों का न्यूनतम लक्ष्य निर्धारित कर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही आरंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऋण वितरण में देरी, आवेदन निरस्त करने की प्रवृत्ति तथा बिना स्पष्ट कारण के फाइल लंबित रखने जैसी शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई की जाएगी। आवेदन प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी एवं नागरिकों के अनुकूल बनाने हेतु, जिलाधिकारी ने योजना में आवेदन हेतु आवश्यक दस्तावेजों की एकीकृत चेकलिस्ट तैयार करने के निर्देश दिए। यह चेकलिस्ट कैंपों में वितरित की जाएगी एवं जिला वेबसाइट व सूचना पटल पर उपलब्ध कराई जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में वार्ड स्तर व ग्राम पंचायत स्तर पर भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। योजना से जुड़े सफल लाभार्थियों के प्रेरणादायक उदाहरणों को प्रचार सामग्री में सम्मिलित किया जाए, जिससे अन्य युवाओं को प्रोत्साहन मिले। जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों, बैंक प्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि किसी भी पात्र आवेदक को योजना के लाभ से वंचित न किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, जीएमडीआईसी सहित आदि उपस्थित रहे।

# वृद्ध महिला को सरकारी रिकॉर्ड में मृत दिखा रोकी उसकी पेंशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** निरपुड़ा गांव की एक वृद्ध महिला को सरकारी रिकॉर्ड में मृत दिखाकर उसकी पेंशन रोक दी गई। महिला कमलेश के पति रामकिशन का पहले ही देहांत हो चुका है। इस मामले में डीएम बागपत और मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है।



कमलेश ने बताया कि वह अकेली रहती हैं, जबकि उनके दोनों बेटे रगबीर और दीपक अलग मकान में रहते हैं। उनकी वृद्धा पेंशन 15 जून 2024 को अचानक बंद कर दी गई। जब उन्होंने पंचायत सचिव से इसका कारण पूछा, तो उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। कमलेश का कहना है कि जब वह जीवित हैं, तो उन्हें सरकारी रिकॉर्ड में मृत क्यों दिखाया जा रहा है। पेंशन बंद होने से उनके सामने आर्थिक समस्याएं खड़ी हो गई हैं। इस मामले पर बीडीओ बिनौली नरेंद्र सिंह ने कहा कि यह मामला अभी उनके संज्ञान में नहीं था। उन्होंने आश्वासन दिया कि इसकी गंभीरता से जांच कराई जाएगी और यह पता लगाया जाएगा कि यह त्रुटि किसकी लापरवाही से हुई है।

# रात के अंधेरे में आधा दर्जन से अधिक लोगों का हाथों में धारदार हथियार लेकर वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** मुबारिकपुर गांव में एक चिंताजनक घटना सामने आई है। रात के अंधेरे में आधा दर्जन से अधिक लोग हाथों में धारदार हथियार लेकर गांव के मुख्य मार्ग पर घूमते हुए दिखाई दिए। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।


खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मुबारिकपुर गांव में यह घटना घटी। वीडियो में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि कई लोग रात के समय धारदार हथियारों के साथ सड़क पर घूम रहे हैं। इस वीडियो के वायरल होने से स्थानीय लोगों में भय का माहौल बन सकता है। वीडियो के सोशल मीडिया पर प्रसारित होते ही पुलिस हरकत में आ गई है। अधिकारियों ने तुरंत मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस वीडियो में दिख रहे लोगों की पहचान करने में जुटी है ताकि उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की जा सके। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वे इस मामले की गहनता से जांच कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही पुलिस ने आम जनता से अफवाहों पर ध्यान न देने और अफवाह न फैलाने की अपील की है। ऐसे समय में जब कुछ लोग हथियारों का प्रदर्शन कर वीडियो वायरल कर रहे हैं, अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# तीन घरों में बन रहा अमूल-मधुसूदन का नकली घी, संभल पुलिस ने बड़ौत में मारा छापा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** संभल पुलिस ने बड़ौत के गुराना रोड पर छापा मारकर तीन घरों से नकली अमूल और मधुसूदन ब्रांड का घी बरामद किया। आरोपी प्रवीण को हिरासत में लेकर पुलिस संभल ले गई है। नकली घी भारी मात्र में तैयार किया जा रहा था।

बड़ौत में संभल पुलिस ने बुधवार को बड़ौत नगर के गुराना रोड पर छापा मारकर भारी मात्रा में नकली घी बरामद किया। इस घी को अमूल और मधुसूदन जैसे बड़े ब्रांड के नाम से पैक किया जा रहा था। पुलिस ने इस मामले में आरोपी प्रवीण को हिरासत में लिया है और उसे अपने साथ संभल ले गई है। संभल पुलिस को मंगलवार को चैकिंग के दौरान एक गाड़ी से घी के पैकेट मिले थे, जिनकी जांच में घी



नकली पाया गया। इसके बाद पुलिस ने तफ्तीश की और बुधवार को बड़ौत के गुराना रोड पर प्रवीण के तीन मकानों पर छापा मारा। यहां तीनों जगह नकली घी बनता हुआ मिला। पुलिस को मौके से अमूल और मधुसूदन मार्का के पैकिंग मटेरियल और भारी मात्रा में नकली घी मिला। इस पूरे नेटवर्क की जांच अब संभल पुलिस कर रही है। पुलिस कार्रवाई के बाद स्थानीय स्तर पर हड़कंप मच गया। फूड डिपार्टमेंट से भी जांच की उम्मीद जताई जा रही है।

## एक नजर

### चोरों ने डिग्री कॉलिज में ऑफिस का ताला तोड़ किया चोरी का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ढिकोली के एमजीएम डिग्री कालिज मे चोरो ने आफिस का ताला तोड़ चोरी का प्रयास किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की लेकिन चोरी नही मिली। ढिकोली के एमजीएम डिग्री कालिज में रात्रि अज्ञात चोरो ने ताला तोड़ कालिज के आफिस में चोरी का प्रयास किया। सुबह जब चौकीदार कर्मबीर मौकें पर पहुंचा तो आफिस का ताला टूटा देख और समान बिखरा देख प्रधानाचार्य डाक्टर लोकेश चौहान को सूचना दी। वही चांदीनगर थाने में सूचना दी गयी। मौकें पर चांदीनगर पुलिस और प्रधानाचार्य ने देखा तो समान और कागजात बिखरे मिले लेकिन कोई समान चोरी हुआ नही मिला प्रधानाचार्य ने थाना प्रभारी को लिखित में चोरी न होने की जानकारी दी।

### जो भगवान शांतिनाथ के चरणों में नमन व स्तवन करता है, उसकी सारी पीड़ाय स्वयं हो जाती है शांत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के अतिथि भवन में चल रहे 16 दिवसीय शांतिनाथ महामंडल विधान का 13 दिन विधि विधान के साथ शांतिनाथ भगवान की पूजा अर्चना की गई। आज सोधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य आनंद जैन आनंद इंडस्ट्रीज व सुनील जैन जय चंद ज्वैलर्स वालों को मिला। आज कौशल भवन सभागार में हुए प्रवचन में आचार्य श्री 108 नयन सागर मुनिराज में कहा जो भगवान शांतिनाथ के चरणों में भावपूर्ण नमन व स्तवन करता है। उसकी सारी पीड़ाय स्वयं शांत हो जाती है। शांति प्रभु शरणागतों के लिए स्वयं ही शांति के विधाता होते हैं। उनका मंगलमय स्तवन भाव जीवन को स्वयं ही शांति का अनुभव करसता है। वह किसी को शांति देते नहीं है जो उनकी शरण में आता है। वृक्ष की भांति वह स्वयं ही शांति में शीतलता का अनुभव करता है। आज की धर्म सभा में प्रवीण जैन मनोज कुमार मसाले वाले डायरेक्टर एचपी पेट्रोल पंप जैन मनोज जैन संभव आनंद जैन पवन जैन दिनेश जैन अमित जैन पुनीत जैन आदेश जैन शबगा राकेश जैन राजेश जैन सतीश जैन अंकुर जैन बूढ़पुर मीडिया प्रभारी अनुराग मोहन आदि ने भाग लिया।

### साप्ताहिक बंदी की मांग को लेकर प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में बुधवार साप्ताहिक अवकाश की मांग को लेकर श्रमिक एसोसिएशन अध्यक्ष प्रवीण कुमार वर्मा के नेतृत्व में धरने प्रदर्शन करते हुए काफी समय से लंबी लड़ाई लड़ते आ रहे है। मगर आज तक भी समस्या का कोई समाधान हल नहीं हो पाया जिसमें श्रमिक प्रदेश सरकार से नाराज होने लगे हैं। श्रमिक एसोसिएशन अध्यक्ष प्रवीण कुमार वर्मा ने बताया कि श्रमिकों की लड़ाई जब तक जारी रहेगी तब तक नगर के बाजार बंद नहीं रहेंगे। जिलाधिकारी ने भी बुधवार अवकाश घोषित कर दिया था, मगर 80 परसेंट दुकानदार अभी भी दुकान खोलकर बुधवार में अवकाश का कोई मायना नहीं रखते है। उन्होंने फिर प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर नगर में बुधवार अवकाश की मांग की है।

### किसानों को किवी-ड्रैगन प्रफूट की खेती के लिए किया जाएगा प्रोत्साहित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बुधवार को जनपद में वित्तीय वर्ष 2025-26 से उद्यान विभाग द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना का संचालन प्रारंभ कर दिया गया है। इस योजना की डीएमसी बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद के किसानों को परंपरागत खेती के साथ-साथ व्यावसायिक बागवानी की ओर भी प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से कीवी, ड्रैगन फूट जैसी उच्च मूल्य की फसलों की खेती को बढ़ावा देने पर बल दिया। इसके अतिरिक्त अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि क्षेत्रीय स्तर पर किसानों के लिए जागरूकता अभियान, प्रशिक्षण शिविर और तकनीकी मार्गदर्शन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बैठक में जिला उद्यान अधिकारी निधि सिंह ने बताया कि योजना के अंतर्गत निदेशालय उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग उत्तर प्रदेश, लखनऊ से भौतिक लक्ष्य प्राप्त हुए हैं। इनमें आम रोपण, ड्रैगन फूट, पपीता, शाकभाजी कार्यक्रम, ग्लेडियोलस, धनिया, प्याज, लहसुन, सब्जियों के लिए एकीकृत कीट प्रबंधन, मधुमक्खी पालन, फेंसिंग, मचान निर्माण, फूट कवर वितरण, ब्लॉक स्तरीय दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण तथा जनपद स्तरीय सेमिनार/गोष्ठियों जैसे कार्यक्रम शामिल हैं

### 9 नमूना संग्रहित किए व लगभग दो कुंतल मिलावटी मावा कराया नष्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रक्षाबंधन के त्योहार पर खाद्य पदार्थो को सुरक्षित एवं मानक के अनुरूप आम जनमानस को उपलब्ध कराए जाने को लेकर 04अगस्त से 07अगस्त तक चलाएं जा रहे विशेष अभियान के क्रम में सहायक आयुक्त खाद्य डी.पी.सिंह के पर्यवेक्षण में बुधवार को खाद्य सुरक्षा टीम ने प्रवर्तन कार्यवाही सम्पादित कर खाद्य पदार्थ के 09 नमूना संग्री. हत किए तथा लगभग दो कुंतल मिलावटी मावा को मौके पर ही नष्ट किया। दिल्ली की ओर जा रही गाडी बागपत रोड टटीरी के निकट रोक कर मावा के चार नमूने संग्रहित किए।

**NOTICE**

I, Kuldeep Father of Ansh Choudhary Study in class 9th in CJC Sr.Sec. School, Baghpat R/o Khera Islampur, Tehsil & Distt. Baghpat. hereby Declare that my name has been wrongly Written as Kuldeep Singh in my Son's Record. The Correct name is Kuldeep

# जनता वैदिक कॉलेज में शोक सभा आयोजित कर पूर्व राज्यपाल को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के जनता वैदिक कॉलेज में एक शौक सभा हुई जिसमें जनपद बागपत के हिसावदा गांव निवासी पूर्व राज्यपाल सतपाल मलिक के निधन पर गहरा दुख प्रकट करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शौक सभा में संवे. दना प्रकट करते हुए महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष विरेन्द्र पाल सिंह लोहड्डा ने कहा कि हम सबको मलिक के जीवन से सीख लेनी चाहिए। उनका सादा जीवन उच्च कोटी के विचारों को हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने हमेशा किसानों हितो की लड़ाई लड़ते हुए संघर्ष किया था। उनकी छात्र राजनीति से शुरुआत हुई और एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में चौधरी चरण सिंह और अजीत सिंह के साथ रहकर उन्होंने किसान हित में लड़ाई लड़ी उनकी छवि आज भी




एक ईमानदार लीडर के रूप में जानी जाती है। शिक्षकों ने भी उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किए। शौक सभा में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर वीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि हम सब लोगों को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मोके पर डा.देवेंद्र गुप्ता डा.सत्येंद्र डा.लोकेंद्र कुमार सिंह डा. रकम सिंह रवित कुमार गुलवीर प्रधान संजीव चौधरी नितिन चौधरी अभय सांगवान उमानंद त्यागी आदि मौजूद रहे।

# बंदरों के डर से भागी महिला छत से गिरी, पैर की टूटी हड्डी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दोघट।** कस्बे की पट्टी तिरोसिया में बंदरों के हमले से बचने के प्रयास में एक महिला छत से गिर गई। इस हादसे में महिला के पैर की हड्डी टूट गई है। परिजनों ने उसे बड़ौत के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

घटना शीशपाल की पत्नी मीनाक्षी के साथ हुई। वह मकान की प्रथम मंजिल पर काम कर रही थी। अचानक बंदरों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। बचाव के प्रयास में वह छत से नीचे गिर गई और उसके पैर की हड्डी टूट गई। कस्बे में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ रहा है। इसी कस्बे के देवेंद्र पर भी बंदरों के झुंड ने हमला किया। देवेंद्र ने डंडा उठाकर अपना बचाव किया, लेकिन बंदरों ने उसके कपड़े फाड़ डाले। तीन दिन पहले भी बंद. रों ने सभासद शाकिर की पत्नी साजिदा को काटकर घायल कर दिया था। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले काफी समय से बंदरों का झुंड गांव के अलग-अलग हिस्सों में रह रहा है। ये बंदर लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर रहे हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद अधिकारियों ने इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया है। बंदरों के डर से लोग अपनी छतों पर जाने से भी कतरा रहे हैं। कस्बे के सभी लोग बंदरों को पकड़वाने की मांग कर रहे हैं। स्थानीय प्रशासन से इस समस्या का जल्द समाधान करने की अपेक्षा की जा रही है।

# खट्टा प्रहलादपुर में नि:शुल्क सिलाई कढ़ाई केंद्र का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बुधवार को खट्टा प्रहलादपुर में नि:शुल्क सिलाई कढ़ाई केंद्र का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि समाजसेवी पंकज शर्मा ने फीता काट कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चौ.तिलकराम व संच. ालन एडवोकेट सुबोध बंसल ने किया। शिविर प्रारंभ होते ही गांव की 30 प्रशिक्षुओं ने रजिस्ट्रेशन कराया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पंकज शर्मा ने कहा कि सिलाई सीखकर बालिका एवं महिलाएं आत्मनिर्भर बनेगी और केंद्र पर आकर अनुशासन में रहकर सीखेंगे तो उनको भविष्य में सफलता जरूर मिलेगी, उन्होंने ट्रस्ट के पदा. धिकारियों और प्रशिक्षू बेटियों को बधाई और शुभकामनाएं दी।



विशिष्ट अतिथि मास्टर सत्तार अहमद ने कहा कि बेटियां घर की शान होती है बेटियां सिलाई सीखकर अपना रोजगार कर सकती हैं और भविष्य में दूसरों को सीखा भी सकती हैं, सिलाई का क्षेत्र आज ईतना बड़ा हो चुका है जिसे सीखकर बड़े से बड़ा डिजाइनर बन सकती हैं। अजयवीर सिंह प्रधान ने बालिकाओं को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बेटी आज किसी भी क्षेत्र में लड़कों से कम नहीं है आज लड़कियां आगे बढ़कर सभी क्षेत्र में अपना नाम रोशन कर रही है। कार्यक्रम संयोजक टीना चौधरी ने भी प्रशिक्षुओं को बधाई व शुभकामनाएं दी और सभी बालिकाओं और महिलाओं को अनुशासन में रहकर सीखने की हिदायत भी दी और सभी अतिथियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

# केटी पब्लिक स्कूल में नो बैग डे का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** बुधवार को केटी पब्लिक स्कूल लूम्ब में NO BAG DAY का आयोजन किया गया। आज की शिक्षा प्रणाली में बच्चों पर पुस्तकों और बैग का अत्यधिक बोझ देखा जा रहा है, जिससे उनके मौलिक ज्ञान और व्यवहारिक समझ पर असर पड़ रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए विद्यालय ने यह अभिनव पहल की है।

विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रिया चौहान ने बताया कि अब प्रत्येक माह में दो दिन NO BAG DAY मनाया जाएगा, जिसमें बच्चों को पारंपरिक पढ़ाई की बजाय लेखन कौशल, बोलचाल की भाषा, पठन-तालिका ज्ञान तथा नैतिक मूल्यों के विकास से जुड़ी गति. विधियों के माध्यम से शिक्षा दी



जाएगी। इस अवसर पर बच्चे अत्यंत उत्साहित और सक्रिय नजर आए। विद्यालय के प्रबंधक सोनू चौहान ने कहा कि केटी पब्लिक स्कूल का सदैव यह प्रयास रहा है कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित न रह जाए, बल्कि बच्चों का संपूर्ण व्यक्तित्व, सोचने की क्षमता, व्यावहारिक समझ और आत्मविश्वास भी विकसित हो। विद्यालय परिवार की इस सकारात्मक पहल की सभी अभिभावकों और समाज ने सराहना की।

# अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के नाम एसडीएम को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील में पहुंचकर बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को दिया। जिलाध्यक्ष अरविंद चौधरी के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए कार्यकर्ता तहसील परिसर में पहुंचे उन्होंने कहा कि देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाया जाना चाहिए ताकि जनसंख्या पर काबू पाया जा सके। लगातार बढ़ रही जनसंख्या से पश्चिम बंगाल में हिंदुओं पर लगातार अत्याचार हो रहे है। बंगाल में हिंदुओं पर लगातार दबाव बनाकर उनके साथ जुल्म किया जा रहे हैं। बंगाल में घुसपैठियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। भारत में बांग्लादेशी रोहिंग्या मुसलमान अपने पैर जमा चुका है जो पश्चिम बंगाल में ज्यादा संख्या में है। पश्चिम बंगाल से आकर यहां पर रहने वाले रोहिंग्या मुसलमान को उत्तर प्रदेश से बाहर कर देना चाहिए। इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष अरविंद तोमर ठेकेदार व अंतर्राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष अर्जुन सिंह राजीव चौधरी ऋषि पाल सिंह दीपक कुमार राजकुमार राजीव चौधरी आदि मौजूद रहे।

# हर घर तिरंगा अभियान की सफलता के लिए भाजपा की हुई कार्यशाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा हर घर तिरंगा अभियान अभियान को लेकर भाजपा के जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय की अध्यक्षता में जिला कार्यशाला आयोजित कि गई। जिसमें भाजपा द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत 15 अगस्त तक होने वाले कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी डा. चन्द्रमोहन ने अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर पूरे जनपद में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा। विगत कई वर्षो से भाजपा



के नेतृत्व वाली सरकार 15 अगस्त आजादी दिवस को एक उत्सव में मनाने का कार्य कर रही है। इस बार का तिरंगा अभियान ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर आधारित है। उन्होंने बताया कि जनपद के सभी मंडलों एवं जिला स्तर पर तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी। 7 अगस्त से 8 अगस्त के मध्य मंडलों में बैठक आयोजित होगी। 10 अगस्त से 12 अगस्त के मध्य मंडलों में तिरंगा यात्राएं निकाली जाएगी। 12, 13 और 14 अगस्त को जनपद के सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं महापुरुषों की प्रतिमाओं पर स्वच्छता अभियान एवं माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित होंगे। इन सभी स्थानों पर सजावट करने का कार्य किया जाएगा। 14 अगस्त को जिला स्तर पर विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिसमें जिला स्तर पर ही मौन जुलूस निकाला जाएगा। साथ ही संगोष्ठी आयोजित करके 14 अगस्त 1947 को देश के विभाजन के बारे में जानकारी दी जायेगी। जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय ने कहा कि कार्यक्रम की सफलता के लिए पार्टी के सभी संगठनात्मक 12 मंडलों में एक संयोजक व दो सह-संयोजक लगा दिए गये है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम की सफलता के लिए आहवान करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा अभियान केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति की अभिव्यक्ति है। कहा प्रत्येक कार्यकर्ता स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तिरंगा अपने घर पर फहराकर देशप्रेम का परिचय दे। जिला उपाध्यक्ष अनिल तोमर ने कहा कि 15 अगस्त की शाम को कार्यकर्ता तिरंगा को सम्मान पूर्वक उतारना भी सुनिश्चित करेंगे।

# गंगा का जलस्तर बढ़ा, हस्तिनापुर-लतीफपुर मार्ग पर आया पानी

■ दो फिट से ज्यादा सड़क पर हुआ जलभराव
■ स्कूल बस से लेकर ग्रामीणों को हो रही है आने-जाने में परेशानी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** गंगा नदी के जलस्तर में लगातार बढ़ोत्तरी जारी है। बुधवार को हरिद्वार बैराज से ढाई लाख क्यूसेक पानी डिस्चार्ज चल रहा था। जलस्तर बढ़ने से हस्तिनापुर-लतीफपुर मार्ग पर दो फिट पानी चल रहा है और हजारों एकड़ गन्ने व धान की फसल जलमग्न हो चुकी हैं। लगातार बारिश पड़ने के मद्देनजर पानी बढ़ने से खादर क्षेत्र के लोगों की दुश्वारियां और बढ़ सकती हैं। चांदपुर मार्ग पर भीकुंड पुलिया के पास पानी सड़क पार कर तेजी से कटान कर रहा है।

हालांकि इसकी मरम्मत के लिए पीडब्ल्यूडी द्वारा किया जा रहा काम ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। उधर, डीएम मेरठ ने बयान जारी करते हुए कहा कि अभी बाढ़ के हालात नहीं है। तीन लाख क्यूसेक पार होने पर लो फलड के हालात पैदा हो सकते हैं, उसके लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश के चलते गंगा नदी के जलस्तर में बढ़ोत्तरी दर्ज की जा रही है। मंगलवार देर रात से गंगा खादर क्षेत्र में पानी किनारे पार कर तेजी से खेतों और रास्तों पर पहुंच गया। हजारों हेक्टेयर फसलें जलमग्न हो गई और भीकुंड मोड़ और हस्तिनापुर लतीफपुर मार्ग पर कुछ हिस्से में दो फिट तक पानी चल रहा था।

### सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने लगे मवेशी

हस्तिनापुर खादर क्षेत्र में बाढ़ के खतरे को लेकर ग्रामीण अपने मवेशी सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने लगे हैं। वहीं, कुछ ग्रामीण खुद भी सुरक्षित ठिकाने तलाशने में जुट गए हैं।

### बुधवार को हरिद्वार से 3 लाख 47 हजार पानी डिस्चार्ज बढ़ा

सिंचाई विभाग के अधिकारियों के अनुसार बुधवार को हरिद्वार से 3 लाख 47 हजार क्यूसेक और बिजनौर बैराज से 3 लाख 61 हजार क्यूसेक पानी डिस्चार्ज चल रहा है। यह पानी हस्तिनापुर खादर क्षेत्र में तबाही मचा सकता है। हालांकि प्रशासन की ओर से तमाम दावे किए जा रहे हैं, लेकिन यह खादर क्षेत्र में ग्रामीणों को कितनी राहत दे पाएंगे, देखने वाली बात होगी। डीएम मेरठ वीके सिंह ने कहा कि अभी बाढ़ के हालात नहीं है। डीएम ने कहा कि तीन लाख क्यूसेक डिस्चार्ज के बाद लो लड के हालत पैदा हो सकते हैं। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित कर दिया है। पूरी प्रशासनिक मशीनरी को अलर्ट मोड पर रखा गया है। वहीं, डीएम मेरठ के बयान पर गौर करतें तो हरिद्वार के डिस्चार्ज से बाढ़ के हालात जरूर बनेंगे, अब ये लो लड होगी या हाई, गुरूवार को पता चल पाएगा।

## ई-रिक्शाओं ने यातायात ही नहीं व्यापार भी कर दिया बर्बाद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गोला कुआं आजाद रोड व्यापार संघ के उपाध्यक्ष तरूण गुप्ता ने एक ज्ञापन बुधवार को डीएम को सौंपा है। जिसमें उनका कहना था कि भूमिया के पुल से हापुड़ अड्डे की ओर आने वाले आई-रिक्शाओं को ट्रैफिक पुलिस गोला कुंआ चौराहे पर रोक रही है जिससे वहां ई रिक्शाओं की भरमार लग जाती है और वहां व्यापार करना दुबर हो गया है। इसके लिए कई बार एसपी ट्रैफिक से भी बात की जा चुकी है लेकिन कोई भी इस मामले में सुनवाई करने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि इन ई-रिक्शाओं के कारण उनका व्यापार बर्बाद हो चुका है हाल ही में परीक्षाएं समाप्त हुई है व्यापारी वर्ग को पूरी आशा है कि उनके बाजार में रौनक लौटेगी लेकिन ट्रैफिक पुलिस इन ई-रिक्शाओं पर प्रतिबंध नहीं लगा रही है गोला कुआं व्यापार संघ ही नहीं इन ई-रिक्शाओं से सभी व्यापारी दुखी हैं उन्होंने मांग की है कि जल्द से जल्द महानगर के ई-रिक्शाओं पर प्रतिबंध लगाया जाए।

## तिरंगा हाथ में लेकर लगाए देशभक्ति के नारे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** ब्लॉक क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय राजपुर में बच्चों में देश प्रेम की भावना जागृत करने हेतु हर घर तिरंगा कार्यक्रम के प्रथम चरण में बच्चों ने तिरंगा आधारित रंगोली प्रतियोगिता, पेंटिंग कंपटीशन, एवं दीवारों को तिरंगा रंग से सजाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एडीओ पंचायत रामनरेश खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र सिंह एवं ग्राम पंचायत सचिव संघ के जिला अध्यक्ष नकुलधामा ने बच्चों को तिरंगे के बारे में विस्तार से समझाया और तिरंगे के सम्मान और देश प्रेम की भावना जागृत करने का पाठ पढ़ाया। इस अवसर पर मुख्यअतिथि सहित प्रधानाध्यापक व समस्त विद्यालय परिवार ने तिरंगा हाथ में लेकर देश भक्ति के नारे भी लगाए।

## अन्नपूर्णा भवन निर्माण कार्य की हुई प्रगति समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में अन्नपूर्णा भवन निर्माण कार्य की प्रगति समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि विभिन्न निधियों से अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण हेतु विस्तृत मार्गदर्शी सिद्धांत के अनुसार ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में संचालित समस्त उचित दर दुकानों के सापेक्ष अन्नपूर्णा भवनों हेतु भूमि का चिन्हांकन एवं निर्माण कार्य ग्रामीण नगरीय क्षेत्र में कार्यदायी संस्था के माध्यम से कराया जाएगा। उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति को कार्य कराए जाने हेतु जिलाधिकारी द्वारा 16 जून 2025 को अनुमोदन प्रदान किया गया है। इस अवसर पर एसडीएम सदर दीक्षा जोशी आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## मुजफ्फरनगर के युवक की हत्या का खुलासा

### पुलिस ने दो को दबोचा, दोनों आरोपी मुठभेड़ में हुए घायल, पैर में लगी गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** मंगलवार देर रात कांवड़ मार्ग पर हुई मुजफ्फरनगर के युवक की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस के अनुसार युवक की कार के चालक ने अपने साथी के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया। हत्या के पीछे लूट का विरोध करना रहा। आरोपियों ने युवक से साढ़े सात लाख रुपये व सोने की अंगूठिएं और चैन लूटी थी।

पुलिस ने दोनों आरोपियों को पकड़कर हत्याकांड का खुलासा किया है। पुलिस की आरोपियों से आला कत्ल बरामदगी के समय मुठभेड़ हुई, जिसमें दोनों आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गौरतलब है कि मंगलवार देर रात मुजफ्फरनगर की बच्चन सिंह कालानी निवासी अंशुल उर्फ शुभम सिंघल पुत्र प्रदीप कुमार अपने कार चालक सागर के साथ करीब साढ़े सात लाख रुपये कैश लेकर किसी काम से गाजियाबाद जा रहा था। बीच रास्ते में एक युवक को उन्होंने लिफ्ट दी। जिसने कुछ दूर चलने के बाद चाकु से अंशुल पर ताबड़तोड़ वार कर उसकी हत्या कर दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस को कार के अंदर अंशुल का शव मिला था, जबकि चालक सावन दूसरी सीट पर घायल अवस्था में पड़ा था। पुलिस ने शव को मोर्चरी भेज दिया था और सागर को उपचार के लिए सीएचसी ले आई थी। पुलिस ने उपचार के बाद सावन से पूछताछ की तो उसने लूट के बाद हत्या की बात कही। बताया कि एक युवक ने रास्ते में लिफ्ट ली थी और लूट को अंजाम देकर अंशुल की हत्या कर दी। विरोध करने पर उसे चाकू मारकर घायल कर दिया। पुलिस को कहानी में झोल लगा तो पुलिस ने सख्ती दिखाई। जिसके बाद सावन ने पूरी घटना का खुलासा कर दिया। उसने बताया के उसने अपने साथी सनोज उर्फ काला पुत्र ब्रजपाल निवासी ग्राम मीरापुर थाना शाहपुर के साथ मिलकर लूट की और अंशुल की हत्या कर दी। पुलिस ने उनके पास से साढ़े सात लाख रुपये कैश, अंशुल के हाथ में रही सोने की तीन अंगूठी, सोने की चैन व उसका मोबाइल बरामद कर लिया है। उधर, पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर दोनों आरोपियों सावन कुमार पुत्र इतरलाल व सनोज उर्फ काला पुत्र ब्रजपाल को गंगनहर पटरी से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के बाद दोनों को आला कत्ल बरामदगी के लिए ले जाया गया। जहां आरोपियों ने पुलिस टीम से पिस्टल छीनकर पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी फायरिंग की तो पैर में गोली लगने से दोनों आरोपी घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी सरधना में उपचार हेतु भर्ती कराया गया। अभियुक्तगण की निशादेही पर बताये गये घटनास्थल से मोटरसाइकिल, एक अदद चाकू आला कत्ल, लाल रंग का बैग, 7.50 लाख नकद, व अन्य सामान मिला।

## अधिक वर्षा होने से मकान की दीवार गिरी, हुआ नुकसान

### शासन-प्रशासन से मुआवजे की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव झुनझुनी में अधिक वर्षा होने के कारण एक मजदूर के मकान की पीछे की दीवार धंस जाने के कारण गिर गई। जिसमें घर में रखा संदूक खाने पीने का सामान तथा लकड़ी का बेड आदि सामान ईंटों में दब गया। मकान में रह रहे मलिक ने भाग कर जान बचाई। हादसा टल गया। पीड़ित ने शासन प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

बताते चले कि क्षेत्र के गांव झुनझुनी निवासी इरफान, वसीम सैफी का मकान प्राथमिक विद्यालय के पास आ रहा है। मकान के पीछे गन्ने का खेत खड़ा हुआ है। अधिक वर्षा होने के कारण मिट्टी नीचे की ओर धंस गई। और पीछे की दीवार गिर गई। दीवार के नीचे रखें संदूक बेड एवं खाने-पीने की चीज ईंटों में दब गई। मकान मालिक इरफान एवं वसीम सैफी ने घर के अंदर से भाग कर जान बचाई और परिवार बाल-बाल बच गया। मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान मोहन कुमार आर्य ने संबंधित अधिकारियों को फोन कर अवगत कराया। पीड़ित में शासन प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

## बिल जमा होने के बावजूद उपभोक्ता का कनेक्शन काटा

### स्मार्ट मीटर लगाने का अधिकारी बना रहे थे दबाव

■ हर्रा में बिजली विभाग की मनमानी से ग्रामीण नाराज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** क्षेत्र के कस्बा हर्रा में एक उपभोक्ता का बिजली कनेक्शन सिर्फ इसलिए काट दिया गया क्योंकि उसने स्मार्ट मीटर लगाने से मना कर दिया।

उपभोक्ता नूर मोहम्मद ने बताया कि उन्होंने अपना बिजली बिल समय पर और पूरा जमा किया था, जिसकी उसके पास रसीद भी है। इसके बावजूद बिजली विभाग की टीम ने बिना किसी सूचना के उनका कनेक्शन काट दिया। नूर मोहम्मद ने आरोप लगाया कि विभाग के कर्मचारी जबरदस्ती घर में घुसकर कनेक्शन काट गए और स्मार्ट मीटर लगवाने का दबाव बना रहे थे। उन्होंने बताया कि बिल की कोई बकाया राशि नहीं थी, बावजूद इसके उनके साथ ऐसा व्यवहार किया गया, जिससे वह आक्रोशित हो गए और मौके पर मौजूद अधिकारियों से कहासुनी हो गई। इस घटना के बाद मोहल्ले में हड़कंप मच गया और अन्य उपभोक्ताओं ने भी बिजली विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाए। लोगों का कहना है कि अगर बिल जमा है तो इस तरह की जबरदस्ती करना पूरी तरह गलत है।

## खेत में घुसी बेकाबू पिकअप, दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** मंगलवार देर रात मेरठ करनाल हाईवे पर टोल के निकट एक तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी अचानक अनियंत्रित होकर एक खेत में जा घुसी। इस दौरान पिकअप चालक सहित दो लोग घायल हो गए। जिनका एक निजी अस्पताल में उपचार कराया गया। बाद में दोनों लोग क्रेन की मदद से पिकअप को खेत से निकलवा वहां से चले गए। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार देर रात एक पिकअप शामली की तरफ से मेरठ की तरफ जा रही थी। जैसे ही गाड़ी करनाल हाईवे पर भूनी टोल के निकट पहुंची तो अचानक अनियंत्रित हुई और सड़क किनारे एक खेत में जा घुसी। इस हादसे में पिकअप चालक व एक अन्य को चोट आई। गनीमत रही कि गाड़ी पलटी नहीं और जान माल का नुकसान नहीं हुआ।

## चोर आने का शोर मचाने व खुद को घायल करने वाले को पुलिस ने चेतावनी देकर छोड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम खजूरी निवासी दो युवको के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शांति भंग की धारा में चालान कर दिया है। नगर व आसपास के गांवो में चोरों का शोर मचाने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी है बता दे कि आजकल गांवो में ड्रोन उड़ने व चोर आने की चर्चाओ के चलते युवा पहरे लगा रहे हैं वहीं कुछ लोग अफवाह फैला कर भी ग्रामीणों को परेशान कर रहे हैं। ग्राम खजूरी निवासी नरेन्द्र व प्रशांत ने गांव में चोर आने की सूचना फ्लैश कर दी।

जिससे ग्रामीण जमा हो गये वहीं सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई मगर चोर कही दिखाई नही दिये बाद में पुलिस दोनो युवको को पकड़कर थाने ले आई तथा मुकदमा दर्ज कर शांतिभंग में चालान कर दिया। वहीं नगर के मौहल्ला राजा दरवाजा निवासी अंकित त्यागी ने अपने घर की छत पर चोर आने का शोर मचा दिया तथा खुद पर चाकू से हमला करने की बात कही जिसके बाद दर्जनो लोग लाठी डंडे लेकर जमा हो गये मगर चोर का कही कोई सुराग नही मिला बुधवार को पुलिस ने अंकित को झूठा शोर मचाने पर चेतावनी देकर छोड़ दिया। वहीं एसओ संजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि जो भी गांवो मे ड्रोन उड़ायेगा या चोर आने की झूठी सूचना देगा उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

## क्षेत्रीय स्केटिंग टूर्नामेंट में छाए सेन्ट थॉमस इंग्लिश मीडियम के विद्यार्थी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गोरखपुर में दो दिवसीय आईसीएससी ई रिजनल स्केटिंग चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें सेंट थॉमस इंग्लिश मीडियम के विद्यार्थियों ने 10 गोल्ड 5 सिल्वर 5 ब्रोच पदक हासिल किए।

प्रतियोगिता में अंडर 17 बॉयज व गर्ल्स ने 5 गोल्ड, 3 सिल्वर, 2 ब्रोच और अंडर 19 में बॉयज व गर्ल्स ने 5 गोल्ड, 2 सिल्वर 2 ब्रोच पर अपना कब्जा जमाया। प्रधानाचार्य अड़ी ने बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही स्केटिंग कोच फिरोज फारूकी और स्कूल के पीटीआई कविता पवार, मान जॉन थॉमस का आभार प्रकट किया।

## भ्रष्टाचार की शिकायत पर बिजली विभाग की छापेमारी से मचा हड़कंप

■ एक्सईएन रेड के नेतृत्व में कई टीमों ने की कार्रवाई

### घरेलू कनेक्शन पर चलता मिला कारोबार, बकाया होने के बाद परिवार के दूसरे सदस्य के नाम पर कनेक्शन देने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** बिजली विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार किसी से छिपा नहीं है। यहां पैसे के दम पर अवैध का आसानी से और बिना रिश्वत के वैध काम भी नहीं होता है। इसी तरह के भ्रष्टाचार की शिकायत के बाद एक्सईएन रेड के नेतृत्व में विभाग की चार टीमों ने नगर में कई स्थानों पर छापेमारी की। कहीं घरेलू कनेक्शन पर व्यापारिक गतिविधि चलती पाई गई तो कहीं पर बकाया व एफआईआर के बाद भी घर के किसी दूसरे सदस्य के नाम पर कनेक्शन आवंटित कर दिया गया। छापेमारी करने आई टीम देर शाम तक मवाना में शिकायती पत्रों की जांच के लिए रुकी रही। कस्बा निवासी प्रशांत ने बिजली विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार की शिकायत विभागीय अधिकारियों से की थी। शिकायतकर्ता ने बिजली विभाग मवाना में तैनात कुछ कर्मचारियों पर अवैध रूप से कनेक्शन आवंटित करने का आरोप लगाया था। शिकायत मिलने के बाद बुधवार को एक्सईएन रेड भारी दल-बल के साथ मवाना पहुंचे और कई स्थानों पर छापेमारी की। नई मंडी के सामने टीम ने मीटर की जांच की, जिसमें घरेलू कनेक्शन पर व्यापार चलता पाया गया। इसके अलावा तहसील के पास और हस्तिनापुर रोड पर कई स्थानों पर टीम ने छापेमारी की। शाम के समय टीम एक्सईएन मवाना के कार्यालय पर पहुंची और शिकायत के संबंध में कई कनेक्शनों के आवंटन दस्तावेजों की जांच की। टीम की इस कार्रवाई से विभाग में भी हड़कंप की स्थिति बनी रही। इस बारे में जब एक्सईएन रेड से बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने स्पष्ट कहा कि वह मीडिया को कोई भी बयान जारी करने के लिए अधिकृत नहीं हैं। उन्होंने छापेमारी से संबंधित सूक्ष्म जानकारी दी।

## सर्किट हाउस में महिलाओं की 27 शिकायतों का डॉ. हिमानी अग्रवाल ने किया निस्तारण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सर्किट हाऊस में सदस्या राज्य महिला आयोग डॉ. हिमानी अग्रवाल द्वारा महिलाओं से संबंधित मामलों में जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई में पुलिस से संबंधित कुल 27 प्रकरण प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान संबंधित अधिकारी को प्रार्थना पत्र पर तत्काल कार्यवाही करते हुये निस्तारण के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर सदस्या द्वारा नारी निकेतन का भी निरीक्षण किया गया। सदस्या ने कहा कि सभी अधिकारी महिलाओं की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर करें। जनसुनवाई के दौरान उन्होंने महिलाओं से कहा कि वह खुलकर अपनी बात रखें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कटारिया, सी.ओ. अभिषेक पटेल, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी शैलेश राय, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार गुप्ता, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशा चौधरी, पुलिस महिला थाना व थाना एएचटीयू प्रभारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुपम यादव, जिला मिशन समन्वयक खुशबू शर्मा आदि रहे।

## माता बगलामुखी ब्रह्मास्त्र महाविद्या धाम यज्ञशाला में हवन और भंडारे का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगानगर।** महा शिवरात्रि के परम पावन और पुण्य अवसर पर माता बगलामुखी ब्रह्मास्त्र महाविद्या धाम यज्ञशाला में एक भव्य धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। इस आयोजन में श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में भाग लिया और हवन, पूजन एवं विशाल भंडारे का लाभ प्राप्त किया। हवन यज्ञ विधिवत रूप से सम्पन्न हुआ, जिसमें विशेष रूप से भगवान शिव और माता बगलामुखी का आह्वान कर विश्व शांति, सुख समृद्धि और जन कल्याण की कामना की गई।

यज्ञशाला का वातावरण पूरे दिन मंत्रोच्चारण, शंखनाद और भक्ति भाव से गुंजायमान रहा। इस पावन अवसर पर उदित चौधरी, शिवानी चौधरी, माता मंजीत चौधरी, आचार्य प्रदीप गोस्वामी, आशा गोस्वामी, गुरु सिमरन, अर्जुन सिंह वाधवा, तेजस्विनी वाधवा, अभिमन्यु वाधवा, हिमांशु वर्मा, विपुल सिंघल, नरेश कुमार, मुकुल शिव सहित अनेक श्रद्धालु और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। हवन उपरांत सभी श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें प्रसाद ग्रहण कर सभी ने पुण्य अर्जित किया। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा, बल्कि सामाजिक एकता और लोककल्याण की भावना को भी सशक्त करता दिखा।

## वी ने रैडएक्स के फायदों को फैमिली पोस्टपेड प्लान्स में किया विस्तारित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अपने फ्लैगशिप रैडएक्स पोस्टपेड प्लान की सफलता को देखते हुए भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता वी वोडाफोन आइडिया ने रैडएक्स फैमिली प्लान के लॉन्च की घोषणा की है। यह भारत का एकमात्र फैमिली पोस्टपेड प्लान है, जो अनलिमिटेड 4जी एवं 5जी डेटा और इंटरनेशनल रोमिंग के साथ प्रीमियम ट्रैवल, लाईफ स्टाइल एवं एंटरटेनमेन्ट के फायदे देता है। पोस्टपेड सेगमेन्ट में उद्योग जगत का लीडर होने के नाते वी अपने उपभोक्ताओं को सर्वश्रेष्ठ सेवाएं प्रदान करता रहा है। रैडएक्स फैमिली के लॉन्च के साथ वी ने उद्योग जगत के नियमों से हटकर पोस्टपेड के अनुभव को पूरी तरह से बदल डाला है,

## हथिनी माधुरी को वापिस नांदणी मठ लाने के लिए आज होगा पैदल मार्च



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगानगर।** नांदणी मठ जैन मठ कोल्हापुर महाराष्ट्र में पिछले 35 साल से परिवार के सदस्य की तरह रह रही हथिनी माधुरी को अनंत अंबानी के वंतारा जाम नगर गुजरात में भेजे जाने के विरोध में विश्व श्रमण संस्कृति श्रीसंघ के राष्ट्रीय महामंत्री सुदीप जैन के नेतृत्व में आज गुरूवार को श्री महावीर जयंती भवन शारदा रोड से अंबेडकर तिराहा दिल्ली रोड पर मेट्रो प्लाजा के सामने तक पैदल मार्च निकाला जाएगा तथा हथिनी माधुरी की नांदणी मठ में वापसी के लिए उपस्थित सक्षम अधिकारी को राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा जाएगा। विश्व श्रमण संस्कृति श्रीसंघ के राष्ट्रीय महामंत्री सुदीप जैन ने कहा कि रिलायंस के मालिक मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी की नजर नांदणी मठ में पिछले 35 सालों से रह रही हथिनी माधुरी पर पड़ गयी। उसके बाद उन्होंने उसको हासिल करने का प्रयास किया और जब बात नहीं बनी फिर उन्होंने पेटा संस्था से कोर्ट में याचिका दाखिल करायी। पेटा संस्था ने अपने निजी हित साधने के लिए नांदणी मठ पर झूठे आरोप लगाते हुए कूट रचित दस्तावेज तैयार किए और न्यायालय को भ्रमित किया गया। सुदीप जैन ने कहा कि जैन धर्म में तो प्रकृति के सूक्ष्म से सूक्ष्म जीव के प्रति रक्षा का भाव है। उस जैन समाज पर जो सबसे ज्यादा जीव दया का अनुपालन करता है ऐसे आरोप लगाना दुर्भाग्यपूर्ण है।

हथिनी माधुरी को नांदणी मठ से इस तरह ले जाना हमारी संस्कृति और विरासत पर हमला है। सुदीप जैन ने कहा कि हथिनी माधुरी मठ में प्रतिदिन देव दर्शन करने के बाद भोजन पानी लेती थी और रात्रि भोजन नहीं करती थी। माधुरी सभी साधुओं को सूंड उठाकर नमस्कार करती थी। उन्होंने कहा हथिनी माधुरी के नांदणी मठ में वापिस आने तक आंदोलन जारी रहेगा।

# इंग्लैंड में सीरीज बराबर करने के बाद भारतीय टीम घर लौटी

● **जीत के बाद टीम इंडिया ने कोई बड़ा जश्न नहीं मनाया, वाशिंगटन सुंदर इम्पैक्ट प्लेयर बने गंभीर बोले: बहुत खुश हूं**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पांचवां टेस्ट जीतकर सीरीज 2-2 से बराबर की, लेकिन जीत के बाद टीम इंडिया ने कोई बड़ा जश्न नहीं मनाया। खिलाड़ियों ने मैच खत्म होने के बाद अपने परिवारों के साथ समय बिताया और मंगलवार सुबह अलग-अलग बैचों में भारत के लिए रवाना हो गए।

मोहम्मद सिराज समेत कई खिलाड़ी फ्लाइट से दुबई पहुंचे, जहां से वे अपने-अपने शहरों के लिए रवाना होंगे। कुछ खिलाड़ी इंग्लैंड में कुछ दिनों के लिए रुक गए हैं। ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर को भारतीय मैनेजमेंट ने सीरीज का इम्पैक्ट प्लेयर मेडल दिया। वहीं हेड कोच गौतम गंभीर ने कहा, श्मैं टीम परफारमेंस से बहुत खुश हूं।

मैच खत्म होने के करीब चार घंटे बाद अर्शदीप और प्रसिद्ध कृष्णा को लंदन की सड़कों पर अपने परिवारों के साथ घूमते हुए देखा गया। कुलदीप यादव, जिन्हें सीरीज में मौका नहीं मिला, पूर्व खिलाड़ी पीयूष चावला के साथ नजर आए। बुमराह को पहले ही आराम के कारण टीम से रिलीज कर दिया गया था। बीसीसीआई सूत्रों के अनुसार, कोई खास सेलिब्रेशन नहीं हुआ।

सीरीज काफी लंबी और थकाऊ रही। खिलाड़ी अपने परिवारों के साथ या अकेले समय बिता रहे थे। ज्यादातर खिलाड़ी भारत लौट चुके हैं, कुछ छुट्टियां मना रहे हैं। अब टीम इंडिया की अगली चुनौती अगले महीने न्म में एशिया कप होगी। भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल को प्लेयर ऑफ द सीरीज और मोहम्मद सिराज को ओवल टेस्ट में प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। पांचवें टेस्ट में भारत की 6 रन से रोमांचक जीत के बाद वाशिंगटन सुंदर को सीरीज का इम्पैक्ट प्लेयर चुना गया। इस दौड़ में मोहम्मद सिराज, शुभमन गिल और रवींद्र जडेजा भी थे, लेकिन सुंदर के प्रदर्शन ने उन्हें सबसे आगे रखा। सीरीज में सुंदर ने लगातार चार टेस्ट खेले। उन्होंने कुल 284 रन बनाए, जिसमें एक अर्धशतक और एक शानदार शतक शामिल था।

गेंदबाजी में भी उन्होंने 7 विकेट लिए। तीसरे टेस्ट में लाड्र्स पर उन्होंने बेन स्टोक्स, जो रूट और जेमी स्मिथ जैसे बड़े बल्लेबाजों को आउट किया और 4 विकेट झटके। मैनचेस्टर टेस्ट में उन्होंने जडेजा के साथ पांच सेशन तक बल्लेबाजी की और मैच ड्रा कराया। वहां उन्होंने नाबाद 101 रन बनाए।

# करियर की बेस्ट रैंकिंग पर सिराज-कृष्णा



● **जसप्रीत बुमराह नंबर-1 पर कायम**
● **सिराज 12 स्थान की छलांग लगाकर 15वें स्थान पर**
● **प्रसिद कृष्णा 25 स्थान की छलांग लगाकर 59 वें स्थान पर**
● **बल्लेबाजों में यशस्वी जायसवाल टॉप-5 में शामिल**

**दुबई, वार्ता।** इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के आखिरी मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा अपने-अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर पहुंच गए हैं। इस टेस्ट में सिराज ने 9 और कृष्णा ने 8 विकेट लिए थे। सिराज 12 स्थान की छलांग लगाकर 15वें स्थान पर पहुंच गए।

उनकी रेटिंग 674 अंक हो गई। वहीं, प्रसिद्ध कृष्णा ने 25 स्थान की उछाल के साथ 59वां स्थान हासिल किया, उनकी रेटिंग 368 अंक है। जसप्रीत बुमराह नंबर-1 टेस्ट गेंदबाज बने हुए हैं। उनके 889 रेटिंग अंक हैं। वहीं, टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में यशस्वी जायसवाल टॉप-5 में पहुंच गए हैं। सिराज ने सीरीज में सबसे ज्यादा 23 विकेट लिए एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में सिराज ने सभी पांच टेस्ट खेले और 23 विकेट के साथ सीरीज के टॉप विकेट टेकर रहे। वहीं, प्रसिद्ध कृष्णा ने तीन टेस्ट मैचों में 14 विकेट लिए। वे सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में पांचवें स्थान पर रहे। बल्लेबाजी रैंकिंग में, भारत के जायसवाल ने आखिरी टेस्ट की दूसरी पारी में 164 गेंदों पर 118 रन बनाकर तीन स्थान की छलांग लगाई और आईसीसी मेन्स टेस्ट बल्लेबाज रैंकिंग में टॉप-5 में जगह बनाई। उनकी रेटिंग अब 792 अंक है। वहीं, इंग्लैंड के जो रूट व हैरी ब्रुक ने पहला और दूसरा स्थान बरकरार रखा। रूट ने दूसरी पारी में 152 गेंदों पर 105 रन और ब्रूक ने 98 गेंदों पर 111 रन बनाए। न्यूजीलैंड और जिम्बाब्वे के बीच हुई टेस्ट सीरीज में न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल ने चार स्थान की छलांग लगाकर टेस्ट बल्लेबाज रैंकिंग में टॉप-10 में जगह बनाई। उनके साथी मैट हेनरी ने तीन स्थान की उछाल के साथ गेंदबाजों की रैंकिंग में चौथा स्थान हासिल किया, उनकी रेटिंग 817 अंक है, जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग है। हेनरी ने छोटे प्रारूपों के अपने फार्म को टेस्ट क्रिकेट में भी बरकरार रखा। एटकिंसन और जोश टंग भी करियर के सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर पहुंचे इंग्लैंड के गेंदबाजों को भी इस मैच में बेहतर प्रदर्शन का फायदा रैंकिंग में मिला। गस एटकिंसन और जोश टंग ने आठ-आठ विकेट लिए। एटकिंसन पहली बार टॉप-10 में शामिल हुए, जबकि टंग 14 स्थान की छलांग लगाकर 46वें स्थान पर पहुंच गए। दोनों ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की। ऑलराउंडर्स में जडेजा टॉप पर कायम, स्टोक्स नंबर-3 पर द ओवल में 53 रन की पारी खेलने वाले भारतीय आलराउंडर जडेजा आलराउंडर्स रैंकिंग के टॉप पर कायम हैं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### विलियम ओ रूर्के दूसरे टेस्ट से हुए बाहर

**बुलावाया, वार्ता।** न्यूजीलैड के तेज गेंदबाज विलियम ओं' रूर्के पीट की चोट के कारण दूसरे टेस्ट मैच से बाहर हो गये है। उन्हें पहले टेस्ट के तीसरे दिन पीठ में अकड़न के बाद चिकित्सीय सलाह के लिए स्वदेश भेज दिया गया था। दूसरे टेस्ट से पहले न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ऑलराउंडर नाथन स्मिथ पेट में खिंचाव के कारण पहले ही बाहर हो चुके हैं। उनकी जगह ऑलराउंडर जकारी फॉल्केस को टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। वहीं ऑकलैंड एसेस के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बेन लिस्टर को भी ओं' रूर्के के कवर के तौर पर बुलाया गया है। न्यूजीलैंड के गेंदबाजी कोच जैकब ने कहा कि हमें उम्मीद है कि यह कोई बहुत बड़ी सीरीज नहीं होगी।

### पावरलिफ्टिंग: स्वर्ण पदक विजेता नमी राय ने साय से की मुलाकात

**रायपुर, वार्ता।** छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय से उनके निवास कार्यालय में एशियन अफ्रीकन पैसिफिक पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता नमी राय पारेख ने मुलाकात की। साय को रायपुर निवासी नमी राय पारेख ने बताया कि पांच से 13 जुलाई तक जापान के हिमेजी में एशियन पॉवरलिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा एशियन अफ्रीकन पैसिफिक पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था। इस चैंपियनशिप में उन्होंने 57 किलोग्राम डेडलिफ्ट वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया है। सीएम वष्णुदेव साय ने नमी राय पारेख को एशियन अफ्रीकन पैसिफिक पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल करने पर बधाई दी।

# हमारी टीम में सुधार की गुंजाइश है: मैकुलम

**मुख्य कोच मैकुलम का मानना है कि पांचवें टेस्ट में भारतीय टीम जीत की हकदार थी**




**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैकुलम का कहना है कि उन्होंने उन क्षेत्रों की पहचान कर ली है जहां इंग्लैंड को एशेज से पहले सुधार करना होगा, जब भारत के खिलाफ एक रोमांचक सीरीज 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुई और मुख्य कोच का मानना है कि पांचवें टेस्ट में भारतीय टीम जीत की हकदार थी। भारत ने इस एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी सीरीज के 25वें और आखिरी दिन 56 मिनट के शानदार खेल में 2-1 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए छह रन की जीत हासिल की, जो रनों के लिहाज से उनकी सबसे कम अंतर की जीत थी। इसका मतलब यह था कि इंग्लैंड 2018 के बाद से भारत के खिलाफ पहली सीरीज जीत से चूक गया। मैकुलम और बेन स्टोक्स के नेतृत्व में उन्होंने अभी तक भारत या ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कोई सीरीज जीत दर्ज नहीं की है। चूंकि इंग्लैंड अब सितंबर में दक्षिण अफ्रीका और आयरलैंड के खिलाफ सफेद गेंद की सीरीज में उतरेगा, इसलिए खिलाड़ियों के पास आराम करने का समय है। साल की शुरुआत से ही कोच के रूप में मैकुलम दोनों चुनौतियों में शामिल रहेंगे। लेकिन उनका तात्कालिक ध्यान, एक बार सब कुछ शांत हो जाने के बाद, पिछले सात हफ्तों पर रहेगा कि क्या काम आया और क्या नहीं। नवंबर में पर्थ में पहले एशेज टेस्ट से पहले तैयारी करना उनका प्राथमिक लक्ष्य होगा। मैकुलम ने कहा कि हम पहले सब कुछ शांत होने देंगे और हम यह पता लगाएंगे कि क्या अच्छा रहा है और फिर यह तय करना शुरू करेंगे कि हम कैसे सुधार कर सकते हैं, ताकि जब हम ऑस्ट्रेलिया पहुंचें, तो हमारे पास एक बड़ा मौका हो। हम जानते हैं कि हमारे पास सुधार की कुछ गुंजाइश है। जब आप खिलाड़ियों को दबाव में अपनी सीमाओं से परे जाकर प्रदर्शन करते हुए देखते हैं, तो आप हमेशा कुछ न कुछ सीखते हैं। बहुत सी चीजें हैं जिन पर हमें ध्यान देना है क्योंकि हम इसे समझने और उन क्षेत्रों का पता लगाने के लिए समय देंगे जिनमें हम अपनी अगली चुनौती के लिए सुधार कर सकते हैं। कुल मिलाकर, मुझे लड़कों और उनके प्रयासों पर बहुत गर्व है। यह एक प्रतिस्पर्धी सीरीज रही है, जिसमें, कुछ खिलाड़ी चोटिल भी हुए। यह सीरीज़ ड्रॉ हो चुकी है। आप निराश हैं लेकिन आपको उनके प्रयासों पर गर्व है। स्कोरलाइन 2023 के घरेलू एशेज की तरह है, और हालांकि इंग्लैंड ने दो साल पहले ड्रॉ हासिल करने के लिए वापसी की थी, लेकिन इस गर्मी में भारत के खिलाफ कुछ समानताएं थीं, जिनमें से कुछ ऐसे पल थे जिन्हें मेज़बान टीम ने जाने दिया।

# पूर्व काउंटी कोच यौन दुराचार के आरोप में निलंबित

● **कोच ने अपने दुर्व्यवहार के लिए माफी मांगी है और सच्चा पश्चाताप व्यक्त किया है**

**लंदन, वार्ता।** एक अज्ञात पूर्व काउंटी क्रिकेट कोच को यौन दुराचार के आरोप स्वीकार करने के बाद नौ महीने के लिए निलंबित कर दिया गया है।

स्वतंत्र क्रिकेट अनुशासन पैनल ने पाया कि उस व्यक्ति ने 2023 और 2024 की गर्मियों में स्टाफ की दो महिला जूनियर सदस्यों को यौन रूप से स्पष्ट तस्वीरें भेजी थीं। उसने पेशेवर आचरण नियमों के पांच उल्लंघनों को स्वीकार किया, जिसमें दो सहकर्मियों को अनच. ाही यौन तस्वीरें भेजना भी शामिल है। पैनल ने 'असाधारण' स्वास्थ्य संबंधी परिस्थितियों और नाम सार्वजनिक करने पर 'गंभीर नुकसान' के खतरे के कारण व्यक्ति की पहचान बताने से इनकार कर दिया। पैनल की रिपोर्ट में कहा गया है कि दूसरी महिला 'प्रतिवादी से बहुत छोटी थी और वह क्रिकेट क्लब में उससे कहीं अधिक वरिष्ठ पद पर था।

उसके व्यवहार के कारण उसे बर्खास्त कर दिया गया और तब से वह खेल में कार्यरत नहीं है। पैनल को दिए गए आवेदनों में, यह उल्लेख किया गया कि कोच ने 'अपने दुर्व्यवहार के लिए माफ़ी मांगी है और सच्चा पश्चाताप व्यक्त किया है'। बीबीसी की एक खबर के अनुसार, रिपोर्ट में कहा गया है कि उन्होंने स्वेच्छा से एक शिक्षा पाठ्यक्रम लिया था और 'अवांछित स्पष्ट संदेशों के प्रभाव को समझने के लिए एक पूर्व पेशेवर खिलाड़ी के साथ काम किया था'। रिपोर्ट में कहा गया है कि उन्हें उम्मीद थी कि अब वह एक बेहतर इंसान बन रहे हैं। उन्हें कार्यस्थल की सीमाओं, सोशल मीडिया के दुरुपयोग और यौन उत्पीड़न के बारे में बेहतर समझ थी। यह प्रतिबंध आरोपों के दर्ज होने से छह महीने पहले लगाया गया है, साथ ही तीन महीने का निलंबन और एक अनिवार्य शिक्षा पाठ्यक्रम पूरा करना होगा।

# हाइजिया वेंचर्स ने सानिया मिर्जा को बनाया ब्रांड एंबेसडर



नई दिल्ली, वार्ता। गौरव अग्रवाल की कनाडा समर्थित निवेश फर्म हाइजिया वेंचर्स ने टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) के सातवें सीजन से पहले गुरुग्राम ग्रैंड स्लैमर्स टीम को खरीदने के साथ ही दिग्गज स्टार सानिया मिर्जा को टीम का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। टीपीएल भारत की चौथी ऐसी स्पोर्ट्स लीग बन गई है जो लगातार सातवें सीजन में पहुंची है। इसकी फास्ट-पेस्ड और दर्शकों को पसंद आने वाली प्रारूप की वजह से ये लीग लगातार निवेशकों और दर्शकों को आकर्षित कर रही है।

गौरव अग्रवाल कहा कि टेनिस और खेलों से मेरा व्यक्तिगत जुड़ाव है। एक पिता के तौर पर भी मैं युवा टेनिस खिलाड़ियों को सपोर्ट करना चाहता हूं। यह निवेश खेल और फेंचाइज़ी मैनेजमेंट में हमारे कदम को मजबूत करता है। सानिया मिर्जा ने कहा कि मैं एक ऐसी टीम से जुड़कर खुश हूं जो टैलेंट और इनोवेशन दोनों को महत्व देती है। गौरव का विजन भारतीय टेनिस के लिए जरूरी लॉन्ग-टर्म इनवेस्टमेंट को दर्शाता है।

# एशिया कप में अफगान टीम की अगुवाई करेंगे राशिद



● **अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने संयुक्त अरब अमीरात में 9 से 28 सितम्बर तक होने वाले एशिया कप के लिए 22 सदस्यीय टीम की घोषणा की**

**काबुल, वार्ता।** स्टार लेग स्पिनर राशिद खान की अगुवाई में अफगानिस्तान की क्रिकेट टीम आगामी एशिया कप में खेलेगी। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात में नौ से 28 सितंबर तक होने वाले एशिया कप के लिए 22 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी। एसीबी की चयन समिति के सदस्य मीर मुबारिज ने बताया कि राशिद खान अफगानिस्तान के सुपरस्टार हैं। उन्होंने हमेशा टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है। फॉर्म में होना या खराब होना, यह खेल का हिस्सा है, लेकिन वह अच्छी तरह जानते हैं कि कैसे मजबूती से वापसी करनी है और टीम और देश के लिए बड़े टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन करना है।

मुबारिज ने कहा कि हमने त्रिकोणीय सीरीज और एशिया कप से पहले तैयारी शि. विर के लिए एक प्रारंभिक टीम की घोषणा कर दी है, जहां नए खिलाड़ियों की परख कोचिंग स्टाफ और कप्तान, दोनों प्रशिक्षण और तैयारी शिविर के दौरान करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर चोटों के कारण उन्हें अपनी योजना में बदलाव नहीं करना पड़ा, तो वे प्रारंभिक शिविर के 22 सदस्यों में से ही अपनी विश्व कप टीम का चयन करेंगे। उन्होंने टीम में शामिल तेज गेंदबाजो को लेकर कहा कि हां , हम शायद आगामी एशिया कप में इन्हीं 22 खिलाड़ियों के साथ उतरेंगे, लेकिन चोट लगने की स्थिति में बदलाव हो सकते हैं, और हम समय के साथ इन मुद्दों का ध्यान रखेंगे। हमने अब्दुल्ला अहमदजई, बशीर अहमद को टीम में शामिल किया है, और सलीम सफी भी चोट के बाद वापसी कर रहे हैं। इसलिए, वे सभी 140 की रफ्तार से गेंदबाजी करने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया जानती है कि अफगानिस्तान के पास राशिद खान, मुजीब, मोहम्मद नबी और अल्लाह मोहम्मद गजनफर जैसे बेहतरीन स्पिन गेंदबाज हैं। हमने नांग्याल खारोटी और घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करने वाले शराफुद्दीन अशरफ को भी टीम में शामिल किया है।

## अंतर्राष्ट्रीय मैराथन दौड़ की तैयारियां जोरों पर

**माउंट आबू, वार्ता।** राजस्थान में पर्यटन स्थल माउंट आबू में ब्रह्माकुमारी संगठन की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि के मौके पर 17 अगस्त को विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में आयोजित की जा रही सातवीं अंतर्राष्ट्रीय मैराथन दौड़ की तैयारियां जोरों से की जा रही हैं।

मैराथन संयोजक समिति सदस्य बी के सचिन ने बुधवार को बताया कि अंतर्राष्ट्रीय मैराथन दौड़ के लिए करीब साढ़े तीन हजार सहभागियों का पंजीकरण हो चुका है। विदेशों के भी करीब पांच दर्जन धावक दौड़ में भाग ले रहे हैं।

## शहीद विजय सिंह पथिक खेल परिसर में शुरू होगी प्रो वॉलीबॉल लीग

**ग्रेटर नोएडा, वार्ता।** गौतमबुद्धनगर जिले में पहली बार प्रो वॉलीबॉल लीग का आयोजन होने जा रहा है। प्रो वॉलीबॉल लीग का आयोजन गुरुवार से ग्रेटर नोएडा स्थित शहीद विजय सिंह पथिक खेल परिसर में किया जाएगा। लीग को लेकर खेल परिसर में आयोजकों द्वारा प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया,जिसमें 15 दिवसीय लीग को लेकर जानकारी दी गई। आदि योगी फाउंडेशन के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश प्रो वालीबॉल लीग के फाउंडर कुलवंत ने जानकारी देते हुए बताया कि 7 अगस्त से ग्रेटर नोएडा स्थित शहीद पथिक सिंह खेल परिसर में पहली बार प्रो वॉलीबॉल लीग का आयोजन किया जा रहा है। यूपी प्रो वालीबॉल लीग में कुल 8 टीमें हिस्सा लेंगी जिनमें लखनऊ टाइगर्स, गोरखपुर, नोएडा, मथुरा, अयोध्या, मुरादाबाद, काशी व मुजफ्फरनगर लायंस होंगी।

# पंत ने छात्रा की कॉलेज फीस में मद्द की



● **ज्याति के परिवार ने अनिल नाम के एक स्थानीय शुभचिंतक से संपर्क किया, जिन्होंने क्रिकेट से जुड़े अपने सपर्कों के माध्यम से पंत तक छात्रा की परेशानी को पहुंचाया**

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत ने कर्नाटक के बागलकोट जिले की एक आर्थिक रूप से संघर्षरत छात्रा की मदद की है, जिससे वह उच्च शिक्षा प्राप्त कर सके। विकेटकीपर-बल्लेबाज के इस नेक काम की व्यापक सराहना हो रही है।

बिलागी तालुक के रबकवी गाँव की रहने वाली ज्योति कनबुर मथ ने अपने प्री-यूनिवर्सिटी कोर्स (पीयूसी ) में 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे और कंप्यूटर एप्लीकेशन में स्नातक (बीसीए) पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त किया था। हालांकि, आर्थिक तंगी के कारण, उनका परिवार कॉलेज की फीस का भुगतान करने में असमर्थ था। आर्थिक सहायता प्राप्त करने के प्रयास में, ज्योति के परिवार ने अनिल नाम के एक स्थानीय शुभचिंतक से संपर्क किया, जिन्होंने क्रिकेट से जुड़े अपने संपर्कों के माध्यम से उनसे संपर्क किया। यह अपील अंततघ ऋषभ पंत तक पहुंची, जिन्होंने तुरंत कॉलेज को 40,000 रुपये ट्रांसफर कर दिए, जिससे ज्योति के दाखिले का रास्ता साफ हो गया। पंत को लिखे एक आभार पत्र में, ज्योति ने अपना हार्दिक आभार व्यक्त किया।

उन्होंने लिखा कि मैं बीसीए करना चाहती थी, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण, मेरे माता-पिता ने हमारे गाँव के ही अनिल से संपर्क किया और पूछा कि क्या कोई छात्रवृत्ति या आर्थिक मदद उपलब्ध है। फिर अनिल ने अपने दोस्त अक्षय से संपर्क किया, जो बेंगलुरु में रहता है। अक्षय ने मेरी स्थिति से भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत को अवगत कराया। ऋषभ पंत ने 40,000 रुपये ट्रांसफर किए ताकि मैं बीसीए कर सकूं। मैं ऋषभ पंत की बहुत आभारी हूं और ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि वह उन्हें अच्छी सेहत प्रदान करें। मैं अनिल अन्ना और अक्षय नाइक सर की भी आभारी हूं। मैं उनकी मदद को कभी नहीं भूलूंगी। कॉलेज प्रबंधन ने भी पंत को उनके समय पर दिए गए सहयोग के लिए एक प्रशंसा पत्र जारी किया।

# मणिपुर, उत्तराखंड, तमिलनाडु, मप्र और झारखंड जीते

● **15वें हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के छटे दिन डिवीजन बी के सभी मैच समाप्त हो गए है**

**काकीनाडा, वार्ता।** 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के छठे दिन बुधवार को डिवीजन 'बी' के सभी मैच समाप्त हो गए, जिसमें मणिपुर, उत्तराखंड और तमिलनाडु ने अपने-अपने लीग मुकाबलों में जीत दर्ज की, जबकि हिमाचल ने बिहार के साथ ड्रॉ खेला। यहां दिन के पहले मैच में मणिपुर ने असम को 3-1 से हराया।

मणिपुर के लिए कंगजम सिल्विया चानू ने (27वें, 49वें) मिनट में दो गोल और देवी मुतुम प्रिया ने (26वें) मिनट में एक गोल किया। असम की ओर से एकमात्र गोल अश्मिता तिग्गा ने (20वें) मिनट में किया। अगले मैच में उत्तराखंड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए केरल को 7-0 से रौंद दिया। उत्तराखंड की कप्तान सलोनी पिलखवाल ने (नौवें, 31वें, 46वें) मिनट में गोल कर हैट्रिक बनाई, जबकि राईन कहकशा अली ने (चौथे, 14वें) और आरती ने (40वें, 45वें) ने दो-दो गोल किए। अन्य मैच हिमाचल और बिहार के बीच 1-1 से ड्रॉ रहा। हिमाचल के लिए भूमि ने (12वें) और बिहार की ओर से खुशी कुमारी ने (11वें) मिनट गोल किया। यह मुकाबला एक-एक गोल से ड्रा रहा। अंतिम डिवीजन 'बी' मैच में तमिलनाडु ने अरुणाचल को 5-0 से हराया। तमिलनाडु की ओर से प्रियधरसिनी ने (39वें, 52वें) मिनट में दो गोल किए, जबकि अक्षता आर ने (43वें), सुबलक्ष्मी एल (40वें) मिनट और जयशालिनी एस (46वें) मिनट में एक-एक गोल किए। इसके साथ ही 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के सभी डिवीजन 'बी' मैच समाप्त हो गए। पूल 'ए' से मणिपुर और पूल 'बी' से हिमाचल को अगले साल होने वाले डिवीजन 'ए' मैचों में पदोन्नत किया गया। इस सप्ताह की शुरुआत में, डिवीजन 'सी' के पूल 'ए' से गोवा हॉकी और पूल 'बी' से मिजोरम को भी अगले साल होने वाली जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के डिवीजन 'बी' में पदोन्नत किया गया। दिन के दूसरे भाग में डिवीजन 'ए' लीग मैच हुए, जिसमें मध्य प्रदेश और झारखंड ने अपने-अपने पूल मैच जीते, जबकि हरियाणा और उत्तर प्रदेश के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। पहले डिवीजन 'ए' मैच में मध्य प्रदेश ने पंजाब को 4-0 से हराया। मध्यप्रदेश की काजल ने (13वें, 52वें) और स्नेहा पटेल ने (36वें, 45वें) ने दो-दो गोल किए। अगले मैच में हरियाणा ने उत्तर प्रदेश के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला जिसमें हरियाणा की कप्तान शशि खासा (पांचवें) मिनट और उत्तर प्रदेश की रश्मि पटेल ने (54वें) मिनट ने एक-एक गोल किया। तीसरे डिवीजन 'ए' मैच में झारखंड ने छत्तीसगढ़ को 7-1 से हराया।

## भारतीय एथलीट विश्व खेल 2025 के पांच खेलों की 23 पदक स्पर्धाओं में लेंगे हिस्सा

**चीन, वार्ता।** भारतीय एथलीटों की 17 सदस्यीय टीम आज से शुरु हो रहे विश्व खेल 2025 के 12वें संस्करण की पांच खेलों की 23 पदक स्पर्धाओं में हिस्सा लेगी। इस बार विश्व खेलों में 34 खेलों और 60 विधाओं में 253 पदक स्पर्धाएं होंगी।

पॉवरबोटिंग और चीयरलीडिंग को पहली बार इस प्रतियोगिता में शामिल किया गया है। भारत इनमें से कुल पांच खेलों तीरंदाजी, बिलियर्ड्स, रैकेटबॉल, रोलर स्पोर्ट्स या स्केटिंग और वुशु में 23 पदक स्पर्धाओं में हिस्सा लेगा। भारत के तीरंदाजी दल में अभिषेक वर्मा और परनीत कौर, स्पीडस्केटर वेल. कुमार आनंद कुमार और आर्यनपाल सिंह घुमन, तथा वुशु एथलीट नाओरेम रोशिबिना देवी, मधुरा धमनगांवकर शामिल हैं। भारत मिश्रित टीम कंपाउंड स्पर्धा में भी भाग लेगा, जो कि लॉस एंजेलिस ओलंपिक 2028 में भी शामिल होगी।

## सम्पादकीय

गुरुवार, 7 अगस्त 2025

# टैरिफ पर घमासान

आखिरकार टैरिफ को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की बरबार दी जा रही धमकी से भारत का अब धैर्य टूटता दिखाई दे रहा है। ट्रम्प लगातार भारत पर भारी-भरकम टैरिफ और जुर्माना लगाने की धमकी दे रहे हैं। ऐसा वह इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि भारत रूस के साथ बड़ा कारोबार कर रहा है। बड़े पैमाने पर उससे तेल और गैस खरीद रहा है।

सैन्य सामानों में भी वह अमेरिका के सामने रूस को तरजीह दे रहा है। जबकि रूस इन सब बातों से शक्ति पाकर यूक्रेन के लोगों को मार रहा है। भारत ने काफी हद तक धैर्य से काम लिया और ट्रम्प की किसी भी बात का सीधे जवाब नहीं दिया, लेकिन इसका मतलब यह नहीं था कि भारत जवाब नहीं दे सकता, बल्कि भारत चाहता है कि सारा मामला कूटनीति स्तर से निपटे, जोकि सबसे बेहतर तरीका भी है, लेकिन बात बनती न देख सीधे सोमवार को अमेरिका व ई-यू को सीधे निशाने पर ले लिया और कहा कि यह देश स्वयं बड़े पैमाने पर रूस से कारोबार कर रहे हैं और हमें नसीहत दे रहे हैं। भारत का कहना है कि अमेरिका अभी भी रूस से यूरेनियम, हैक्साफ्लोराइड, खाद्य और कैमिकल्स मंगा रहा है।

जहां तक ईयू की है, पिछले 2024 में करीब 85 बिलियन यूरो का व्यापार किया। असल में सारा झगड़ा इस बात पर है भारत के लिए अमेरिका सबसे बड़ा आयातक रहा है और दोनों देशों के बीच वित्त वर्ष 2024 में करीब 130 अरब डॉलर का कारोबार हुआ है। इसमें 87 अरब डॉलर का निर्यात भारत की तरफ से अमेरिका को होता है, तो वहीं अमेरिका को भारत की तरफ से 42 अरब डॉलर के उत्पादों का आयात करता है। इस तरह व्यापार घाटा करीब 46 अरब डॉलर का है जो भारत के पक्ष में जाता है। अमेरिका को यही व्यापार घाटा खल रहा है और वह चाहता है कि यह घाटा किसी भी कीमत पर कम किया जाए। इसी को कम करने के लिए अमेरिका बराबर टैरिफ की धमकी दे रहा है। डोनाल्ड ट्रम्प इस टैरिफ के जाल में इस तरह उलझ गए हैं कि उन्हें दोस्त दुश्मन में भी कोई अंतर नजर नहीं आ रहा है और वह अमेरिका के साथ अन्य देशों के संबंधों की परवाह नहीं कर रहे हैं। कई देशों से उनकी ठन सी गई दिखती है। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा तो उनसे इतने खफा हैं कि उन्होंने उनसे बात करने से ही मना कर दिया है। डोनाल्ड ट्रम्प ने ब्राजील पर 50 प्रतिशत का टैरिफ लगाया है।

हालांकि ट्रम्प उनसे बातचीत करने की पेशकश कर चुके हैं, लेकिन लूला बात करने के लिए तैयार नहीं हैं। उनका कहना है कि वह चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग, भारत के प्रधानमंत्री मोदी से बात करना ज्यादा पसंद करेंगे। रूस के साथ व्यापार को लेकर अमेरिका का नाम लेने पर अब डोनाल्ड ट्रम्प कह रहे हैं कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं, जांच कराएंगे। सभी अपने-अपने विकल्प तलाश करते दिखाई दे रहे हैं। भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ऐसे माहौल में इस समय रूस के मोस्को में मौजूद हैं। ऐसा भी कहा जा रहा है कि भारतीय विदेश मंत्री इस महीने के आखिर में रूस जा सकते हैं, जाहिर है भारत ने भी अपने पत्ते खोलना शुरू कर दिए हैं। अमेरिका ज्यादा हठधर्मी से काम लेगा तो भारत के लिए विकल्प खुले हैं।

### अडानी के खिलाफ जांच से मोदी चुप



अमेरिका में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चहेते उद्योगपति अडानी के खिलाफ जांच चल रही है, इसलिए श्री मोदी अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मिल रही धमकियों का जवाब नहीं दे पा रहे हैं, बल्कि श्री ट्रम्प की बार-बार की धमकियों पर श्री मोदी की चुप्पी अमेरिका, अडानी और रूस के बीच वित्तीय संबंधों का खुलासा भी करती है, यही वजह है कि ट्रम्प के सामने श्री मोदी खड़े नहीं हो पा रहे हैं, भारत, कृपया समझे, प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्रपति ट्रम्प की बार-बार की धमकियों के बावजूद, उनके सामने खड़े नहीं हो पा रहे हैं, मर्को मोदी, एए और रूसी तेल सौदों के बीच वित्तीय संबंधों को उजागर करती है। मोदी के हाथ बंधे हुए हैं।

-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा

# हमें सिर्फ कश्मीर चाहिए, कश्मीरी नहीं





पवन सिंह

देश के नागरिकों की रूचि इस हकीकत को जानने में होगी कि सत्तारूढ़ दल की नजरों में कश्मीर और कश्मीरियों की हैसियत क्या है ? क्या वही है जो दुनिया के सामने प्रदर्शित की जाती है या कुछ अलग है ? उस कश्मीर की जिस पर हकू को लेकर पाकिस्तान अगरजुबान भी खोलता है तो देशभक्तों का खून खौलने लगता है। भगवा तलवारें म्यानों से बाहर आने लगती हैं।

सवाल यह है कि हुक्मरानों और उनके समर्थकों की नजरों में क्या कश्मीर धरती पर बसा कोई स्वर्ग है? कोई सैरगाह है या केवलजमीन का टुकड़ा है और इसी के साथ यह कि उनकी नजरों में वहां बसने वाले कश्मीरियों की औकात क्या है? क्या उन्हें भी विशालभारत देश की आत्मा का ही हिस्सा माना जाता है या फिर उनकी मौजूदगी में किसी अदृश्य पाकिस्तान की हरदम तलाश चलती रहती है? यानी हमें कश्मीर की तो जरूरत है कश्मीरियों की नहीं?

कश्मीर और कश्मीरियों के दर्द को समझने के लिए हमें 29 जुलाई की रात लोकसभा में दिए गए सिर्फ छह मिनटों के एक भाषण कीआत्मा में प्रवेश करना पड़ेगा। ऑपरेशन सिंदूर पर हुई धुआंधार बहस का यह दूसरा दिन था। देर रात हो चुकी थी, सदन लगभगखाली-सा था फिर भी कुछ सांसद थे जिन्हें बोलना था और सुनना था।

यह भाषण नगर से चुने गए नेशनल कांफ्रेंस के बेहतरीन सांसद आगा रूहुल्ला मेहंदी ने दिया था। मेहंदी अपनी गैर-सांप्रदायिकराजनीति के लिए पूरी कश्मीर घाटी में एक खास पहचान रखते हैं। मेहंदी ने सिर्फ छह मिनटों में अपनी बात को इतने ताकतवर लहजे मेंरख दिया कि प्रधानमंत्री पौने दो घंटों में भी नहीं रख पाए होंगे।

मेहंदी के कहे को अगर सार में बताना हो तो उन्होंने कहा पहलगाम में जब खूनी दहशतगर्दी हुई तो उसके खिलाफ पूरी घाटी सड़कों परनिकल आई, दुकानें और रोजगार बंद हो गए। घाटी की जनता को पता है कि खून का बहना क्या होता है, कत्ल क्या होता है। कश्मीर के लोगों ने अपनी जिम्मेदारी पूरी निभाई।

सांसद मेहंदी ने आगे कहा कि अफसोस इस बात का है कि जब भी इस तरह की घटनाएं होतीं हैं पाकिस्तान के साथ जंग छिड़ने के पहले कश्मीर के अवाम के साथ जंग छेड़ दी जाती है। बाकीयों के साथ बाद में छेड़ी जाती है। पुलवामा (14 फरवरी 2019) के लोग जब आज भी नगर के लिए ट्रैवल करते हैं, हर पांच किलोमीटर पर उनकी गाड़ियों को रोका जाता है।

पहलगाम के वाकए के बाद भी ऐसा ही हुआ। बाकी के साथ जंग बाद में छेड़ी गई कश्मीर के अवाम के साथ पहले छेड़ दी गई। दो हजार से ज्यादा लोगों को किसी भी कानून का लिहाज किए बगैर घरों से उठाकर जेलों में बंद कर दिया गया। देश के अलग-अलग हिस्सों में सौ से ज्यादा कश्मीरियों को पीटा गया, सड़कों से हटाया गया और उनकी दुकानें बंद करवाई गईं। सिर्फ शक की बुनियाद पर कश्मीर में 12 घरों में यह मानकर ब्लास्ट कर दिया गया कि ये मुलजिमों के हो सकते हैं।

सत्ता पक्ष के सांसद अपना धैर्य खोने लगे थे, उनके सब्र का बांध टूटने लगा था। दो दिन से चल रही बहस के दौरान किसी ने भी ऐसे सवाल नहीं उठाए थे जो सांसद मेहंदी पूछ रहे थे। मेहंदी ने जब सत्ता पक्ष की ओर रुख करते हुए सवाल किया कि क्या कश्मीर आपके के लिए सिर्फ एक जमीन है? क्या मुल्क में कोई कानून है? सत्ता पक्ष की बेंचों की तरफ से किसी की आवाज सुनाई दी 'तो इसमें गलत क्या है?'

जवाब सुनकर सांसद मेहंदी बिफर पड़े। अब तक सदन में शोर बढ़ने लगा था और काफी गर्माहट पैदा हो चुकी थी। अपनी सीट पर वापस बैठने से पहले मेहंदी ने पलटवार करते हुए आखिरी बात कह दी तो यही है कश्मीर आपके लिए। यह है आपकी हकीकत? यही है आपकी जम्हूरियत?

यकीन किया जाना चाहिए कि सांसद मेहंदी के द्वारा कही गई एक-एक बात 29 जुलाई की कार्रवाई के रिकॉर्ड में दर्ज हुई होगी। मेहंदी जब पुलवामा का जिक्र कर रहे थे, मुझे रह-रहकर याद आ रहा था कि उस हादसे के दौरान किस तरह देश के अलग-अलग हिस्सों में कश्मीर से आकर अध्ययन करने वाले बच्चों और छोटे-बड़े व्यापारियों के साथ मारपीट की गई थी। उन्हें आतंकवादी बताया गया था। उन्हें अपने घरों को वापस लौटने की धमकियां दी गई थीं। सीआरपीएफ की हेल्पलाइन की मदद से उन्हें वापस भेजा गया था।

पुलवामा के कोई एक सप्ताह बाद (23 फरवरी 2019 को) राजस्थान के टोंक में हुई चुनावी सभा में पीएम ने कहा था हमारी लड़ाई आतंकवाद के खिलाफ है। कश्मीर और कश्मीरियों के खिलाफ नहीं है। देश के किसी भी कोने में कश्मीरी बच्चों के साथ बुरा व्यवहार नहीं होना चाहिए। वे अपने ही हैं। पीएम के कहे के बावजूद कश्मीरियों के खिलाफ तब हिंसा की घटनाएं बंद नहीं हुई थीं।

पहलगाम हादसे के बाद कश्मीरियों के खिलाफ घाटी-स्थित उनके घरों और देश के विभिन्न हिस्सों में हुई हिंसा की घटनाओं के खिलाफ पीएम ने न तो संसद के भीतर कुछ कहा और न ही बाहर किसी सभा में। सांसद आगा मेहंदी जब लोकसभा में बोल रहे थे मोदी उपस्थित नहीं थे। उन्हें बाद में तो पता चला ही होगा कि क्या कहा गया। क्या ऐसा मान लिया जाए कि सत्ता पक्ष की बेंचों ओर से किसी के द्वारा की गई टिप्पणी तो गलत क्या है? सरकार की भी मौन सहमति है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सवाल जांच एजेंसियों की विश्वसनीयता का

जाहिर है इस कथन के तहत जांच एजेंसियों की रिपोर्ट्स का अति सूक्ष्म अध्यन व गवाहों से भरसक जिरह करना अदालत का दायित्व है परन्तु हम जांच एजेंसियों की दोषसिद्धि दर की भी अनदेखी नहीं कर सकते। मिसाल के तौर पर जब विपक्षी नेताओं के विरुद्ध सीबीआई और ईडी की कार्रवाई करती है तो सजा की दर केवल एक प्रतिशत होती है। जैसा कि राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में बताया गया था। हो सकता है कि यह आंकड़ा विशेष रूप से राजनीतिक मामलों तक ही सीमित हो परन्तु इसका दूसरा अर्थ यह भी है कि क्या जांच एजेंसियों की कार्रवाइयां भी पूर्वाग्रह से प्रेरित तथा सत्ता के इशारे पर की जाती हैं? इसी तरह आतंकवाद से संबंधित मामलों में ठोस सबूत जुटाना मुश्किल होता है, क्योंकि कई बार गवाह डर के कारण सामने नहीं आते या सबूत अपर्याप्त होते हैं। तो भी आरोपियों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया। कई बार हमारे देश में लंबी व जटिल कानूनी प्रक्रिया के चलते ATS द्वारा गिरफ्तार किए गए संदिग्धों को निचली अदालतों में सजा मिलती है, लेकिन उच्च न्यायालयों या सर्वोच्च न्यायालय में अपील के बाद वे बरी हो जाते हैं।



निर्मल रानी

पिछले कुछ दिनों के भीतर विभिन्न न्यायालयों द्वारा कई बहुचर्चित व हाई प्रोफाइल मामलों से संबंधित कई ऐसे फैसले सुनाए गए, जिससे एक बार फिर जांच एजेंसियों की कारगुजारियों पर सवाल उठने लगे हैं। सवाल भी दो तरह के। एक तो यह कि यदि सम्बद्ध मामले में अदालत के अनुसार आरोपी बेगुनाह थे तो आखिर अपराध करने वाले कौन थे? दूसरे सामने लाने की जिम्मेदारी आखिर किस एजेंसी की है ? और दूसरा बड़ा सवाल यह कि लंबे समय तक जेल में रहने, कथित रूप से प्रताड़ना सहने, पूरे समाज में अपनी व अपने परिवार की बदनामी उठाने, इतने वर्षों तक अपने काम काज से मुक्त होकर जांच व जेल का सामना करने गोया आरोपियों का पूरा जीवन बर्बाद होने की भरपाई कैसे हो और कौन करेगा इसकी भरपाई ?

गत 21 जुलाई को बॉम्बे हाई कोर्ट की जस्टिस अनिल किलोर और जस्टिस श्याम चांडक की विशेष पीठ ने 2006 के मुंबई ट्रेन ब्लास्ट मामले से संबंधित मामले में 19 साल बाद, ऐतिहासिक फैसला सुनाया। इस फैसले में 12 में से 11 आरोपियों को सभी आरोपों से मुक्त कर दिया, जबकि कमाल अहमद अंसारी नाम के एक आरोपी की 2021 में कोरोना के चलते जेल में ही मृत्यु हो चुकी थी। गौरतलब है कि 11 जुलाई 2006 को मुंबई की लोकल ट्रेनों में केवल 11 मिनट के भीतर सात स्थानों पर सिलसिलेवार बम धमाके हुए थे। इन धमाकों में 189 बेगुनाह लोग मारे गए थे तथा 800 से अधिक घायल हुए थे। यह बम धमाका मुंबई की उन लोकल ट्रेन्स को लक्षित करके किया गया था, जिसमें रोजाना लाखों यात्री सफर करते हैं।

इसी तरह का दूसरा फैसला गत 31 जुलाई 2025 को मुंबई की विशेष राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए की अदालत ने सुनाया। यह मामला 29 सितम्बर 2008 को महाराष्ट्र के नासिक जिले के मालेगांव में हुए बम धमाके से संबंधित था। मालेगांव बम विस्फोट मामले में 17 साल बाद सुनाए गए इस फैसले में भी अदालत ने सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया। मुस्लिम बहुल इलाके में हुए इस मोटरसाइकिल बम विस्फोट में फरहीन उर्फ शगुफ्ता शेख लियाकत, शेख मुश्ताक यूसुफ, शेख रफीक मुस्तफा, इरफान जियाउल्लाह खान, सैयद अजहर सैयद निसार और हारून शाह मोहम्मद शाह जैसे 6 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 100 से अधिक लोग घायल हुए थे। 29 सितंबर 2008 को रमजान के पवित्र महीने और नवरात्रि से ठीक पहले, मालेगांव के भीकू चौक पर एक मोटरसाइकिल में बम विस्फोट कर इस घटना को अंजाम दिया गया था।

इस घटना के बाद देश में व्यापक विवाद व सांप्रदायिक तनाव पैदा हो गया था। यही वह घटना थी जिसमें प्रज्ञा सिंह ठाकुर, लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद कांत पुरोहित, रिटायर्ड मेजर रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, सुधाकर द्विवेदी, सुधाकर चतुर्वेदी और समीर कुलकर्णी जैसे लोगों पर गैर कानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम UAPA, भारतीय दंड संहिता IPC और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत आरोप लगाए गए थे। अभियोजन पक्ष ने यह दावा किया था कि जिस मोटरसाइकिल में विस्फोटक लगाकर उड़ाया गया था वह प्रज्ञा ठाकुर के नाम पर थी जबकि कर्नल पुरोहित ने विस्फोटक सामग्री यानी आरडीएक्स उपलब्ध कराई थी। उस समय एटीएस ने यह दावा भी किया था कि यह हमला दक्षिणपंथी संगठन अभिनव भारत की साजिश के तहत किया गया था।

इसी तरह एक और बहुचर्चित मामला दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री और आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र जैन से जुड़ा है। गत 4 अगस्त 2025 को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सत्येंद्र जैन के खिलाफ एक मामले में सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट स्वीकार कर ली। इस मामले में सत्येंद्र जैन पर लोक निर्माण विभाग में अनियमित नियुक्तियों का आरोप था परन्तु अदालत ने पिछले दिनों इसी मामले में अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि सीबीआई को लंबी जांच के बाद भी जैन के खिलाफ कोई आपराधिक सबूत नहीं मिले। अब आरोप लग रहा है कि ईडी ने जैन के विरुद्ध बिना ठोस सबूतों के कार्रवाई की, क्योंकि ED ने जैन के घर से नकद या सोना बरामद होने का जो दावा किया था अदालत ने उन दावों को ही झूठा माना और ईडी को फटकार भी लगाई। इन आरोपों में अपनी संलिप्तता से पूर्व दिल्ली सरकार में स्वास्थ्य, बिजली, गृह और पी डब्लू डी जैसे महत्वपूर्ण विभागों के मंत्री जैसे गरिमामई पद पर थे।

उदाहरणार्थ उपरोक्त तीनों मामलों का जिक्र यहां इसीलिए किया जा रहा है, क्योंकि यह मामले न केवल हाई प्रोफाइल थे बल्कि इन मामलों का गहरा सम्बन्ध देश की राजनीति से भी था। मीडिया में इन सभी मामलों ने भरपूर सुर्खियां बटोरी थीं और पक्षपाती मीडिया ने भी इन मामलों में अपने तरीके से मीडिया ट्रायल भी चलाया था। अन्यथा निश्चित रूप से ऐसे और भी फैसले आए दिन होते होंगे जिनमें वर्षों तक जेल भुगतने के बाद या जेल में मौत हो जाने के बाद आरोपियों को सुबूतों, साक्ष्यों व गवाहों के अभाव के चलते बरी कर दिया जाता हो। इन परिस्थितियों में कुछ महत्वपूर्ण सवाल उठने लाजिमी हैं। अदालतें यदि किसी भी आरोपी को साक्ष्यों व गवाहों के अभाव के कारण बरी करती हैं तो वह निश्चित रूप से स्वागत योग्य है, क्योंकि हमारे देश की न्याय व्यवस्था का यह कथन है कि भले ही सौ गुनहगार रिहा हो जाएं परन्तु किसी एक भी बेगुनाह को सजा नहीं होनी चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# रक्षाबंधन: नारी रक्षा का संकल्प, एक सामाजिक चेतना

भारत की सांस्कृतिक परंपराओं और त्योहारों की भूमि पर रक्षाबंधन एक ऐसा पर्व है जो केवल भाई-बहन के रिश्ते तक सीमित नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज में आत्मीयता, कर्तव्यबोध और नैतिक मूल्यों के पुनर्संवेदन का पर्व है। यह पर्व नारी अस्मिता, समानता, सुरक्षा और प्रेम की भावनाओं का प्रतिनिधित्व करता है। राखी का धागा जितना कोमल दिखता है, उतनी ही उसमें गहराई और दृढ़ता होती है, यह एक ऐसा लौकिक बंधन है, जो प्रेम, आदर्शों और जिम्मेदारियों से बंधा होता है।

रक्षाबंधन कोई साधारण पर्व नहीं, यह आदर्शों का हिमालय है, संकल्पों का सोपान है। यह पर्व सिर्फ भाई-बहन के प्रेम की रस्म नहीं, बल्कि पुरुष समाज द्वारा नारी को आश्वस्त करने, उसका मान-सम्मान बनाए रखने की शपथ का दिन है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि नारी केवल स्नेह की पात्र नहीं, वह शक्ति, श्रद्धा और समाज की दिशा तय करने वाली एक सशक्त प्रेरणा भी है। आज जब महिलाएं समाज के हर क्षेत्र में बुलंदियों को छू रही हैं, सेना से लेकर विज्ञान, शिक्षा से लेकर खेल तक तब रक्षाबंधन उन्हें केवल भावनात्मक सुरक्षा नहीं, सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक सम्मान दिलाने का भी माध्यम बनता है।

रक्षाबंधन की महत्ता को समझने के लिए उसके ऐतिहासिक संदर्भों को जानना आवश्यक है। भविष्य पुराण में उल्लेखित कथा के अनुसार जब देव-दानव युद्ध में दानव भारी पड़ने लगे, तब इंद्राणी ने अपने पति इन्द्र की रक्षा हेतु रेशम का धागा मंत्रों के साथ उनके हाथ पर बांधा, जिससे इंद्र विजई हुए। मुगल काल में रानी कर्मवती ने जब चित्तौड़ पर संकट देखा, तो बादशाह हुमायूं को राखी भेजकर रक्षा की याचना की। हुमायूं ने धर्म, संप्रदाय और सत्ता से ऊपर उठकर उस धागे की लाज रखी और चित्तौड़ की रक्षा में अपनी ताकत झोंक दी।

महाभारत में जब भगवान कृष्ण की उंगली से रक्त बहा, द्रौपदी ने अपनी साड़ी का पल्लू फाड़कर पट्टी बांध दी। कृष्ण ने उस प्रेम को जीवन भर निभाया और चीरहरण के समय द्रोपदी की रक्षा की। यह केवल ऋण चुकता नहीं था, यह आदर्शों की प्रतिज्ञा थी। इसी तरह सिकंदर और पुरु की कथा इस बात को दर्शाती है कि राखी का एक धागा युद्ध भूमि में भी जीवनदान का कारण बन सकता है। यह प्रसंग हमें बताते हैं कि राखी केवल प्रेम का प्रतीक नहीं, बल्कि रक्षा, आदर्श और सम्मान की जीवंत प्रतिमा है।

रक्षाबंधन आज सिर्फ पारंपरिक पर्व नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक आंदोलन जैसा है, लेकिन दुख इस बात का है कि इस पर्व की आत्मा धीरे-धीरे खोती जा रही है। आज बहनों के लिए यह पर्व सजने-संवरने और उपहार पाने का माध्यम बनता जा रहा है, जबकि भाइयों के लिए यह केवल एक औपचारिकता बनकर रह गया है। राखी के धागों में जो पवित्रता, भावनाओं की जो गहराई, अब कम होती जा रही है। यह पर्व अब बाजारवाद और दिखावे के जाल में उलझता नजर आ रहा है। इस बदलती सोच को थामना और मूल भावनाओं को पुनः प्रतिष्ठित करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस पर्व का मूल उद्देश्य नारी के प्रति श्रद्धा, सुरक्षा और कर्तव्य का निर्वहन है न कि केवल उपहार और दिखावे का आदान-प्रदान। भाइयों को चाहिए कि वे बहन की रक्षा की शपथ केवल शब्दों में नहीं, जीवन के प्रत्येक व्यवहार में निभाएं। बहनें भी राखी को केवल संबंध या औपचारिकता न समझें, बल्कि इस पर्व को नारी स्वाभिमान और सामाजिक बदलाव के एक माध्यम के रूप में लें। आज जब समाज में महिलाओं के साथ अपराध बढ़ रहे हैं, जब बच्चियों से लेकर वृद्धाओं तक को भय और असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है, तब रक्षाबंधन एक ऐसा अवसर है जब हम केवल बहन नहीं, संपूर्ण नारी समाज की रक्षा का संकल्प लें।



एक ऐसा संकल्प जो केवल राखी तक सीमित न हो, बल्कि जीवन भर के आचरण में झलके। यह पर्व हमें यह संदेश देता है कि नारी केवल रक्षिता ही नहीं, सम्मान की अधिकारिणी है। रक्षाबंधन भारत के विभिन्न अंचलों में अलग-अलग नामों से मनाया जाता है। उत्तर भारत में यह भाई-बहन के रिश्ते का पर्व है, वहीं महाराष्ट्र में नारली पूर्णिमा के रूप में समुद्र देवता को नारियल अर्पण कर मछुआरे समुद्र से अपने रिश्ते की रक्षा की प्रार्थना करते हैं। दक्षिण भारत में 'अवनी अविट्टम' के रूप में यह ब्राह्मणों का यज्ञोपवीत संकल्प का पर्व है। वहीं स्कन्द पुराण और मद्भागवत में उल्लिखित वामन अवतार की कथा में रक्षाबंधन को 'बलेव' के रूप में जाना जाता है, जब भगवान विष्णु ने तीन पग भूमि मांगकर राजा बलि का अभिमान तोड़ा था। इन सब कथाओं में एक ही संदेश है-अहंकार के स्थान पर समर्पण, दंभ के स्थान पर रक्षा और स्वार्थ के स्थान पर सेवा। आज रक्षाबंधन जैसे भावनात्मक और सांस्कृतिक पर्व भी कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं संचार-क्रांति की आंधी में अपनी मूल आत्मा और संवेदना खोते जा रहे हैं। उपहारों की होड़, ब्रांडेड राखियों का प्रदर्शन, सोशल मीडिया पर दिखावे की होड़ ने इस पर्व को एक उपभोक्तावादी उत्सव में बदल दिया है। जहां पहले राखी एक भावनात्मक संबंध का प्रतीक थी, वहीं आज यह अधि. कतर लेन-देन और औपचारिकता का माध्यम बनती जा रही है। इस प्रवृत्ति से पर्व की आत्मा, जिसमें बहन के प्रेम और भाई की जिम्मेदारी का गहन बोध निहित था, वह पीछे छूटता जा रहा है। इसलिए, आवश्यक है कि हम रक्षाबंधन की प्रासंगिकता को केवल उपहारों और खर्च की दृष्टि से नहीं, बल्कि नारी सम्मान, आत्मीय रिश्तों और सामाजिक जिम्मेदारियों के दृष्टिकोण से समझें और मनाएं।

राखी का पर्व हमें मानवीय रिश्तों की फिर से व्याख्या करने का अवसर देता है। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि हर स्त्री हमारी बहन है, समाज की, संस्कृति की, मानवता की। उसकी रक्षा केवल सामा. जिक कर्तव्य नहीं, बल्कि मानवीय धर्म है। जब हर पुरुष स्त्री के प्रति अपने कर्तव्य को राखी की तरह पवित्र समझेगा, जब हर बहन अपने भाई में केवल उपहार देने वाला नहीं, बल्कि एक मूल्य-धारी रक्षक देखेगी, तब रक्षाबंधन केवल एक पर्व नहीं, एक क्रांति का आरंभ बनेगा। रक्षाबंधन कोई मंच या मंचन नहीं है। यह प्रदर्शन का नहीं, आत्मचिंतन का पर्व है। हमें इस पर्व को बाजारवाद और औपचारिकता से निकालकर पुनः उसकी असली पहचान देना होगा। यह प्रेम और कर्तव्य के बीच की एक खूबसूरत कड़ी है। इस बार राखी के धागों को केवल कलाई तक न सीमित रखें, इन्हें हृदय से बांधें, ताकि यह पर्व भाई-बहन के रिश्ते से आगे बढ़कर पूरे समाज में एक सशक्त और सुरक्षित वातावरण का निर्माण कर सके। तभी राखी के यह धागे सच्चे अर्थों में आदर्श बनेंगे और संकल्पों का सोपान।

-ललित गर्ग

# रूस से अमेरिकी खरीद पर ट्रम्प अंजान

## पत्रकार के सवाल का अमेरिकी राष्ट्रपति ने कोई जवाब नहीं दिया



**वाशिंगटन।/नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प नहीं जानते हैं कि अमेरिका रूस से क्या खरीद रहा है। रूस से अमेरिका के केमिकल और खाद आयात करने के सवाल पर ट्रम्प ने कहा कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं हैं। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में पत्राकारों के सवाल पर कहा कि मुझे इसके बारे में कुछ नहीं पता।

हमें इसकी जांच करनी होगी। यह बयान तब आया जब भारत ने सोमवार को कहा था कि अमेरिका अब भी रूस से यूरेनियम हेक्साफ्लोराइड, खाद और केमिकल्स मंगा रहा है। ट्रम्प ने इससे एक दिन पहले भी उन्होंने कहा था कि भारत रूस से सस्ता तेल खरीद कर ओपन मार्केट में बेच रहा है। भारत को इस बात की कोई परवाह नहीं है कि रूस के हमले से यूक्रेन में कितने लोग मारे जा रहे हैं। इस वजह मैं भारत पर टैरिफ में भारी इजाफा करूंगा। यूक्रेन युद्ध से पहले भारत रूस से सिर्फ 0.2 प्रतिशत (68 हजार बैरल प्रतिदिन) तेल इंपोर्ट करता था। मई 2023 तक यह बढ़कर 45 प्रतिशत (20 लाख बैरल प्रतिदिन) हो गया, जबकि 2025 में जनवरी से जुलाई तक भारत हर दिन रूस से 17.8 लाख बैरल तेल खरीद रहा है। पिछले दो साल से भारत हर साल 130 अरब डॉलर (11.33 लाख करोड़ रुपये) से ज्यादा का रूसी तेल खरीद रहा है।

> ■ भारत ने कहा था: रूस से यूरेनियम-खाद ले रहा यूएस-निक्की हेली बोलीं: भारत से रिश्ते खराब न करें
> ■ भारतीय एनएसए डोभाल मास्को पहुंचे, भारत रूसी तेल का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार

भारतीय-अमेरिकी रिपब्लिकन नेता निक्की हेली ने ट्रम्प पर निशाना साधते हुए कहा है कि अमेरिका को भारत जैसे मजबूत सहयोगी के साथ रिश्ते खराब नहीं करने चाहिए और चीन को छूट नहीं देनी चाहिए। साउथ कैरोलीना की पूर्व गवर्नर हेली ने एक्स पर लिखा कि भारत को रूस से तेल खरीदने से रोका जा रहा है, लेकिन चीन, जो विरोधी है और रूसी-ईरानी तेल का नंबर एक खरीदार है, उसे 90 दिन के लिए टैरिफ से छूट दी गई है। चीन को छूट न दें। भारत जैसे मजबूत सहयोगी के साथ संबंध खराब न कीजिए। निक्की हेली ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी की नेता हैं। वे संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजनयिक भी रह चुकी हैं। निक्की हेली ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी की नेता हैं।

वे संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजनयिक भी रह चुकी हैं। भारत और अमेरिका के बीच रूस से तेल खरीद को लेकर बढ़ते तनाव के बीच राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल रूस की राजधानी मास्को पहुंचे हैं। हालांकि, उनका यह दौरा पहले से तय था। डोभाल के दौरे का मकसद भारत-रूस संबंधों को और मजबूत करना है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस महीने के आखिर तक विदेश मंत्री एस जयशंकर भी मास्को जा सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारत का रूसी तेल खरीदना दोनों देशों के लिए फायदेमंद रहा है। यूक्रेन युद्ध से पहले रूस अपना क्रूड आयल यूरोपीय यूनियन की तरफ से तय 60 डॉलर प्रति बैरल की कीमत पर बेचता था, लेकिन वार के बाद से भारत इसे छूट पर खरीदता है।

# भारत को लेकर ट्रम्प का दोगलापन

**नई दिल्ली।** रूस से कारोबार को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प लगातार भारत पर भारी-भरकम टैरिफ और जुर्माना लगाने की धमकी दे रहे हैं।

भारत ने बीते कुछ महीनों से लगातार अपनी स्वतंत्र विदेश नीति का हवाला देते हुए रूस से तेल और हथियारों की खरीद को लेकर किसी भी दबाव में न झुकने की बात कही है। हालांकि, ट्रम्प की तरफ से लगातार तीखी होती टिप्पणियों के बाद भारत ने पहली बार पलटवार किया और भारत को निशाना बनाए जाने को अन्यापूर्ण और अनुचित करार दे दिया। नई दिल्ली ने कहा कि अमेरिका और यूरोपीय संघ रूस-यूक्रेन संघर्ष जारी रहने के बावजूद रूस से अलग-अलग उत्पाद खरीद रहे हैं। भारत ने अमेरिका पर परमाणु कार्यक्रम के लिए उत्पाद खरीदने और ईयू पर ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए रूस से लगातार कारोबार जारी रखने की बात कही। साथ ही तेल खरीद के लिए भारत को

### रूस-यूक्रेन संघर्ष के बाद यूएस-यूरोप का मास्को से कितना कारोबार, आंकड़े खोल रहे पोल

बेवजह निशाना बनाए जाने की आलोचना की। भारत की तरफ से अमेरिका और ईयू को इस तरह तथ्यों के साथ जवाब देने की मुख्यत: दो वजहें हैं। पहला: ट्रम्प ने हाल ही में रूस से तेल खरीदने के लिए भारत पर टैरिफ के साथ-साथ जुर्माना लगाने की धमकी दी है। उन्होंने एक न्यूज चैनल के साथ इंटरव्यू में कहा कि भारत पर बढ़े हुए टैरिफ का एलान अगले 24 घंटे में हो सकता है। दूसरी तरफ यूरोपीय संघ ने जुलाई के अंतिम हफ्ते में भारत की बड़ी तेल रिफाइनिंग कंपनी नायरा पर प्रतिबंध लगाने का एलान किया था। इतना ही नहीं ईयू ने भारत से रिफाइन होकर आने वाले रूसी तेल के आयात को भी प्रतिबंधित कर दिया था। ईयू के इस फैसले के बाद अमेरिकी कंपनी माइक्रोसाफ्ट ने नायरा एनर्जी के अकाउंट्स को बंद कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### कैलिफ़ोर्निया में जंगल में लगी आग से सैकड़ों इमारतें खतरे में

**लॉस एंजिल्स।** मध्य कैलिफ़ोर्निया में तेज़ी से फैल रही एक जंगल की आग से सैकड़ों इमारतों के लिए खतरा उत्पन्न हो गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आग ने पांच दिनों से भी कम समय में 82000 एकड़ (लगभग 332 वर्ग किमी) से जयादा क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया है। अमेरिकी वन सेवा और कैलिफ़ोर्निया वानिकी एवं अग्नि सुरक्षा विभाग के अनुसार, गिफ़र्ड फ़ायर नामक यह जंगल की आग शुक्रवार अपराह्न भड़की थी।

### चीन के गुआंगझो में भूस्खलन में सात लोग लापता

**गुआंगझो।** दक्षिणी चीन के गुआंगझो प्रांत की राजधानी गुआंगझो में बुधवार सुबह बारिश के बाद हुए भूस्खलन में सात लोग लापता हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सुबह साढ़े आठ बजे हुए इस भूस्खलन में बेयून जिले के दायुआन गांव में कई मकान ध्वस्त हो गए और कुल 14 लोग वहां फंस गए। दोपहर तक सात लोगों को मलबे से बाहर निकाल लिया गया और इन सभी की हालत स्थिर बताई जा रही है। इस हादसे के बाद आस-पास के सभी घर खाली करा लिए गए हैं। अन्य लापता लोगों की तलाश जारी है।

### श्रीलंकाई नौसेना ने 14 मछुआरों को गिरफ्तार किया

**चेन्नई।** श्रीलंका की नौसेना ने बुधवार को तमिलनाडु के 14 मछुआरों को उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वे समुद्र में मछली पकड़ रहे थे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि रामनाथपुरम जिले के ये मछुआरे कल रात मछली पकड़ने के लिए समुद्र में गए थे तभी श्रीलंकाई नौसेना के जवानों ने उन्हें अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा पार करने के बाद अपने जलक्षेत्र में मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। मछुआरे कच्चातीवु द्वीप के पास दो नावों (एक नाव में दस और दूसरी में चार) में मछली पकड़ रहे थे, तभी उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और उनकी नावों को श्रीलंकाई नौसेना ने जब्त कर लिया।

### मछलियों के जीवन चक्र में आ रहा है बदलाव: विशेषज्ञ

**कोच्चि।** वैज्ञानिकों का मानना है कि जलवायु परिवर्तन से मछलियों के जीवन चक्र में बदलाव हो रहा है जिससे मछलियों की प्रजनन दर प्रभावित हो रही है। केन्द्रीय समुद्रीय मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थ्थान के निदेशक के निदेशक डॉ. ग्रिसन जॉर्ज ने यह चौंकाने वाली जानकारी यहां आयोजित एक राष्ट्रीय संगोष्ठी में दी।

# गाजा में इजरायली हमलों में 83 फलस्तीनी मारे गए

## मृतकों में उत्तरी, मध्य और दक्षिणी गाजा में सहायता के लिए प्रतिक्षा कर रहे 58 लोग शामिल

**गाजा/बेरूत।** गाजा में मंगलवार को इजरायली हमले में कम से कम 83 फलस्तीनी मारे गए। गाजा नागरिक सुरक्षा के प्रवक्ता महमूद बसल ने चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ से कहा कि मृतकों में उत्तरी, मध्य और दक्षिणी गाजा में सहायता के लिए प्रतीक्षा कर रहे 58 लोग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इज़रायली हमलों में कई लोग घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए गाजा के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

इन घटनाओं पर इज़रायली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है। इस बीच, हमास की सशस्त्र शाखा, अल-क़स्साम ब्रिगेड ने एक बयान में कहा कि उसने अल-कुद्स ब्रिगेड और नासिर ब्रिगेड के साथ मिलकर गाजा पट्टी के दक्षिण में खान यूनिस के उत्तर में इज़रायली सैनिकों और वाहनों को मोर्टार के गोले दागे हैं। गाजा स्थित स्वास्थ्य अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि 18 मार्च को इज़रायल द्वारा गाजा में तीव्र हमलों को फिर से शुरू करने के बाद से कम से कम 9519 फलस्तीनी मारे गए हैं और 38630 अन्य घायल हुए हैं। इसके बाद अक्टूबर 2023 से गाजा में इजरायल की ओर से शुरू किये गए अभियान में मरने वालों फलस्तनीनियों की कुल संख्या 61020 हो गई है और 150671 लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि पिछले 24 घंटों में भुखमरी और कुपोषण के कारण आठ नई मौतें दर्ज की गईं, जिससे अक्टूबर 2023 से इस तरह की कुल मौतों की संख्या 188 हो गई, जिनमें 94 बच्चे शामिल हैं। दूसरी ओर पूर्वी लेबनान के ब्रिटल गांव में मंगलवार को एक वाहन पर इजरायली ड्रोन हमले में हिजबुल्ला का एक सदस्य मारा गया। लेबनानी सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि मृतक हुसम घरायब हिजबुल्ला का सैन्य कार्यकर्ता था। एक अलग घटनाक्रम में, स्थानीय टीवी चैनल अल-जदीद ने बताया कि लेबनानी कैबिनेट ने मंगलवार को सेना को हिजबुल्लाह को हथियारविहीन करने के लिए एक योजना का मसौदा तैयार करने का काम सौंपा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इस वर्ष के अंत तक सभी हथियार सरकार के पूर्ण नियंत्रण में हों। सेना को यह योजना इस माह के अंत तक कैबिनेट को सौंपने के लिए कहा गया है।

> ■ पूर्वी लेबनान के ब्रिटल गांव में वाहन पर इजरायली ड्रोन हमले में हिजबुल्ला का सदस्य मारा गया

## अमेरिका के एरिजोना में विमान दुर्घटना में चार लोगों की मौत

**एरिजोना।** अमेरिका में एरिज़ोना प्रांत के नवाजो नेशन में बुधवार को एक विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से चार लोगों की मौत हो गई। नवाजो नेशन पुलिस ने फेसबुक पर बताया कि दुर्घटना के समय यह छोटा विमान पास के एक अस्पताल से एक मरीज को लेने जा रहा था। पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना अपराह्न करीब 12:40 बजे एरिज़ोना के चिनले के पास हुई। सीएनएन न्यूज चैनल ने अपनी रिपोर्ट में नवाजो पुलिस के हवाले से बताया कि हम पीड़ितों के परिवार और प्रियजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। संघीय उड्डयन प्रशासन के अनुसार राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने बताया कि विमान बीचक्राफ्ट 300 था, जो नवाजो नेशन के चिनले म्यूनिसिपल हवाई अड्डे पर उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। एनटीएसबी की प्रवक्ता सारा टेलर सुलिक ने सीएनएन को बताया कि एनटीएसबी के जांचकर्ता घटनास्थल के लिए रवाना हो चुके हैं।



नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र के दौरान (SIR) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते विपक्षी सांसद प्रियंका गांधी, संजय राउत, सुप्रिया सुले और काकोली घोष व अन्य।

## कंबोडियाई अधिकारियों की हत्या की योजना के आरोपों का खंडन

**बैंकॉक।** थाईलैंड के विदेश मंत्रालय ने उन रिपोर्टों का कड़ा खंडन किया है जिनमें कहा गया है कि उनका देश कथित तौर पर कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेत और सीनेट के अध्यक्ष हुन सेन की हत्या की योजना बना रहा है।

थाई विदेश मंत्रालय ने कहा कि कंबोडिया ने विदेशी खुफिया सूत्रों का हवाला देते हुए यह निराधार आरोप लगाया है कि थाईलैंड, हुन सेन और हुन मानेत की हत्या की साजिश रच रहा है लेकिन थाईलैंड सरकार इस निराधार आरोप का स्पष्ट रूप से खंडन करती है। उल्लेखनीय है कि थाईलैंड और कंबोडिया के बीच 24 जुलाई को सीमा को लेकर एक सशस्त्र टकराव में बदल गया था। सीमा क्षेत्र में झड़पों के बाद, दोनों पक्षों ने भारी गोलाबारी की और इसमें कई लोग हताहत भी हुए। इसके बाद गत सप्ताह कुआलालंपुर में मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम की मध्यस्थता में थाईलैंड और कंबोडिया के बीच हुई बैठक हुई और तत्काल युद्धविराम समझौते की घोषणा की गई।

# पीएम मोदी गलवान झड़प के बाद पहली बार जाएंगे चीन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एससीओ समिट में शामिल होने के लिए चीन जाएंगे। यह दौरा 31 अगस्त और 1 सितंबर को होगा। यह 2020 में गलवान घाटी में भारत-चीन सैन्य झड़प के बाद मोदी की पहली चीन यात्रा होगी।

मोदी इससे पहले 2018 में वहां गए थे। प्रधानमंत्री के तौर पर पीएम मोदी का यह छठा चीन दौरा होगा, जो 70 सालों में किसी भी भारतीय पीएम की सबसे ज्यादा चीन यात्रा है। चीन से पहले पीएम मोदी 30 अगस्त को जापान पहुंचेंगे। यहां वो भारत-जापान शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। पिछले महीने विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने चीन का दौरा किया था, जहां उन्होंने राष्ट्रपति शी जिनपिंग और विदेश मंत्री वांग ई से मुलाकात की। जयशंकर ने जल संसाधन डेटा शेयर करने, व्यापार प्रतिबंधों, एलएसी पर तनाव कम करने और आतंकवाद और उग्रवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने जैसे मुद्दों पर बात की थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस मुलाकात ने मोदी की चीन यात्रा का रोडमैप तैयार किया था। एस जयशंकर ने पिछले महीने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात कर उन्हें भारत-चीन के रिश्तों में हुई प्रगति के बारे में बताया था। मोदी और जिनपिंग ने आखिरी बार अक्टूबर 2024 में रूस के कजान में ब्रिक्स समिट के दौरान मुलाकात की थी।

> ■ एससीओ समिट में शामिल होंगे मोदी, 11 साल में पांच बार चीन जा चुके हैं भारत के प्रधानमंत्री

# पाक के सिंधु डेल्टा में पानी 40% घटा

## ऊपरी इलाकों में नहरों और बांधों में रोका, समुद्र का पानी भरने से जमीन हुई खारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सबसे बड़ी नदी सिंधु के डेल्टा में जिंदगी खत्म होने की कगार पर है। सिंधु का पानी ऊपर के इलाकों में नहरों और बांधों में रोक लिया गया है।

इसकी वजह से सिंध प्रांत और डेल्टा क्षेत्र में पानी पहुंचना लगभग बंद हो गया है। 1950 के दशक से अब तक सिंधु डेल्टा में बहने वाले पानी में 80 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। दूसरी तरफ इसमें अरब सागर का खारा पानी घुस आया है। इससे यहां की जमीन खारी हो चुकी है। खेती बंद हो गई है। मछलियों की आबादी घटी है और झींगा-केकड़ों का जीवन संकट में है। डेल्टा में कभी 17 छोटी नदियां, दलदली जमीन, मैंग्रोव जंगल और मछलियों से भरे



कीचड़ भरे मैदान थे। आज वह मिट्टी नमकीन, पानी जहरीला और जमीन रहने लायक नहीं बची। सिंध सरकार के मुताबिक, यहां 80 प्रतिशत पानी पीने लायक नहीं बचा। समुद्र का खारा पानी अब जमीन के अंदर तक घुस आया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक 1960 के दशक से अब तक मैंग्रोव का 86 प्रतिशत हिस्सा खत्म हो गया है। इससे मछलियों की आबादी में 80 प्रतिशत की गिरावट आई है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले दो दशकों में अब तक 12 लाख से अधिक लोग डेल्टा छोड़कर कराची जैसे शहरों की ओर पलायन कर चुके हैं। पाकिस्तान फिशरफोक फोरम का कहना है कि तटीय इलाकों से हजारों मछुआरे परिवार विस्थापित हो चुके हैं। 54 साल के हबीबुल्लाह खट्टी ने अपना अब्दुल्ला मीरबहार गांव को छोड़ने दिया है। गांव छोड़ने से पहले उन्होंने अपनी मां की कब्र पर आखिरी सलाम किया। वो बताते हैं, कभी 40 गांवों वाले खारो चान इलाके में अब ज्यादातर गांव समंदर निगल चुका है।

# टैरिफ विवाद, ट्रम्प बोले: ब्राजील राष्ट्रपति जब चाहें, बात करें

**ब्रासीलिया।** ब्राजीली राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा ने राजधानी ब्रासीलिया में एक कार्यक्रम के दौरान ट्रम्प से बात.चीत से इन्कार कर दिया।

ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बातचीत के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। ट्रम्प ने कहा था कि लूला जब चाहें, मुझसे बात कर सकते हैं। लूला ने इस प्रस्ताव को ठुकराते हुए कहा कि मैं टैरिफ पर बात करने के लिए ट्रम्प को कॉल नहीं करूंगा। इसके बदले पीएम नरेंद्र मोदी और शी जिनपिंग जैसे नेताओं से बातचीत करना चाहूंगा। अमेरिका ने ब्राजील पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा रखा है। ब्राजील इससे निपटने के लिए विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में जाने पर विचार कर रहा है।

लूला ने यह भी कहा कि भले ही ट्रम्प से उनकी बातचीत न हो, लेकिन वे नवम्बर में होने वाले डब्ल्यूटीओ-30 क्लाइमेट समिट में ट्रम्प को न्योता जरूर भेजेंगे। अमेरिका ने हाल ही में ब्राजील पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। ट्रम्प प्रशासन के मुताबिक यह टैरिफ पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के चलते लगाया गया है।

> ■ लूला दा सिल्वा का दो टूक जवाब-उनसे नहीं मोदी और जिनपिंग से चर्चा करना चाहूंगा

# नेतन्याहू ने पूरा गाजा कब्जाने का बनाया मन, आर्मी चीफ बोले: यह गलती मत कर देना

**तेल अवीव।** गाजा युद्ध शुरू होने के करीब दो साल बाद इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने अब पूरे गाजा पर कब्जा करने की योजना (बिग गाजा प्लान) पर काम शुरू कर दिया है। लेकिन, नेतन्याहू के इस बिग गाजा प्लान पर इजरायली सेना सहमत नहीं है। इजरायली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) के चीफ आफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल एयाल जमीर ने योजना पर आपत्ति जताई है।

इससे इजरायली राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व के बीच तनाव और अधिक बढ़ गया है। जमीर ने चेतावनी दी है कि गाजा पर कब्जे की कोशिश से वहां बंधक 20 इजरायली नागरिकों की जान को गंभीर खतरा हो सकता है। जमीर के मुताबिक इससे इजरायल गाजा में एक थकाऊ युद्ध में उलझ जाएगा।



जमीर के मुताबिक इससे इजरायल गाजा में एक थकाऊ युद्ध में उलझ जाएगा

फिलहाल गाजा के करीब 75 प्रतिशत हिस्से पर इजरायली सेना का नियंत्रण है। अब नेतन्याहू संपूर्ण गाजा पर कब्जा चाहते हैं। नेतन्याहू सरकार के कट्टरपंथी मंत्री गाजा पर सैन्य शासन लागू कर फिर से यहूदियों की बस्तियों की स्थापना करने की मांग कर रहे हैं। नेतन्याहू के करीबी सहयोगियों ने बिग गाजा प्लान के खिलाफ जाने पर आर्मी चीफ जमीर का इस्तीफा मांगा है। उनके एक करीबी अधिकारी ने एक इजरायली वेबसाइट से कहा कि अब फैसला हो चुका है, हम गाजा पर पूर्ण कब्जे की ओर बढ़ रहे हैं। अगर चीफ आफ स्टाफ जमीर को यह मंजूर नहीं है, तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। गाजा युद्ध के दौरान इजरायली अधिकारियों ने पीएम नेतन्याहू के फैसलों पर सवाल उठाए हैं। आंतरिक खुफिया एजेंसी शिन बेट प्रमुख रानन बार को हटाने की नेतन्याहू की योजना कोर्ट ने रोक दी थी। आईडीएफ चीफ हर्शी हलेवी ने मार्च 2025 में इस्तीफा दे दिया था। नवम्बर 2024 में तत्कालीन रक्षा मंत्री गैलेंट को नेतन्याहू ने 'विश्वास संकट' का हवाला देकर हटा दिया था।

## संरा ने गाजा में इजरायली सैन्य अभियानों के विस्तार को लेकर दी चेतावनी

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र गाजा पट्टी के माध्यम से इजराईली सैन्य अभियानों के संभावित विस्तार के खिलाफ चेतावनी दी है। यूरोप पश्चिम एशिया और अमेरिका के लिए संयुक्त राष्ट्र के सहायक महासचिव मिरोस्लाव जेंका ने मंगलवार को कहा कि इज़रायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा पूरे गाजा पट्टी में इज़रायली सैन्य अभियानों का विस्तार करने के संभावित निर्णय से संबंधित नवीनतम रिपोर्टें यदि सच हैं, तो बेहद चिंताजनक हैं। उन्होंने सुरक्षा परिषद को बताया कि इससे लाखों फलस्तीनियों के लिए विनाशकारी परिणाम सामने आएंगे और गाजा में शेष (इजरायली) बंधकों के जीवन को और भी खतरा हो सकता है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में अंतर्राष्ट्रीय कानून स्पष्ट है। गाजा फलस्तीनी राज्य का एक अभिन्न अंग है और उसे बना रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि जैसा कि अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय ने जुलाई 2024 में कहा था कि इज़रायल का दायित्व है कि वह सभी नई बस्तियां बसाने की गतिविधियों को तुरंत बंद करे।

